आज का मौसम 19.0° अधिकतम तापमान 09.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 06.52 सूर्यास्त 05.21

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 09:11 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

रविवार, 21 दिसंबर 2025, वर्ष 35, अंक 322, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



■ सीएसआर में पर्यावरणीय जिम्मेदारी का समावेश अनिवार्य : उच्चतम न्यायालय - 12



■ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया बोले- 2027 तक तीसरी अर्थव्यवस्था होगा भारत - 12



■ वैश्विक व्यवस्था में आया बदलाव अब कोई भी मर्जी नहीं थोप सकता - 13



■ अंडर-19 एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ दबदबा कायम रखने उतरेगा भारत- 14

# कांग्रेस ने घुसपैठियों को छूट दी, टीएमसी पहचान छिपाने को एसआईआर का विरोध कर रही : मोदी


## प. बंगाल के नादिया की रैली में टीएमसी पर बरसे प्रधानमंत्री, गुवाहाटी में हवाई अड्डे के टर्मिनल का किया उद्घाटन

- कहा- बंगाल में महाजंगलराज खत्म होगा, भाजपा का विरोध कर जनता को कष्ट दे रही टीएमसी
- खराब मौसम से हेलीकॉप्टर नहीं कर पाया लैंड, नादिया रैली को मोबाइल से किया संबोधित

कोलकाता/गुवाहाटी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में टीएमसी पर जमकर हमला बोला और राज्य की मौजूदा स्थिति को महाजंगलराज करार देते हुए आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण राज्य के विकास में बाधा बन चुके हैं। कहा कि कांग्रेस ने घुसपैठियों को छूट दी और टीएमसी घुसपैठियों की पहचान छिपाने को एसआईआर का विरोध कर रही है। कोलकाता से फोन के जरिये नदिया जिले के ताहिरपुर में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने लोगों से अपील की कि 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक मौका देकर डबल इंजन की सरकार बनाएं।

बंगाल में रैली स्थल पर घने कोहरे के कारण प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर वहां बने अस्थायी हेलीपैड पर नहीं उतर सका, जिसके बाद उन्हें कोलकाता हवाई अड्डे वापस लौटना पड़ा। मोदी ने परिवर्तन संकल्प सभा में कहा, तृणमूल कांग्रेस चाहे जितना विरोध करे, लेकिन वह लोगों को बंधक नहीं बना सकती, उन्हें कष्ट नहीं दे सकती और बंगाल के विकास को नहीं रोक सकती। प्रधानमंत्री ने प. बंगाल में कट मनी और कमीशन की प्रथा का बोलबाला होने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में विकास थम गया है, जबकि क्षेत्र के लिए अच्छी नीयत, योजनाओं और धन की कोई कमी नहीं है। मोदी ने अगले साल के विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी का चुनावी बिगुल बजाते हुए कहा, मैं बंगाल के विकास के लिए अपनी पूरी ताकत लगाना चाहता हूं। एक मौका देकर डबल इंजन सरकार बनाएं। वहीं, गुवाहाटी में हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का उद्घाटन करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर उसके शासनकाल के दौरान असम और पूर्वोत्तर की उपेक्षा करने का आरोप लगाया तथा कहा, भाजपा सरकार उन गलतियों को सुधार रही है जो कांग्रेस दशकों से इस क्षेत्र में करती आ रही थी। कहा कि कांग्रेस ने उन घुसपैठियों को संरक्षण दिया जिन्होंने जंगलों और जमीनों पर कब्जा कर लिया है।





गुवाहाटी में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री को प्रतीक चिह्न देते मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा।

### बिहार के चुनाव परिणामों ने बंगाल में भाजपा की जीत के दरवाजे खोले

प्रधानमंत्री ने बिहार विधानसभा चुनाव में राजग की प्रचंड जीत का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार के चुनावी परिणाम पड़ोसी बंगाल में पार्टी के भाग्य पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, बिहार के चुनाव परिणामों ने बंगाल में भाजपा की जीत के दरवाजे खोल दिए हैं क्योंकि सभी जानते हैं कि गंगा बिहार से बंगाल की ओर बहती है। प्रधानमंत्री ने कहा, बंगाल की जमीनी हकीकत यह है कि लोग तृणमूल कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति चाहते हैं। उन्होंने कहा, राज्य की गली-गली में बांचते चाई, बीजेपी ताई (जीने के लिए भाजपा चाहिए) का नारा गूंज रहा है। प्रधानमंत्री ने नदिया जिले के रणाघाट क्षेत्र में रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण एक स्थान पर जनसभा को संबोधित किया, जहां मतुआ समुदाय का प्रभाव है। मतुआ समुदाय के लोग बांग्लादेश से आए नामसुद्र हिंदू प्रवासी हैं और हाल ही में एसआईआर मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद समुदाय के मताधिकार से वंचित होने का खतरा बढ़ गया है। रैली स्थल मतुआ समुदाय के गढ़ कहे जाने वाले बोंगाव से ज्यादा दूर नहीं था।

### गुवाहाटी को प्रकृति विषय पर केंद्रित भारत का पहला हवाई अड्डा मिला

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री ने यहां लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का का उद्घाटन किया। यह देश का पहला नेचर-थीम वाला हवाई अड्डा है, जहां से हर साल करीब एक करोड़ 31 लाख यात्री आते-जाते हैं। भारतीय वास्तुकारों द्वारा डिजाइन किया गया यह टर्मिनल असम की समृद्ध जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित है और इसे देश का पहला हवाई अड्डा कहा जा सकता है, जिसका निर्माण की विषयवस्तु प्रकृति पर आधारित है। द बैम्बू ऑर्किड्स नाम के इस टर्मिनल का डिजाइन असम के प्रतिष्ठित कोपो फूल (फॉक्सटेल ऑर्किड) और स्थानीय बांस की किस्मों (असम के भोलुका बांस और अरुणाचल के अपातानी बांस) से प्रेरित है, जो पूर्वोत्तर की पारिस्थितिक और सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाता है।

# राजधानी एक्सप्रेस से टकराकर 7 हाथियों की मौत, एक घायल

नगांव/गुवाहाटी, एजेंसी

- असम में सायरंग-नई दिल्ली राजधानी के 5 डिब्बे पटरी से उतरे
- कोहरे के कारण हादसे की जताई गई आशंका

असम के होजाई जिले में शुक्रवार देर रात हाथियों का एक झुंड सायरंग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया जिससे सात हाथियों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इस दौरान ट्रेन के पांच डिब्बे और इंजन भी पटरी से उतर गए। शुरू में सभी आठ हाथियों के मारे जाने की सूचना मिली थी, हालांकि बाद में कहा गया कि उनमें से एक घायल पाया गया। तड़के दो बजकर 17 मिनट पर हुई इस घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने वन विभाग को विस्तृत जांच करने और वन्यजीव गलियारों को सुरक्षित करने का निर्देश दिया है, जबकि कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने दुर्घटना के लिए वर्तमान सरकार के तहत अनियोजित और खराब तरीके से विनियमित विकास को जिम्मेदार ठहराया है। इस दुर्घटना के बाद कई ट्रेन को रद्द कर दिया गया है, कुछ ट्रेन को विभिन्न स्थानों पर रोका गया या उनकी सेवा को यात्रा गंतव्य से पहले ही समाप्त घोषित कर दिया गया। नगांव के संभागीय वन अधिकारी सुहाश कदम ने बताया कि यह घटना चांगजुराई गांव



में हुई और संभवतः क्षेत्र में भारी कोहरे के कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा, मृत सातों हाथियों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है और घायल हाथी का इलाज स्थानीय पशु चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य प्रवक्ता कपिंजल ने बताया कि यह दुर्घटना लामडिंग मंडल के अंतर्गत जमुनामुख-कामपुर खंड में हुई। यह क्षेत्र गुवाहाटी से करीब 126 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। शर्मा ने कहा, हाथियों के झुंड को देखकर ट्रेन चालक ने आपातकालीन ब्रेक लगाए। फिर भी, हाथी चपेट में गए। दुर्घटना राहत ट्रेनें, मंडल मुख्यालयों के शीर्ष अधिकारियों के साथ पहले ही घटनास्थल पर पहुंच चुकी हैं।





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, डिजिटल डोपामान ओर जॉम्बी स्क्रॉलिंग व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### मलयालम फिल्मों के अभिनेता-निर्देशक श्रीनिवासन का निधन

**कोच्चि।** मलयालम फिल्मों के सबसे प्रभावशाली अभिनेताओं, पटकथा लेखकों और निर्देशकों में से एक श्रीनिवासन का शनिवार सुबह यहां एक सरकारी अस्पताल में निधन हो गया। वह 69 वर्ष के थे। फिल्म जगत के सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे और 2022 में उनके हृदय की सर्जरी हुई थी। श्रीनिवासन डायलिसिस के लिए कोच्चि के एक निजी अस्पताल जा रहे थे, तभी उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार, सुबह करीब साढ़े आठ बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

**नए साल पर जन आंदोलन बनेगी सड़क सुरक्षा, 4-ई मॉडल से चलेगा अभियान**


# लापरवाही पर जब्त होंगे लाइसेंस और वाहन सीज, दुर्घटनाओं पर योगी सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री बोले-एक मौत पूरे परिवार का जीवन बदल देती है, 2025 में हुईं 24 हजार से अधिक मौतें

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीर चुनौती मानते हुए 1 से 31 जनवरी तक प्रदेशव्यापी सड़क सुरक्षा माह आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि इसे 4-ई मॉडल एजुकेशन, इनफोर्समेंट, इंजीनियरिंग और इमरजेंसी केयर के आधार पर संचालित किया जाए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि लापरवाही पर लाइसेंस जब्ती के साथ वाहन सीज किया जाए।

शनिवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों व पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा अभियान किसी भी स्थिति में औपचारिकता नहीं, बल्कि व्यवहार परिवर्तन और जनभागीदारी पर आधारित जन-आंदोलन बनना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 में प्रदेश में 46 हजार से अधिक सड़क दुर्घटनाएं और 24 हजार से ज्यादा मौतें दर्ज होना अत्यंत गंभीर चेतावनी है। उन्होंने दो टूक कहा कि एक भी सड़क दुर्घटना में मृत्यु केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लिए आजीवन पीड़ा होती है। यही संवेदनशील दृष्टिकोण इस अभियान की आत्मा बने। बच्चों, युवाओं और आम नागरिकों में सही सड़क व्यवहार विकसित किया जाए, वहीं प्रवर्तन के तहत नियमों का सख्त पालन कराया जाए। इंजीनियरिंग के माध्यम से ब्लैक स्पॉट और खतरनाक मोड़ों का सुधार हो तथा इमरजेंसी केयर में एम्बुलेंस और ट्रॉमा सेवाएं और मजबूत की जाएं।



### चालान नहीं, आदतन उल्लंघन पर सख्ती

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि केवल चालान काटना समाधान नहीं है। आदतन यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ ड्राइविंग लाइसेंस जब्त करने और वाहन सीज करने की सख्त नीति लागू की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के मामलों में कठोरता जरूरी है, क्योंकि यह सीधे जीवन से जुड़ा विषय है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जागरूकता अभियान का केंद्र व्यवहार परिवर्तन हो। तहसील से जिला मुख्यालय तक प्रचार सामग्री लगाई जाए।

### ब्लैक स्पॉट, एक्सप्रेसवे और गोल्डन ऑवर

मुख्यमंत्री ने ब्लैक स्पॉट सुधार, रोड सेफ्टी ऑडिट, ओवरस्पीडिंग और लेन ड्राइविंग पर सख्त नियंत्रण के निर्देश दिए। एक्सप्रेसवे पर पेट्रोलिंग, क्रेन और एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाने को कहा गया। उन्होंने गोल्डन ऑवर में उपचार को सर्वोपरि बताते हुए निजी ट्रॉमा सेंटरों को नेटवर्क से जोड़ने, 108 और एएलएस एम्बुलेंस का रिस्पॉन्स टाइम घटाने तथा स्कूल वाहनों और भारी वाहनों की फिटनेस जांच अनिवार्य करने के निर्देश दिए। सर्वाधिक दुर्घटनाओं वाले जिलों हरदोई, प्रयागराज, आगरा और कानपुर नगर-के जिलाधिकारियों से जिला-विशेष कार्ययोजना बनाने और सख्ती व संवेदनशीलता से लागू करने को कहा।

# चेतावनी : व्हाट्सएप भी हो सकता है हाईजैक

**नई दिल्ली।** भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-आईएन ने व्हाट्सएप के डिवाइस-लिंकिंग फीचर में एक खामी की ओर इशारा किया है, जो हमलावरों को किसी खाते पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करने में सक्षम बनाती है, जिसमें वेब संस्करण पर वास्तविक समय के संदेशों, फोटो और वीडियो तक पहुंच शामिल है। इसे घोस्टपेयरिंग नाम दिया है। ऐसी खबरें आई हैं कि दुर्भावनापूर्ण तत्व बिना प्रमाणीकरण की आवश्यकता के 'पेयरिंग कोड' का उपयोग करके खातों को हैक करने के लिए व्हाट्सएप की 'डिवाइस-लिंकिंग' सुविधा का फायदा उठा रहे हैं।

एडवाइजरी में कहा गया है, घोस्टपेयरिंग नामक इस नए पहचाने गए साइबर अभियान से साइबर अपराधी पासवर्ड या सिम स्वैप की आवश्यकता के बिना व्हाट्सएप खातों पर पूर्ण नियंत्रण हासिल कर सकते हैं। इस खुलासे पर व्हाट्सएप की प्रतिक्रिया का इंतजार है। भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) साइबर हमलों से निपटने और भारतीय इंटरनेट क्षेत्र की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी शाखा है।

## और जम गई झील



उत्तराखंड के चमोली जिले के नीति गांव में तिम्मरसेन गुफा के पास बर्फ से बने प्राकृतिक शिवलिंग के पास जम गया झरने का पानी। ● एजेंसी

# न्यायमूर्ति स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग चलाने की 36 पूर्व जजों ने की आलोचना

- कहा- विपक्ष कर रहा धमकाने की कोशिश

**नई दिल्ली।** देश के 36 पूर्व न्यायाधीशों ने मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जीआर स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग चलाने के विपक्षी नेताओं के कदम की निंदा करने की सांसदों सहित लोगों से शनिवार को अपील करते हुए कहा कि अगर इस तरह के प्रयास को आगे बढ़ने दिया गया तो यह लोकतंत्र और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की जड़ों को ही काट देगा।

न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने एक दिसंबर को निर्देश दिया था कि अरुलमिघु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर, उच्ची पिल्लैयार मंडपम के पास परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलन के अलावा दीपथून में भी दीप जलाए।

एकल न्यायाधीश की पीठ ने कहा कि ऐसा करने से निकटवर्ती दरगाह या मुस्लिम समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होगा। इस आदेश से विवाद खड़ा हो गया और नौ दिसंबर को द्रमुक के नेतृत्व में कई विपक्षी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को न्यायाधीश को हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने का नोटिस सौंपा।

# अंडों के सेवन से कैंसर संबंधी खतरे के दावे निराधार

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने अंडों को कैंसर के खतरे से जोड़ने वाले हालिया दावों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए इन्हें भ्रामक, वैज्ञानिक रूप से निराधार व भय पैदा करने वाला बताया। नियामक ने स्पष्ट किया कि देश में उपलब्ध अंडे सेवन के लिए सुरक्षित हैं और अंडों में कैंसरकारी पदार्थों की उपस्थिति के दावों का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है।

# गिल की छुट्टी, ईशान और रिंकू को मौका

**टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम घोषित**

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रीय चयन समिति ने प्रतिष्ठा के बजाय वर्तमान की फॉर्म को प्राथमिकता देते हुए रन बनाने के लिए जूझ रहे स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल को टी-20 विश्व कप के लिए शनिवार को चुनी गई 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं दी और विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन के साथ रिंकू सिंह को वापस टीम में शामिल किया।

मुंबई में हुई चयन समिति की बैठक में गिल को टीम से बाहर रखना सबसे दिलचस्प फैसला रहा, हालांकि उनकी फॉर्म को देखते हुए यह बहुत है हैरानी भरा नहीं था। गिल को बाहर किए जाने के बाद



उनके स्थान पर ऑलराउंडर अक्षर पटेल को उप कप्तान नियुक्त किया गया है। टेस्ट और वनडे में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले भारतीय बल्लेबाजों में से एक होने के बावजूद गिल टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में विशेष रूप से सलामी बल्लेबाज के रूप में एक निश्चित भूमिका निभाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में भारतीय चयनकर्ताओं ने किसी खिलाड़ी की प्रतिष्ठा के बजाय विशेष प्रभाव छोड़ने वाले खिलाड़ियों को प्राथमिकता देना उचित समझा। पावरप्ले में गिल के स्ट्राइक रेट को लेकर चिंताएं और बेहतर विकल्प मौजूद होने का असर उन पर पड़ा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में उन्होंने सिर्फ 4, 0 और 28 रन बनाए। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा शुभमन गिल इस समय रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं और वह पिछले विश्व कप में भी नहीं खेल पाए थे।

**निर्देश** | जनता दर्शन में आई शिकायत पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश, करीब 250 लोगों की समस्याएं

# विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विदेश भेजने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे फर्जी एजेंटों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए और पीड़ितों से ठगी गई पूरी धनराशि हर हाल में वापस कराई जाए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश शनिवार सुबह कड़ाके की ठंड के बीच गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान दिए।



गोरखपुर में जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं को सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 250 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

जनता दर्शन में आई एक महिला ने अपने परिजन को विदेश भेजने के नाम पर एक एजेंट द्वारा ठगी किए जाने की शिकायत मुख्यमंत्री से की। इस पर मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को एजेंट के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई करने और पीड़ित को उसका पैसा वापस दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला को समझाते हुए कहा कि विदेश जाने के लिए अनाधिकृत एजेंटों के झांसे में न आएं। गलत तरीके से विदेश जाने पर लोगों को गंभीर परेशानियों और जेल तक का सामना करना पड़ सकता है। मुख्यमंत्री ने पुलिस से जुड़े मामलों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा और निर्देश दिया कि पीड़ितों की मदद में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। चेतावनी दी कि जनता की समस्याओं के समाधान में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तय है। साथ ही प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनता दर्शन में जमीन पर अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने विधिसम्मत कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए। वहीं इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों के मामलों में अधिकारियों से कहा कि अस्पताल के एस्टीमेट की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर शासन को भेजी जाए, ताकि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

# राष्ट्रीय चेतना और गौरव का प्रतीक बनेगा राष्ट्र प्रेरणा स्थल : मुख्यमंत्री

## अटल जयंती पर प्रधानमंत्री करेंगे लोकार्पण, मुख्यमंत्री ने की तैयारी की समीक्षा, कहा- सुरक्षा के हों पुख्ता इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर होने वाले 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' के लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों को परखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अटल जी की जयंती पर 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' राष्ट्र को समर्पित करेंगे। कहा कि यह स्थल राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक विरासत और गौरव का प्रतीक बनेगा।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष में यह परियोजना लखनऊ के लिए उपहार है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए सुरक्षा, यातायात, प्रोटोकॉल, आतिथ्य और भीड़ प्रबंधन की सभी व्यवस्थाएं उच्चतम मानकों के अनुरूप हों और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि समारोह में दो लाख से अधिक लोगों की उपस्थिति प्रस्तावित है, ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्यक्रम के कारण शहर का सामान्य यातायात प्रभावित न हो। इसके लिए डायवर्जन प्लान, पार्किंग व्यवस्था, पैदल मार्ग, स्पष्ट साइनेज और रूट मैप पहले से तय कर व्यापक प्रचार किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए आमजन की सुविधा सर्वोपरि होनी चाहिए। चिकित्सा इकाइयों, एम्बुलेंस, मोबाइल मेडिकल टीम, पेयजल, शौचालय, हीटर-ब्लोअर जैसी आवश्यक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक बस, पार्किंग ब्लॉक और प्रवेश द्वार पर नोडल अधिकारी तैनात किए जाएं।

बैठक में मुख्यमंत्री ने 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' परिसर की फाइनल टचिंग, लैंडस्केपिंग, उद्यान, संग्रहालय, एम्फीथिएटर और संपर्क मार्गों के सुंदरीकरण कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस एवं प्रशासन को वीवीआईपी रूट, हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल और जनसभा क्षेत्र में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू करने को कहा।

### राष्ट्र प्रेरणा स्थल की विशेषताएं

- लगभग 230 करोड़ की लागत से 65 एकड़ क्षेत्र में विकसित भव्य परियोजना
- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की 65 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमाएं
- राष्ट्रपुरुषों के जीवन, विचार और योगदान पर आधारित आधुनिक संग्रहालय
- दो लाख लोगों की क्षमता वाला रैली स्थल और मंच
- एम्फीथिएटर, मेडिटेशन सेंटर, विपश्यना-योग केंद्र, कैफेटेरिया
- आकर्षक लैंडस्केपिंग, स्पष्ट जोनिंग, सुदृढ़ पार्किंग और सुरक्षा प्रबंधन के साथ आधुनिक ले-आउट



राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का फाइल फोटो।

# बढ़ेगी ठंड, कोहरे का रेड अलर्ट जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में इस समय हाड़ कंपा रही भीषण ठंड और कहर ढाएगी। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 24 से 48 घंटे प्रदेश के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहने वाले हैं। तापमान में चार डिग्री की गिरावट के साथ कई जिलों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है, जिससे दृश्यता शून्य तक पहुंच सकती है। इसे देखते हुए प्रदेश के कई जिलों में रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

शनिवार को कानपुर, आगरा, प्रयागराज और गाजियाबाद जैसे बड़े शहरों में दृश्यता शून्य दर्ज की गई, जिससे सड़क, रेल और हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के अनुसार, बीते चार दिनों से जारी घने कोहरे में आगामी 24 घंटों के दौरान कुछ इलाकों में मामूली कमी आ सकती है। साथ ही तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की अस्थायी बढ़ोतरी के चलते सोमवार को थोड़ी राहत संभव है। हालांकि यह राहत अल्पकालिक होगी। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद 24 दिसंबर से कोहरे का घनत्व फिर बढ़ेगा और तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### सांसद खेल स्पर्धा स्थल का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में 23 और 24 दिसंबर को होने वाले सांसद खेल स्पर्धा की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए शनिवार को बैठक हुई। सांसद अमरपाल मौर्य के प्रतिनिधि राय साहब सिंह के साथ हुई बैठक के साथ स्थल पर तैयारियों का निरीक्षण भी किया गया। बैठक में जिला क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, भूपेन्द्र सिंह, शरद श्रीवास्तव, क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ल, हैंडबाल प्रशिक्षक सचिन शुक्ल मौजूद रहे।

### दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के साथ मारपीट के मामले में फरार आरोपी को दिलीपपुर पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने सरखेलपुर गांव नहर पुलिया से घेराबंदी करके थाना क्षेत्र के रामपुर आधारगंज निवासी मो. आजाद को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी इलाके की एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन पॉक्सो एक्ट का अभियुक्त है।

### विवाहिता की अचानक बिगड़ी तबियत, मौत

**कुंडा, प्रतापगढ़ अमृत विचार :** जेठवारा थाना क्षेत्र के बाबूगंज डेरवा की 22 वर्षीय परवीन बानो पत्नी मो. शाहिल की शनिवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसे सीएचसी ले आये। यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला के मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के भाई मुस्तकीम ने बताया कि शुक्रवार से ही परवीन को सर्दी लग रही थी, आज अचानक तबीयत बिगड़ने पर इलाज को लाए तो चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजन महिला का शव लेकर घर चले गए।

### प्रदेश में खोले जाएं मिलिट्री स्कूल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में 1962 के भारत-चीन युद्ध में रेजांग ला पोस्ट पर वीरता दिखाने वाले कुमायूं रेजीमेंट के सैनिकों और उत्तर प्रदेश के पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। कैप्टन रामचन्द्र यादव, हवलदार नेहाल सिंह, गजेन्द्र सिंह सहित 13 कुमायूं रेजीमेंट तथा यूपी के एक्स सर्विसमैन को सम्मान किया। उन्होंने उप्र. में मिलिट्री स्कूल की जरूरत बतायी। सपा प्रमुख शनिवार को पार्टी मुख्यालय में सैनिकों को सम्मानित करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अहीर रेजीमेंट के गठन की मांग दोहराई।

# पीएम मोदी की लखनऊ रैली में जुटेगी एक लाख लोगों की भीड़

## जेपी नड्डा व योगी की मौजूदगी में संगठन और सरकार ने बनाया रोडमैप




लखनऊ स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य पार्टी नेता।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पंकज चौधरी की पहली बड़ी रणनीतिक बैठक
- डेढ़ घंटे चली बैठक में अटल जयंती, वीर बाल दिवस और चुनावी रणनीति पर मंथन

**अमृत विचार :** 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर राजधानी लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। रैली में एक लाख से अधिक लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को लेकर शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में एक अहम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने की। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह मौजूद रहे।

शाम करीब चार बजे शुरू हुई यह बैठक लगभग डेढ़ घंटे तक चली। तय हुआ कि भाजपा अटल जयंती को केवल श्रद्धांजलि तक सीमित न रखकर, इसे बड़े जनसंपर्क और संगठनात्मक अभियान के रूप में मनाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि अटल जंयती के अगले दिन 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों के बलिदान की अमर गाथा को लोकव्यापी बनाना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि छोटी सी आयु में धर्म, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा के लिए दिया गया यह बलिदान अडिग आस्था, साहस और आत्मसम्मान की मिसाल है।

### लखनऊ और प्रदेश के लिए गौरव का क्षण : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण लखनऊ और प्रदेश के लिए गौरव का क्षण होगा। उन्होंने कहा कि स्थल पर स्थापित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी की 65 फीट ऊंची प्रतिमाएं 'एक देश, एक विधान, एक निशान', एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों का जीवंत संदेश देंगी।

### बूथ स्तर तक संगठन को कसने की तैयारी

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व की अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदेश संगठन सभी कार्यक्रमों को सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी बनाने में जुटा है। उन्होंने बताया कि अटल जयंती बूथ स्तर तक मनाई जाएगी। जिलों में प्रदर्शनियां और संगोष्ठियां आयोजित कर अटल जी के ऐतिहासिक निर्णयों, नेतृत्व क्षमता और संघर्षशील व्यक्तित्व को जनमानस तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में पंचायत चुनाव 2026 और विधानसभा चुनाव 2027 की पृष्ठभूमि में संगठनात्मक मजबूती, विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) और आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई।

# कफ सिरप मामले में आरोपियों के घरों पर चले बुलडोजर : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते अखिलेश यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कोडीन कफ सिरप मामले में कहा कि शामिल सभी माफियाओं और आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाया जाए, चाहे वे किसी भी दल से जुड़े हों। प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि सरकार माफियाओं और अधिकारियों के गठजोड़ को बचा रही है। अन्याय, झूठे मुकदमे और विपक्ष की आवाज दबाने के आरोप भी लगाए।

राजधानी स्थित सपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि कफ सिरप मामले में आरोपियों और माफियाओं को मुख्यमंत्री और सरकार का संरक्षण प्राप्त है तथा सरकार कई अहम तथ्यों को छिपा रही है। उन्होंने इसे हजारों करोड़ रुपये का अंतरराष्ट्रीय रैकेट बताते हुए कहा कि इसमें करीब 700 कंपनियों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि अखबारों की खबरों से सच्चाई सामने आई है। चूने के बोरे की आड़ में चार ट्रकों से 3.5 करोड़ रुपये का कफ सिरप बांग्लादेश भेजा जा रहा था, जिसका खुलासा हुआ। इस मामले में प्रदेश के 36 जिलों में 128 से अधिक एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार कुछ तस्वीरें दिखाकर सच्चाई से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।

### बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी फरार

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** पट्टी क्षेत्र के उडैयाडीह बाजार में सात साल की एक बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास किया गया। घटना को बाजार में ही रहने वाला दूसरे समुदाय का युवक अंजाम देने का प्रयास कर रहा था। उसके चंगुल से छूटकर लड़की घर पहुंची और घटना की जानकारी परिजनों को दी तो लोग आग बबूला हो गए। घटना को लेकर बाजार में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। ऐहतिहात के तौर पर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। आरोपी फिलहाल घर से फरार है।

### 13 वर्ष बाद घर लौटा शंकर लाल, परिवार में छायी खुशी

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के निर्देश एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम लाल, अपर जिला जज जनपद न्यायालय के निर्देशन में मानवीय कार्य किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर (राजस्थान) द्वारा रेस्क्यू किए गए दिलीपपुर निवासी शंकर लाल को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के पीएलवी राम प्रकाश पाण्डेय एवं अनिल पाण्डेय द्वारा सकुशल उनके घर शनिवार दोपहर पहुंचाया गया। शंकर लाल लगभग 13 वर्ष पूर्व कहीं चला गया था। बताया कि जयपुर में उसे एक स्थान पर बंधक बनाकर रखा गया था। उससे घरेलू कार्य कराए जाते थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के प्रयासों से उसे मुक्त कराकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के सुपुर्द किया गया। अपने घर पहुंचकर शंकर लाल प्रसन्न नजर आया। शंकर के परिजनों में खुशी है।

# मदरसा फर्जी नियुक्ति कांड में आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

## आरोपी हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर रोक लगाने के जुगाड़ में लगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मदरसा से लेकर जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारी व कर्मचारी रडार पर

**अमृत विचार:** मदरसे में मृतक आश्रित कोटे पर फर्जी नियुक्ति कराने के आरोपियों की तलाश में तुलसीपुर पुलिस जुटी हुई है। लगातार आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। उधर, आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट पहुंचे हैं। ताकि उनको राहत मिले। एफआईआर दर्ज होने के चार दिन बाद भी आरोपी तक पुलिस का न पहुंचना कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। चार दिन पहले जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने तुलसीपुर थाने में मदरसा जामिया अनवारुल उलूम में हुए मृतक आश्रित कोटे पर कनिष्ठ सहायक पद की नियुक्ति को फर्जी बताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कूटरचित शपथ पत्र के ज़रिए धोखाधड़ी करने का प्रयास किया गया था।

जानकारी के मुताबिक एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार हो गये हैं। वह अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार हाईकोर्ट में वकीलों के संपर्क में हैं। पुलिस भी हाईकोर्ट के फैसले का इंतजार कर रही है। पुलिस के मुताबिक लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं, मामले के याचिकाकर्ता मो. इमरान ने बताया कि इस पूरे प्रकरण ने न सिर्फ मदरसा प्रबंधन की भूमिका को कठघरे में खड़ा किया है। साथ ही सरकारी निगरानी तंत्र और पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाये हैं।

# लेखपाल भर्ती: बदलेगा पद व रोस्टर का आधार

## राजस्व परिषद की आयुक्त व सचिव कंचन वर्मा ने लिखा आयोग को पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 7994 पदों पर भर्ती में वर्टिकल व हॉरिजॉन्टल आरक्षण लागू करने के निर्देश
- मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद हरकत में आया राजस्व परिषद लेखपाल भर्ती पर पत्राचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त रुख के बाद लेखपाल भर्ती प्रक्रिया को लेकर राजस्व परिषद सक्रिय हो गया है। लेखपाल के 7,994 पदों पर भर्ती के अधियाचन को लेकर राजस्व परिषद की आयुक्त एवं सचिव कंचन वर्मा ने उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) को पत्र लिखकर पदों की संशोधित सूचना भेजने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा है।

राजस्व परिषद द्वारा भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि लेखपाल पद मंडल स्तरीय संवर्ग का है। ऐसे में पदों की गणना और आरक्षण रोस्टर भी मंडल स्तर पर ही लागू किया जाना चाहिए। जिलावार आधार पर की गई गणना से तकनीकी दिक्कतें सामने आई हैं, जिनके चलते अधियाचन में संशोधन आवश्यक हो गया है। पत्र में कहा गया है कि मंडल स्तर पर कार्यरत एवं रिक्त लेखपाल पदों के आधार पर श्रेणीवार गणना कर संशोधित अधियाचन आयोग को उपलब्ध कराया जाएगा। आयुक्त एवं सचिव ने यह भी निर्देश दिए हैं कि भर्ती प्रक्रिया में वर्टिकल और हॉरिजॉन्टल आरक्षण के प्रावधानों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए।

गौरतलब है कि यूपीएसएसएससी ने हाल ही में लेखपाल के 7,994 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती में वर्टिकल आरक्षण के तहत 27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग, 21 प्रतिशत अनुसूचित जाति और 2 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति को आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक, महिला अभ्यर्थियों के लिए हॉरिजॉन्टल आरक्षण भी लागू किया जाना है। राजस्व परिषद ने पत्र में स्पष्ट किया है कि संशोधित अधियाचन के तहत यदि पदों की संख्या या श्रेणीवार वितरण में कोई बदलाव होता है तो उसकी सूचना एक सप्ताह के भीतर आयोग को भेज दी जाएगी। इसके बाद आयोग स्तर से आवश्यक संशोधन और आगे की भर्ती प्रक्रिया तय की जाएगी। माना जा रहा है कि इस पत्राचार के बाद लेखपाल भर्ती को लेकर चल रहा भ्रम दूर होगा और आरक्षण व पद गणना को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

# पुरानी सूची उपलब्ध नहीं, नो मैपिंग में दर्ज किए जा रहे मतदाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा ने राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने संभल की गुन्नौर विधानसभा सीट सहित गाजियाबाद, बहराइच और सीतापुर में चल रही एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं। इसके लिए उन्होंने शुक्रवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मतदाता सूची से जुड़ी गंभीर अनियमितताओं की शिकायत की।

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने ज्ञापन में बताया गया कि संभल की 111-गुन्नौर विधानसभा में 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध न होने के कारण 73,629 मतदाताओं को "नो मैपिंग" और 1,33,676 मतदाताओं को "प्रोजनी मतदाता" श्रेणी में बीएलओ द्वारा दर्ज कर दिया गया है, जबकि अधिकांश मतदाताओं के नाम 2003 की सूची में मौजूद हैं। सपा ने सभी मतदेय स्थलों पर 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध कराने और नो मैपिंग कैटेगरी में सुधार कराने की मांग की है। इसी प्रकार ज्ञापन में गाजियाबाद और साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्रों में अपात्र मतदाताओं को दोबारा सूची में जोड़ने की साजिश का आरोप लगाया गया है।

आयोजन | कोऑपरेटिव एक्सपो आज से, मंत्री जेपीएस राठौर ने दी जानकारी

# युवाओं को सहकारिता से जोड़ रही सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी करेंगे युवा सहकार सम्मेलन व कोऑपरेटिव एक्सपो का उद्घाटन
- प्रदेश में पहली बार 21 से 31 तक होगा कोऑपरेटिव एक्सपो, 70 से अधिक लगेंगे स्टॉल

**अमृत विचार:** सहकारिता केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत का मजबूत आधार है। युवाओं, महिलाओं और किसानों की भागीदारी से सहकारिता आंदोलन को नई ऊर्जा मिली है। यह बात उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के समापन अवसर पर आयोजित होने वाले 'युवा सहकार सम्मेलन-2025 एवं कोऑपरेटिव एक्सपो-2025' को लेकर कही।

लखनऊ स्थित यूपी कोऑपरेटिव बैंक मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि 21 दिसंबर को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु और जलशक्ति एवं सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इसी दिन से प्रदेश में पहली बार 'कोऑपरेटिव एक्सपो-2025' की शुरुआत होगी, जो 31 दिसंबर तक चलेगा।




जानकारी देते मंत्री जेपीएस राठौर।

**योजनाओं, नवाचारों और उपलब्धियों का प्रदर्शन :** जेपीएस राठौर ने बताया कि कोऑपरेटिव एक्सपो में सहकारी संस्थाओं, एफपीओ, एफपीसी और लघु उद्यमियों के 70 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें हस्तशिल्प, हैंड एम्ब्रॉयडरी, ज्वैलरी, टेराकोटा, लकड़ी पर नक्काशी, कालीन-दरी, जरी उत्पाद, चमड़ा, आयुर्वेद, ऑर्गेनिक उत्पाद, बायोफर्टिलाइजर और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स जैसे उत्पाद प्रदर्शित होंगे। एक्सपो का उद्देश्य सहकारी उत्पादों की लोकप्रियता और बाजार में उनकी स्वीकार्यता बढ़ाना है। प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम और फूड स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। सम्मेलन में सहकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों, जिलों और संस्थानों को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# एक करोड़ गरीब महिलाओं को बनाएंगे लखपति दीदी : मौर्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की राज्य स्तरीय कार्यशाला

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक मजबूती से ही विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि एक करोड़ गरीब परिवारों की महिलाओं को लखपति दीदी के रूप में विकसित किया जाए और जिलों में अधिक से अधिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना सुनिश्चित की जाए।

उप मुख्यमंत्री शनिवार को लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाली दो विद्युत सखियों, दो लखपति दीदियों और दो बैंक सखियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 400 करोड़ रुपये के बैंक क्रेडिट लिंकेज के प्रतीकात्मक चेक वितरित किये गये। बीसी सखी कार्यक्रम के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और यूनियन बैंक के साथ एमओयू किया गया। कैडर मानदेय पोर्टल की शुरुआत की गई।

न्यूज ब्रीफ

## खेत गई विवाहिता से युवक ने की छेड़छाड़

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** :क्षेत्र में विवाहिता ने गांव के ही एक युवक पर छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता के अनुसार मुकेश उससे जबरन बातचीत करने का दबाव बनाता है। मना करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देता है। उसके पति द्वारा पूछताछ करने पर आरोपी ने उनसे अभद्रता की। आरोप है कि 26 नवंबर को दोपहर जब वह खेत गई थी, तभी आरोपी वहां पहुंचा और बातचीत का दबाव बनाने लगा। इंकार करने पर आरोपी नेछेड़छाड़ की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।

## रामलीला का चार दिवसीय आयोजन शुरू

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार** : कटरा स्थित राम चबूतरा पर रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चार दिवसीय रामलीला का शुभारम्भ पताका पूजा और हनुमानजी के आह्वान के साथ किया गया। रामलीला का मंचन रविवार से शुरू होगा, जिसमें दरभंगा (बिहार) से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष प्रेम नंद वर्मा, कोषाध्यक्ष देवी शंकर सोनी, महामंत्री रवि अवस्थी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बच्चों संग भोज का किया गया आयोजन

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : कंपोजिट विद्यालय दिलोना में बीईओ के निर्देशन व प्रधान अंशू द्विवेदी के जन्मोत्सव पर तिथि भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीईओ डॉ. संजय कुमार रॉय ने कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षक, छात्र और अभिभावकों के बीच आत्मीयता बढ़ाते हैं। प्रधान अंशू द्विवेदी ने बताया कि वह कई वर्षों से अपना जन्मदिन बच्चों के साथ मनाती हैं। प्रधानाध्यापक राजकुमार ने अतिथियों का धन्यवाद किया।

## नायब तहसीलदार को भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन धर्मेंद्र गुट के प्रदेश महासचिव राम सुरेश तिवारी के नेतृत्व में किसानों का जत्था शुक्रवार को तहसील पहुंचा और 19 सूत्री मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। किसानों ने आवारा पशु, बंदरों से फसल नुकसान, नहरों में पानी की आपूर्ति, धान की सीधे खरीद, बिचौलियों को हटाने और समय पर यूरिया खाद उपलब्ध कराने सहित कई मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि 1 जनवरी तक समाधान नहीं होने पर 2 जनवरी से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन नायब तहसीलदार सुधाकर पांडे को सौंपा गया। इस दौरान कई पदाधिकारी और किसान नेता मौजूद रहे।

# लुढ़कते पारे ने बढ़ायी ठिठुरन, कोहरे ने रोकी रफ्तार

### बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा, शीतलहर से बचने के लिए लोगों ने घरों में रहना समझा मुनासिब

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



ठिठुरन से राहत पाने को अलाव बना सहारा। ● अमृत विचार



कोहरे के कारण लाइट जलाकर जाता वाहन।

**अमृत विचार** : लुढ़कते पारे से बढ़ी ठिठुरन और कोहरे ने लोगों की दिनचर्या बिगाड़ दी है। साल के आखिरी महीने के दूसरे पखवाड़े में ठंड का असर दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है। शनिवार सुबह घने कोहरे और धुंध के चलते सूर्यदेव के दर्शन न देने से ठिठुरन में और इजाफा हो गया। घने कोहरे के कारण दुर्घटना से बचने के लिए वाहन अत्यंत धीमी गति से चलते नजर आए। न्यूनतम तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया। बढ़ी सर्दी के चलते बाजार में सन्नाटा पसरा रहा।

धूप न निकलने से ही पारा लुढ़क गया और गलन बढ़ गयी। बढ़ी सर्दी का ही असर है कि बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। एआरटीओ (प्रशासन) अंकिता शुक्ला और डीआईओएस ओपी. त्रिपाठी ने विद्यालयों को पत्र जारी किया। पत्र में स्कूल वाहनों को निर्धारित गति सीमा के भीतर चलाने, कम दृश्यता में बसें रोकने, लो-बीम हेडलाइट और फॉग लैंप का उपयोग करने, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के निर्देश दिए हैं।

**रामनगर** : तहसील प्रशासन ने दिव्यांगजनों को राहत पहुंचाने के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। 34 दिव्यांग लाभार्थियों को कंबल प्रदान किए गए।

**सड़क सुरक्षा अभियान चलाया** : शीत लहर और धुंध के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए परिवहन विभाग ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने लखनऊ-बाराबंकी और देवा-कुर्सी मार्ग पर अभियान के तहत व्यावसायिक वाहनों और ट्रैक्टर ट्रालियों में रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगवाकर चालकों को सावधानीपूर्वक वाहन चलाने का संकल्प दिलाया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले दर्जनों वाहनों पर चालान भी किए गए।

## बेटी को धक्का देकर ट्रेन के आगे कूदी मां

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार** : खाना बनाने को लेकर हुई कहासुनी के बाद महिला ने मालगाड़ी के आगे छलांग लगा दी। हालांकि उसके पीछे आई बेटी को कूदने से पहले धक्का दे दिया। बच्ची ने ही घर लौटकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पासिन पुरवा मजरे भेतमुआ गांव में शनिवार की सुबह खाना बनाने को लेकर अमर बहादुर रावत की उसकी पत्नी संजू (30) से कहासुनी हो गई। इसके बाद अमर बहादु खेत चला गया। उसके जाते ही पत्नी संजू घर से निकलकर हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंच गई। उसके पीछे पीछे सात साल की बेटी राखी भी चली गई। स्टेशन पर लखनऊ से सुल्तानपुर की ओर जा रही मालगाड़ी को देखते ही संजू ने बेटी को धक्का देकर अलग कर दिया और खुद ट्रेन के आगे कूद गई। उधर यह नजारा देख बेटी राखी घर की ओर तेजी से भागी और घटना की सूचना दी। थोड़ी ही देर बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई, वहीं पति अमर बहादुर भी पहुंच गया।

हादसे के बाद अमर बहादुर व बच्चे रोते रहे। सूचना पर हैदरगढ़ कोतवाली व जीआरपी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव के टुकड़े बटोर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता ओमप्रकाश ने बताया कि दो दिन पहले बेटी से बात हुई थी तो उसने सब कुछ ठीक-ठाक बताया था।

## छह दिन बाद भी संदीप के माता-पिता पकड़ से दूर

ममता हत्याकांड

**बाराबंकी, अमृत विचार** : ममता हत्याकांड में पुलिस भले ही पांच आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद खुद की पीठ थपथपा रही हो पर पूरे घटनाक्रम पर रहस्य का पर्दा अभी तक पड़ा हुआ है। हर कोई केवल कयास ही लगा रहा है। उधर घटना के छह दिन बाद भी पुलिस फरार माता पिता का पता नहीं लगा सकी है।

बताते चलें कि गत सोमवार की आधी रात को थाना क्षेत्र के ग्राम शहाबपुर स्थित प्रेमी संदीप के घर पहुंची ममता यादव मंगलवार सुबह घर के एक कमरे में मृत मिली। उसकी हत्या कुल्हाड़ी से वार कर की गई थी। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर प्रेमी संदीप के अलावा इसकी चार बहनों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया पर संदीप के माता पिता लगातार फरार चल रहे हैं। जिसकी वजह से न घटना की असल वजह सामने आ पा रही और न ही प्रेम से हत्या तक के सफर की कहानी ही पता चल सकी है। सभी अपने अनुसार कयास लगाते हुए घटना को तरह तरह के मोड़ देते जा रहे। सबको असल वजह के सामने आने का इंतजार है।

## गोवंशों को ठंड से बचाने का करें इंतजाम

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार** : कड़ाके की ठंड को देखते हुए तहसीलदार विपुल कुमार सिंह ने शनिवार को अमराई और लैन गौशालाओं का निरीक्षण किया और पशुओं के ठंड से बचाव में कमियों पर सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण में लगभग 400 पशुओं वाली अमराई गौशाला में ठंड बचाव के पर्याप्त इंतजाम न होने पर तहसीलदार ने चिंता जताई। उन्होंने कमजोर और बीमार पशुओं को बोरा ओढ़ाने, तिरपाल, अलाव और सूखा बिछावन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही हरे चारे और ताजा पानी की आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# कमजोर प्रगति वाले बूथों पर रखें नजर

- कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष रोल प्रेक्षक ने की समीक्षा बैठक

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



बैठक करते विशेष रोल प्रेक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**: संयुक्त सचिव, युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय एवं विशेष रोल प्रेक्षक कुनाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। विशेष रोल प्रेक्षक ने सभी प्रतिनिधियों और अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की वर्तमान प्रगति से अवगत कराया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में कुल 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और 23,31,649 पंजीकृत मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 19,54,314 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन पूर्ण हो चुका है, जबकि 1,32,025 मतदाता नो-मैपिंग श्रेणी में हैं, जिसे न्यूनतम स्तर पर लाने के प्रयास जारी हैं। विशेष रोल प्रेक्षक ने जनपद में नो-मैपिंग के कम आंकड़े को सराहनीय बताया। विशेष रोल प्रेक्षक ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को 26 दिसंबर तक मतदाताओं की मैपिंग न्यूनतम स्तर पर लाने, कमजोर प्रगति वाले बूथों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक के बाद विशेष रोल प्रेक्षक ने बाराबंकी सदर विधानसभा के विभिन्न मतदान स्थलों का निरीक्षण किया, मतदाताओं और बीएलओ से प्रत्यक्ष संवाद किया तथा मैपिंग और एएसडी सूची की पुष्टि की। बैठक में भाजपा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, अपना दल (एस), बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि, अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह आदि मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार** : नवाबगंज तहसील की ग्राम पंचायत बांसा और धरौली में तहसील प्रशासन ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। ग्राम प्रधान और हल्का लेखपाल राजेश तिवारी के नेतृत्व में यह वितरण किया गया। हल्का लेखपाल ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार ठंड से बचाव के लिए हर संभव मदद दी जा रही है और प्रशासन गांव-गांव जाकर स्थिति का जायजा ले रहा है। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और बताया कि कड़ाके की ठंड में कंबल मिलना उनके लिए बड़ी राहत है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रामसिंह यादव, प्रतिनिधि उमाकांत, रमाकांत राव व अन्य मौजूद रहे।

# नवीन प्रांत कार्यकारिणी में जिले का दबदबा

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



डॉ. आजाद सिंह, प्रांत सेवार्थ विद्यार्थी (एसएफएस) प्रमुख



अभय शुक्ला, अवध प्रांत संयोजक, फार्माविजन



अभय राम त्रिपाठी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य।

**अमृत विचार** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का 65वां तीन दिवसीय प्रांत अधिवेशन बहराइच में संपन्न हुआ। अधिवेशन में राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, प्रांत प्रचारक कौशल तथा प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अधिवेशन के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। दूसरे दिन भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। अधिवेशन के अंतिम दिन नवीन प्रांत कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नवगठित प्रांत कार्यकारिणी में बाराबंकी जिले से प्रांत सेवार्थ विद्यार्थी (एसएफएस) प्रमुख के रूप में डॉ. आजाद सिंह को दायित्व सौंपा गया। वहीं प्रांत फॉर्माविजन संयोजक अभय शुक्ला, सह संयोजक आदर्श पाण्डेय, प्रांत कार्यसमिति सदस्य विभु पाठक तथा प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक आयुष वर्मा बनाए गए। इसके अतिरिक्त प्रांत कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अभय राम त्रिपाठी, कु. ईशा गुप्ता, आदित्य श्रीवास्तव तथा रामसनेहीघाट से आलोक कनोजिया, हिमांशु तिवारी और हर्षवर्धन सिंह का चयन किया गया। नवीन प्रांत कार्यकारिणी की घोषणा के बाद जिले के एबीवीपी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल व्याप्त है।

## खेलकूद एवं काव्यांजलि कार्यक्रम किया जाएगा आयोजित

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार** : भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी पर लोधेश्वर महादेवा मेला मैदान में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता और काव्यांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजक भाजपा नेता एवं भारतीय किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने शनिवार को महादेवा का दौरा कर मैदान का अवलोकन किया और डाक बंगला में समीक्षा बैठक की। 24 दिसंबर को वॉलीबॉल और 25 दिसंबर को कबड्डी प्रतियोगिता होगी, जबकि विजेताओं को 25 दिसंबर को सम्मानित किया जाएगा। 26 दिसंबर को अपराह्न 4 बजे महादेवा महोत्सव स्थल पर काव्यांजलि कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें कवि अटल जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर काव्य पाठ प्रस्तुत करेंगे। पंडित अवस्थी ने कहा कि सभी आयोजन जनसहभागिता से संपन्न कराए जाएंगे। इसके अलावा 'मेरा गांव, मेरा तीर्थ' अभियान के तहत क्षेत्र के मंदिरों में नियमित धार्मिक आयोजन और सुंदरकांड पाठ कराए जाएंगे।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## भव्य कलश यात्रा और झांकियों ने मोह लिया मन

**बाराबंकी, अमृत विचार** : बालाजी समिति द्वारा आयोजित 9 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को कलश यात्रा से हुआ। पहले दिन श्री नागेश्वर नाथ मंदिर में कलश पूजन किया गया। इसके बाद कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा श्री नागेश्वर नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर सट्टी बाजार, दर्पण टॉकीज, घंटाघर, धनोखर, नाका चौराहा होते हुए जीआईसी ऑडिटोरियम तक पहुंची। जीआईसी ऑडिटोरियम पर पहुंचने पर सभी उपस्थित लोगों ने यज्ञशाला और ऑडिटोरियम की सजावट का आनंद लिया। रविवार सुबह श्रीराम महायज्ञ प्रारंभ होगा, जिसके बाद दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्री कौशल जी महाराज द्वारा राम कथा सुनाई जाएगी। कलश यात्रा में बाला जी सेवा समिति के मुख्य सदस्य मिंटू गाबा, विवेक गुप्ता, सकेश रस्तोगी, शैलू गुप्ता, सुनील वर्मा, राकेश उप्पल, सुजीत चतुर्वेदी, रवि नाग, राजीव श्रीवास्तल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## संदिग्ध दशा में वृद्ध की मौत

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : मकान की कब्जेदारी को लेकर हुए विवाद में एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। रानीगंज की शालिनी ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि 4 दिसंबर को उसके ससुर ओमप्रकाश के मकान की कब्जेदारी को लेकर अमरीश, सोनू आदि ने घर में घुसकर चोरी की थी। इसी दौरान पैरालिसिस से पीड़ित उसके ससुर को जबरन ले गए। 7 दिसंबर को ओमप्रकाश घायल अवस्था में जिला अस्पताल में मिले, उन्हें ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, उपचार के बाद परिजन घर ले आए। हालत बिगड़ने पर 19 दिसंबर की शाम ओमप्रकाश का निधन हो गया।



श्रद्धांजलि देते अनूप यादव एडवोकेट व अन्य। ● अमृत विचार

## डॉ. राम विलास वेदांती को दी गई श्रद्धांजलि

**बाराबंकी : अमृत विचार** : पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क में विद्वत परिषद के तत्वावधान में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के नायक एवं पूर्व सांसद संत डॉ. रामविलास वेदांती को श्रद्धांजलि दी गयी। डॉ. वेदांती का देहावसान बीते दिनों मध्य प्रदेश में रामकथा के दौरान हृदयाघात से हो गया था। सभा को संबोधित करते हुए विद्वत परिषद के संयोजक अधिवक्ता राम लखन शुक्ल ने कहा कि पूरे विश्व में सैकड़ों वर्षों तक किसी मंदिर के लिए संघर्ष होना अनोखी घटना है। आजादी के बाद विश्व का सबसे बड़ा आंदोलन श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन रहा, जिसमें नायक के रूप में डॉ. रामविलास वेदांती का नाम सदैव अविस्मरणीय रहेगा। राष्ट्रभाषा परिषद के अध्यक्ष अजय सिंह गुरु, ओम प्रकाश निगम, अनूप यादव एडवोकेट, दयाशंकर श्रीवास्तव, राष्ट्रीय जागरण मंच के मनोज श्रीवास्तव, अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी, प्रदीप मौर्या, मनोज कुरील आदि मौजूद रहे।

सिटी डायरी




कार्यक्रम का शुभारंभ करते राज्यमंत्री। अमृत विचार

## रामसनेहीघाट नगर पंचायत की पांचवीं वर्षगांठ मनाई गई

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : आदर्श नगर पंचायत रामसनेहीघाट की पांचवीं वर्षगांठ शनिवार को मनाई गई। समारोह का उद्घाटन राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने झंडारोहण के साथ किया। इसके राष्ट्रगान हुआ। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि रामसनेहीघाट ने कम समय में अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश ने बताया कि पांच वर्षों में नगर पंचायत ने विकास कार्यों को धरातल पर उतारा है। इस मौके पर ईओ संतोष चौधरी, लिपिक मनीष श्रीवास्तव, टैक्स लिपिक अधिकारी राम लव कुश मौर्य सहित नगर पंचायत के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



समारोह का शुभारंभ करते जिला अध्यक्ष इं. जयदीप सिंह।

## महा सरपंच महोत्सव का शुभारंभ

**बाराबंकी, अमृत विचार** : मारुति सुजुकी द्वारा आयोजित महा सरपंच महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को बदोसराय में उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष इंजीनियर जयदीप सिंह ने किया। सेल्स मैनेजर महेंद्र शुक्ला ने जयदीप सिंह का स्वागत किया। कार्यक्रम में उद्योग व्यापार संगठन के जिला महामंत्री भूपेंद्र शुक्ला, अमरेश शुक्ला, सुनील जायसवाल, कृपा शंकर शुक्ला, रामशरण गुप्ता, ऋषि कालरा, अभिषेक सिंह, मुन्नू लाल चौरसिया, मुकेश द्विवेदी, अजय गुप्ता, संतोष कश्यप, शताक्षी शुक्ला, सुनील निगम, अखिलेश जैन, सुनील गुप्ता आदि मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष इं. जयदीप सिंह सिद्धू ने सेल्स मैनेजर महेंद्र शुक्ला एवं उनकी टीम को महोत्सव की सफलता की शुभकामनाएं दीं। महेंद्र शुक्ला ने पदाधिकारियों को सम्मानित किया।



कार्यशाला में मौजूद छात्राएं व फाउंडेशन के पदाधिकारी।

## छात्राओं के लिए कार्यशाला

**बाराबंकी : अमृत विचार** : ताराश्री फाउंडेशन द्वारा उदयन शालिनी फेलोशिप में चयनित प्रथम बैच की छात्राओं के लिए कार्यशाला का आयोजन फाउंडेशन कार्यालय में किया गया। विषय इंटरनेट का जिम्मेदारी से उपयोग रहा। प्रथम चरण का संचालन संस्थापिका विभा ने ऑनलाइन माध्यम से किया, जबकि फॉलो-अप सत्र का संचालन डॉ. स्नेह लता द्वारा कार्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सह-संस्थापक राजीव गुप्ता, बिनीता, डॉ. स्नेह लता, इप्शा, ममता, कोऑर्डिनेटर कुसुम सहित कुल 26 छात्राएं उपस्थित रहीं।



जिलाध्यक्ष का स्वागत करते भाजपा नेता। अमृत विचार

## भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार** : भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा (भुल्लन) का देवा आगमन पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव के संयोजन में किया गया। जिलाध्यक्ष ने प्राचीन सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की। राम सिंह वर्मा ने कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा और संगठन को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया। इस मौके पर मंडल प्रभारी नीता अवस्थी, मंडल अध्यक्ष अरविन्द वर्मा (बब्लू), डॉ. विवेक वर्मा, मनीष परिहार, पुनीत मिश्रा, रमाशंकर शुक्ला, सुनील राजपूत, प्रधान सलारपुर शान बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

आयोजन | बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की आठवीं स्पोर्ट्स मीट का 20वां दिन

# खो-खो व टग ऑफ वार में बच्चों ने दिखाया दम

**बाराबंकी, अमृत विचार** : बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा आयोजित आठवीं स्पोर्ट्स मीट उड़ान के 20वें दिन शनिवार को बालाजी का बचपन सत्य प्रेमी नगर शाखा में सभी हाउस के बालक एवं बालिकाओं की खो-खो तथा टग ऑफ वार प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।



रस्साकशी प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

खो-खो में बालिकाओं के ग्रुप ए से अमानत, अरीबा, आद्रिका शुक्ला, साक्षी, आराध्या दीक्षित, इशिता यादव, इरम, आयुषी, सुकैना, बरीरा एवं अनुष्का मौर्य विजेता रहीं। वहीं ग्रुप बी से अभया, प्रभिनीत, भव्य, अंशिका गुप्ता, जिया, अलंकृत, जकिया, ईशानी, आराध्या शेखावत, राबिया, अश्लेषा, ओजस्वी एवं अंशिका मिश्रा ने विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। लड़कों के खो-खो मुकाबलों में ग्रुप ए से अर्षित, शीर्ष, तिवारी, देवांश पटेल, अनमोल शर्मा, सत्यम पांडे, विनायक मिश्रा, वशिष्ठ मिश्रा, अथर्व सिंह, हुजैफा, कुशाग्र पांडे, अथर्व प्रताप सिंह, शिवम कनौजिया एवं बिलाल विजेता रहे। वहीं ग्रुप बी से कृष्णा शुक्ला, स्वास्तिक पांडे, अगम तिवारी, जकरिया, देवांश मिश्रा, अबू हमजा, यश पटेल, अंश पाठक, अचिंत्या, तेजस वर्मा, मानविक वर्मा, अंशुमान एवं अक्षत उपविजेता रहे। टग ऑफ वार प्रतियोगिता में लड़कों की श्रेणी में कंपैशन हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्ट्रैंथ हाउस ने द्वितीय स्थान तथा इनोवेशन हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिकाओं की टग ऑफ वार प्रतियोगिता में कंपैशन हाउस की सिमरत कौर, वन्य, रितिका, मानवी, दिव्या, अंशिका ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## भूमि विवाद में जान से मारने की धमकी

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार** : भूमि के आधार पर डेढ़ लाख रुपये केसीसी ऋण ले लिया गया, जबकि यह विवादित भूमि है। मामले की शिकायत करने पर पीड़ित पक्ष को जान से मारने की धमकी दी गई। नन्दनाकला निवासी दिनेश चन्द्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके भाई अमर सिंह की जमीन को लेकर पारुल वर्मा व राम बहादुर के बीच वाद विचाराधीन है। इसी विवादित भूमि के आधार पर पारुल वर्मा द्वारा आर्यावर्त बैंक शाखा से केसीसी ऋण के तहत लगभग 1.50 लाख रुपये निकाल लिए गए। शिकायत से नाराज होकर अमन सिंह व उनकी पत्नी पारुल ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

# चकमार्ग निर्माण में हुई आदेशों की अवहेलना, डीएम ने लगाई फटकार

## सम्पूर्ण समाधान दिवस : डीएम व एसपी ने 188 मामलों में 7 का किया निस्तारण

संवाददाता, सफीपुर, उन्नाव

**अमृत विचार।** शनिवार को तहसील सफीपुर में डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जन सुनवाई के दौरान फरियादियों की भारी भीड़ रही। डीएम व एसपी ने एक-एककर लोगों की समस्याएं सुनीं और कार्यों में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को चेतावनी भी दी।

सुनवाई के दौरान ऊगू नगर पंचायत के अधिवक्ता अरविंद सिंह ने शिकायत की कि विभागीय लापरवाही के कारण मवेशियों का टीकाकरण नहीं हुआ। जिससे दर्जनों पशुओं की मौत हो गई। डीएम ने इसे गंभीर मानते हुए विभागीय अधिकारी को तलब किया और कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, खरगौरा गांव के चकमार्ग निर्माण में लेखपाल द्वारा आदेशों की अवहेलना करने पर डीएम ने संबंधित लेखपाल को फटकार लगाते हुए इसके तत्काल निस्तारण का निर्देश दिये।

हमजापुर की रसोईया लक्ष्मी ने आरोप लगाया कि पूर्व ग्राम प्रधान ने पट्टा दिलाने के नाम पर दो दर्जन लोगों से लाखों रुपये वसूले और अब न तो पट्टा दे रहा है और न ही रुपये लौटा रहा है। पूछने पर धमकी दी जाती है। दिवस में 188 मामले आए जिनमें 7 का मौके पर निस्तारण हो सका। अन्य को समय से निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दिया। इनमें राजस्व के 58, पुलिस के 32, विद्युत के 17 व अन्य विभागों के 81 मामले आए। इसके बाद डीएम, एसपी जय प्रकाश सिंह व क्षेत्रीय विधायक बंबालाल दिवाकर ने 10 लाभार्थियों को 'घरौनी प्रमाण पत्र' दिये। इस दौरान एसडीएम शिवेंद्र वर्मा, बीडीओ श्वेता त्रिपाठी आदि अधिकारी मौजूद रहे।


महिला को घरौनी प्रमाणपत्र देते डीएम, विधायक। अमृत विचार

## जिला अस्पताल का निरीक्षण, गंदी मिलने पर लगाई फटकार

उन्नाव, अमृत विचार। शुक्रवार देररात डीएम गौरांग राठी ने जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जहां उन्होंने मरीजों को मिल रहे इलाज की जानकारी ली वहीं वार्ड में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताते हुए कर्मचारियों को फटकार लगाई।

शुक्रवार देररात 12 बजे डीएम अचानक जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंच गए। डीएम के अचानक पहुंचने से अस्पताल प्रशासन व ड्यूटी पर तैनात स्टाफ में हड़कंप मच गया। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद डॉ. शोभित अग्निहोत्री से स्वास्थ्य सेवाओं व दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। वार्ड में भर्ती मरीजों से हालचाल जानने के दौरान डीएम ने सर्दी को देखते हुए विशेष निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएस डॉ. राजीव गुप्ता को निर्देश दिये कि वार्डों में हीटर की पर्याप्त व्यवस्था हो और हर मरीज के पास कंबल रहे। इस दौरान डीएम ने अस्पताल के बाहर ठंड में बैठे तीमारदारों को कंबल भी बांटे। इमरजेंसी वार्ड के कुछ हिस्सों में गंदगी देख वहां मौजूद सफाई कर्मियों व जिम्मेदार कर्मचारियों को फटकार लगाई। निर्देश दिया कि अस्पताल परिसर में स्वच्छता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और भविष्य में ऐसी लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल के स्टॉक रजिस्टर व स्टाफ की ड्यूटी रोस्टर की भी जांच की। मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी जीवनरक्षक दवाएं अस्पताल में ही उपलब्ध होनी चाहिए।


जिला अस्पताल की इमरजेंसी में जानकारी लेते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### एनडीपीएस एक्ट के दोषी को मिली सजा

**उन्नाव, अमृत विचार।** मादक पदार्थ के साथ पकड़े गए आरोपी को कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए 45 दिन की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 2000 का जुर्माना भी लगाया। बता दें कि औरास पुलिस ने पुलिस ने 28 नवंबर-2020 को थानाक्षेत्र के चकसुनौरा गांव निवासी राजेंद्र के पास 1.900 किलो मादक पदार्थ बरामद किया था। इस पर एनडीपीएस एक्ट में उसे जेल भेजा गया था। एसआई फरीद खान ने जांच कर साक्ष्य एकत्र कर कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। शनिवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने राजेंद्र को दोषी ठहराते हुए 45 दिन की सजा सुनाई।

### विश्व ध्यान दिवस पर कार्यक्रम आज

**उन्नाव, अमृत विचार।** विश्व ध्यान दिवस पर 21 दिसंबर को गांव ऊमर पोस्ट अटवा में 11 बजे से ध्यान व 12 बजे से आत्म साक्षात्कार का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए सहज योग ध्यान केंद्र के जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र कुमार ने कहा कि उसी दिन शुक्लागंज के गायत्री नगर भातु फॉर्म भुमेश्वर मंदिर के बगल में भी एक ध्यान व आत्म साक्षात्कार का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने सभी भाई बहनों से आग्रह किया कि अधिक संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित हों।

### ढाबा संचालकों के साथ बैठक कर दी हिदायत

**नवाबगंज, अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के हाईवे पर संचालित ढाबों के संचालकों के साथ अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने कोतवाली परिसर में बैठक की। जिसमें हाईवे पर बढ़ रहे सड़क हादसों के बारे में निर्देश दिए। प्रभारी ने संचालकों को ढाबे के सामने खड़े होने वाले वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिससे हाईवे पर ऐसे वाहनों से होने वाले हादसों में कमी लाई जा सके। प्रभारी ने संचालकों को ढाबों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए कहा जो हाईवे की गतिविधियों को भी कवर करें। इस दौरान एसआई मोर मुकुट पांडेय, चौकी इंचार्ज नवाबगंज मुकुल दुबे समेत अन्य पुलिस कर्मी व बड़ी संख्या में ढाबा संचालक मौजूद रहे।

### समस्याओं को हल करने का आश्वासन

**उन्नाव।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (चन्देल गुट) के जिलाध्यक्ष हरिहर प्रसाद दीक्षित व जिला मंत्री रामशंकर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने डीआईओएस सुनील दत्त से मिलकर 15 सूत्रीय ज्ञापन दिया। इसमें समस्याओं का निस्तारण किये जाने की मांग की। डीआईओएस ने निस्तारण के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधि मंडल में चन्द्र प्रकाश शुक्ला, सत्य नारायण सिंह, सूर्यकांत तिवारी, अरुण सिंह, रमेश गौतम, सुनील मिश्रा, सत्येंद्र दीक्षित व मीडिया प्रभारी रमेश चन्द्र गुप्ता आदि थे।

### रेलवे ट्रैक पर बेसुध मिला अधेड़

**शुक्लागंज।** कानपुर-लखनऊ रेल रूट के अंतर्गत गंगाघाट रेलवे स्टेशन के ऋषीनगर केबिन के पास शुक्रवार रात उस समय हड़कंप मच गया जब ट्रैक की पेट्रोलिंग कर रहे कर्मचारी ने एक अधेड़ को रेलवे ट्रैक पर लेटा देखा। उसे मृत समझ पेट्रोलमैन ने तत्काल स्टेशन अधीक्षक के साथ जीआरपी व आरपीएफ को सूचना दी। जीआरपी को अधेड़ जीवित हालत में मिला। इसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार बंद पुल चौराहा स्थित राजीव नगर खंती निवासी छुटई (50) खाने का ढाबा चलाता है।

### कृष्ण-रुक्मिणी विवाह का सुनाया गया प्रसंग

**उन्नाव।** नॉर्मल स्कूल मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह धूमधाम से मना। कथावाचक संत राम शरण शास्त्री ने कृष्ण-रुक्मिणी विवाह का मनोरम चित्रण कर मौजूद भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा वाचक ने रुक्मिणी हरण व विवाह की व्याख्या करते हुए बताया कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी ने भगवान श्रीकृष्ण के गुणों को सुन उन्हें मन ही मन अपना पति चुन लिया था।

### किन्नर समाज पर अभद्र टिप्पणी करने पर रीलमेकर रिपोर्ट दर्ज

**उन्नाव।** रील मेकर द्वारा किन्नर समाज पर अभद्र टिप्पणी करने व बाद में धमकी देने के आरोप लगे हैं। किन्नर महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। लकी किन्नर पुत्री भवानी बक्श सिंह निवासी वार्ड-3 शास्त्री नगर बीघापुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह किन्नर समाज से संबंध रखती हैं। 9 दिसंबर को नाज खान पुत्री अज्ञात निवासी गदनखेड़ा ने बाईपास पर अपने इंस्टाग्राम आईडी पर एक वीडियो पोस्ट किया गया था। किन्नर समाज के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया।

## 33 केवी लाइन में फाल्ट से पूरा नगर अंधेरे में

**शुक्लागंज।** ठंड के मौसम में कोहरे का असर अब बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर भी पड़ने लगा है। शुक्रवार रात 33 केवी लाइन में फाल्ट होने से शुक्लागंज सब स्टेशन, गंगाघाट टाउन सब स्टेशन व त्रिभुवनखेड़ा सब स्टेशन से संचालित सभी फीडरों की आपूर्ति ठप हो गई। इससे शुक्लागंज नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी रात अंधेरा छाया रहा। करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद शनिवार सुबह बाधित बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी। शुक्रवार रात 10 बजे सप्लाई चालू किए जाने के दौरान 33 केवी लाइन में अचानक फाल्ट आ गया। जिससे पूरे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। विभागीय टीम पहुंची लेकिन घने कोहरे व कड़ाके की ठंड के कारण फाल्ट ढूंढने में परेशानी हुई। लंबी पेट्रोलिंग के बाद लाइन स्टाफ ने फाल्ट का पता लगाकर मरम्मत कार्य किया। शनिवार सुबह करीब 5 बजे तीनों सब स्टेशनों से आपूर्ति शुरू की गई। हालांकि फीडर 4 में दोबारा फाल्ट आने से सप्लाई फिर बाधित हो गई। जिसे करीब साढ़े 11 बजे तक दुरुस्त किया जा सका।

## भारत को विकसित बनाने का लिया संकल्प


कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक बम्बालाल दिवाकर। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** डीएसएन कॉलेज सभागार में भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा विकसित भारत युवा कांटेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज प्रांगण में स्थापित पंडित विशंभर दयालु त्रिपाठी, चंद्रशेखर आजाद, जागेंद्र स्वरूप व सुभाष चंद्र बोस की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर व मां सरस्वती का पूजन व दीप प्रज्जवल कर किया गया। मुख्य अतिथि विधायक बम्बालाल दिवाकर, सदर विधायक के प्रतिनिधि प्रखर गुप्ता व भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, मुख्य वक्ता राणा आशुतोष सिंह, आनंद अवस्थी, भाजपा नेता वेणु रंजन भदोरिया, शिक्षक नेता सुधाकर सिंह, पूर्व प्राचार्य आईटीआई अविरांत पांडे, डॉ. राजेश ने युवाओं को उत्तम शिक्षा प्राप्त करने का संकल्प दिलाया। एनएसएस की समन्वयक डॉ. रचना त्रिवेदी द्वारा छात्रों में जागरूकता फैलाई गई। अतिथियों को स्मृतिचिन्ह व छात्रों को प्रमाणपत्र दिये गए। संचालन डॉ. सुदर्शन सिंह, डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव व डॉ. बीएन गुप्ता ने किया।

## दबोचा गया मुंशी हत्याकांड का दूसरा आरोपी

**उन्नाव।** अचलगंज थानाक्षेत्र में नेवरना चौकी के पास चचेरे भतीजों ने कचहरी से लौट रहे मुंशी की गोली मारकर हत्या की थी। पुलिस ने चचेरे भतीजे को जेल भेजा था साथी फरार था। शनिवार को फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

बता दें कि बीती 13 नवम्बर को अचलगंज थानाक्षेत्र के अजीत खेड़ा गांव निवासी गोविंद यादव (48) की पड़री मार्ग पर अचलगंज की नेवरना चौकी से पहले शराब ठेका के पास गोली मारकर हत्या हुई थी। गोविंद कचहरी में एक अधिवक्ता के मुंशी थे और घटना के वक्त काम निपटाकर घर लौट रहे थे। पत्नी शांती देवी ने पुलिस को दी तहरीर में पारिवारिक जमीनी विवाद में चचेरे भतीजे अनुज उर्फ छोटू पुत्र रामप्यारे व उसके भाई आलोक पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अनुज को पुलिस ने पकड़ कर जेल भेजा था। लेकिन आलोक फरार हो गया था। पुलिस की टीमें उसकी तलाश में जुटी थीं। एसओ ब्रजेश शुक्ला ने बताया कि जरूरी कार्रवाई कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर जुल्म के विरोध में प्रदर्शन


हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर प्रदर्शन करते व्यापारी। अमृत विचार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने शनिवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन किया। पुराना गंगापुल स्थित मां गंगा चौक पर मिश्रा कॉलोनी के व्यापारियों ने एक हिंदू युवक की निर्मम हत्या के विरोध में मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी और बांग्लादेश सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की।

व्यापारी नेता रविशंकर गुप्ता ने कहा कि बांग्लादेश में हिंसा के दौरान हिंदुओं को विशेषकर महिलाओं, बच्चों व हिंदू व्यापारियों को निशाना बनाया जा रहा है। जिसे देश का व्यापारी समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि वह बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा के लिए ठोस व प्रभावी कदम उठाए तथा वहां की सरकार को कड़ा संदेश दे। इस दौरान गौरव गुप्ता, रविंद्र पाल, हरि जी, सुंदरलाल, शिव बहादुर, जतिन, अशोक, मोहित, रोहित, अरुण सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## चोरों ने दो घरों से उड़ाए नकदी व जेवर

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र की निबई चौकी क्षेत्र के सिंगहा गांव में बीती रात चोरों ने जमकर धमा चौकड़ी मचाई। गांव निवासी मनोज सिंह के घर में छत के रास्ते दाखिल हुए चोर कमरे की कुंडी काटकर बक्सों के ताला तोड़कर 15 तोला सोना व चांदी के जेवर सहित बच्चों की फीस जमा करने के लिए रखे 50 हजार रुपये उठा ले गए। चोर कथित कोटेदार शिवप्रताप के घर में एक कमरे का ताला तोड़कर 5 हजार नकद व चांदी के जेवरात चुरा ले गए। वारदात से पहले चोरों ने उनके कमरे कि कुंडी बाहर से बंद कर दी। सुबह चोरी की जानकारी होने पर पीड़ितों के होश उड़ गए। मनोज के मुताबिक वह बाहर की ओर बने कमरे में अकेले सो रहे थे। पत्नी अनीता सिंह, बच्चे अपूर्वा, स्वाधीनता, स्वास्तिक व भाई बृज किशोर दूसरे कमरों में थे। इसके बावजूद किसी को चोरी की भनक नहीं लगी। मनोज ने चोरी का आरोप ग्राम प्रधान पर लगाया है। पुलिस व फील्ड यूनिट ने जांच की। सीओ मधुप नाथ मिश्रा ने बताया कि जांच की गई है। मनोज खेती करते हैं। उनके द्वारा एक व्यक्ति पर शक भी जताया गया है। रिपोर्ट दर्ज हुई है।

## बच्चों की भावनाओं का रखें ख्याल: प्रदेश निरीक्षक


कार्यक्रम के दौरान बैठे एसवीएम के छात्र। अमृत विचार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** शनिवार को गोपीनाथपुरम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भारतीय शिक्षा समिति पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह पहुंचे। इसमें उन्होंने कक्षा 10 व 12 के छात्र-छात्राओं से बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर संवाद किया और सफलता के सूत्र बताए। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास के साथ नियमित अध्ययन पर जोर दिया। इसके बाद आयोजित मातृ सम्मेलन, पूर्व छात्रा व अभिभाविका सम्मेलन में उन्होंने माताओं से बच्चों की सेहत, मानसिक स्थिति व उनके विचारों को समझने की अपील की। कहा कि आज की युवा पीढ़ी अधिक जागरूक है इसलिए उन पर अनावश्यक दबाव न डालें बल्कि उनकी भावनाओं को समझकर सहयोग करें। इस दौरान आचार्यों के साथ बैठक कर शिक्षण व्यवस्था व बेहतर परिणामों पर चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय की डिजिटल पत्रिका अभिव्यक्ति का विमोचन भी किया गया। संचालन रविशंकर श्रीवास्तव ने किया तथा कल्याण मंत्र के साथ समापन हुआ। इस दौरान प्रबंधक राकेश कुमार, प्रधानाचार्य श्रवण सिंह, भूपेन्द्र सिंह, शिव सिंह, मनोज सिंह, रचना सिंह, दुर्गा, सोनी आदि मौजूद रहीं।

## सर, शराब ठेके के कारण बाहर जाने से डर लगता है...

**उन्नाव, अमृत विचार।** शहर के लोधनहार मोहल्ला में संचालित देशी शराब ठेका हटवाने की गुहार लगाते बच्चियों का वायरल हुआ वीडियो लोगों में चर्चा का विषय बना है। वहीं आबकारी विभाग के अधिकारी शराब ठेके को क्लीनचिट देकर उसे मानकों के अनुरूप बता रहे हैं।

बता दें कि शहर के वार्ड-25 के लोधनहार मोहल्ला में संचालित देशी शराब ठेके की अराजकता को लेकर डीएम से लगाई जा रही गुहार शोसल मीडिया पर शनिवार को खूब वायरल हुई। वीडियो में दो मासूम बच्चियां ठेके की अराजकता को बयान करते हुए बता रही हैं कि उन्हें इससे स्कूल जाने में परेशानी होती है। आएदिन पियक्कड़ नशे में गाली गलौज व मारपीट करते हैं। इससे उन्हें डर लगता है। ट्यूशन वाली टीचर भी इसलिए नहीं आती हैं। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी भी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। लेकिन यह मामला सिर्फ एक ठेके का नहीं है। कई शराब ठेकों के अंदर व आसपास जमकर शराब भी पिलाई जाती है। इसके बाद यह लोग सड़क पर अराजकता करते हैं। वहीं वायरल वीडियो के संबंध में जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्रा ने बताया कि ठेके के पास बने एक मकान स्वामी ने पूर्व में शिकायत की थी। जिस पर दो दिन पहले उन्होंने जांच की। ठेका मानकों के आधार पर संचालित है। ठेके के पास कोई धार्मिक स्थल व विद्यालय नहीं है। बताया कि वायरल वीडियो उनकी जानकारी में नहीं है। फिर भी इसकी जांच कराएंगे।


वीडियो में गुहार लगातीं बच्चियां।

- वीडियो बनाकर बच्चियों ने लगाई शराब ठेका हटवाने की गुहार

## सिटी डायरी

### स्कूल ने मेहनत से बनाई पहचान डिजिटल शिक्षा की राह होगी मजबूत


कक्षा में छात्रा को समझाते शिक्षक प्रदीप कुमार।

**औरास।** विकासखंड औरास के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में शैक्षिक नवाचारों, खेलों में निरंतर सफलता व पर्यावरणीय जागरूकता से प्रभावित होकर जिले की प्रतिष्ठित संस्था रघुनंदन सोलर कम्युनिकेशन ने विद्यालय में सोलर पैनल प्रणाली लगवाने की इच्छा जताई है। संस्था ने विद्यालय के सहायक अध्यापक प्रदीप वर्मा द्वारा किए जा रहे शैक्षिक, सामाजिक व पर्यावरणीय प्रयासों की सराहना करते हुए यह पहल की है। प्रस्तावित सोलर पैनल से विद्यालय में बिजली संबंधी समस्याओं से निजात मिलेगी। जिससे स्मार्ट क्लास, डिजिटल शिक्षा, कंप्यूटर व प्रोजेक्टर जैसी आधुनिक शैक्षिक सुविधाओं का सुचारु संचालन संभव हो सकेगा। संस्था का उद्देश्य ऊर्जा की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित कर विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ना है।


वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

### बालिका वर्ग में बिछिया व सब जूनियर बालक वर्ग में बीघापुर बनी विजेता

**उन्नाव।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव के चौथे दिन वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें वॉलीबाल सब जूनियर बालक में बीघापुर ने बिछिया को हराकर जीत दर्ज की। विजयी खिलाड़ियों को अतिथियों ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। खेल महोत्सव के तहत वॉलीबाल सब जूनियर बालक में बीघापुर व बिछिया के बीच मैच हुआ। पहले सेट में 15-10 से बीघापुर ने जीत दर्ज की। दूसरे सेट में बीघापुर 15-11 से जीत दर्ज कर विजेता बनी। जूनियर बालक में बीघापुर बनाम सदर के बीच हुआ। इसमें पहला सेट 25-22 से बीघापुर ने जीता। दूसरा सेट 25-23 से जीतकर बीघापुर विजेता बनी।

### मंगलवार शाम घर से निकली मुस्कान बाद में जलाकर हत्या की मिली सूचना

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली तलाकशुदा महिला की निर्मम हत्या का मामला सामने आने से इलाके में सनसनी फैल गई है। शनिवार को जब मनोहर नगर में मुस्कान की हत्या की खबर फैली तो हर कोई स्तब्ध रह गया। मनोहर नगर निवासी नफीसा ने बताया कि करीब छह माह पूर्व थाना अनवरगंज क्षेत्र के कुलीबाजार बकरमंडी निवासी मुस्कान उर्फ जन्नत उनके मकान में किराए पर रहने आई थी। उन्होंने 1500 रुपये प्रतिमाह किराए पर उसे एक कमरा दिया था। मुस्कान तलाकशुदा थी और उसके दो बच्चे हैं। वह कानपुर में झाड़ू-पोछा कर भरण-पोषण करती थी। मकान मालकिन के अनुसार मुस्कान अकेले ही रहती थी और उसके कमरे में किसी का आनाजाना नहीं था। वह शांत स्वभाव की थी और मोहल्ले के लोगों से अच्छा व्यवहार रखती थी। मंगलवार शाम वह घर से अकेले निकली थी और कुछ देर में लौटने की बात कही थी। लेकिन बुधवार को वह नहीं लौटी। इसके बाद दो दिन और बीत गए। शनिवार को जब अखबारों में उसकी जलाकर हत्या किए जाने की खबर आई तो मकान मालकिन व आसपास के लोगों के होश उड़ गए। घटना की सूचना से मोहल्ले में शोक व आक्रोश का माहौल है।

### विधायक व एसडीएम ने गरीब महिलाओं को बांटे कंबल


महिला को कंबल देते विधायक व एसडीएम। अमृत विचार

**सफीपुर।** विकासखंड सभागार व क्षेत्र के अहमदाबाद माथर गांव में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में विधायक बम्बालाल दिवाकर व एसडीएम शिवेंद्र वर्मा ने गरीब व निराश्रित महिलाओं को कंबल दिये। विधायक ने कहा कि कंबल वितरण की अभी यह शुरुआत है। कोई भी पात्र व्यक्ति कंबल से वंचित न रहे इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रयास में लगा है। ग्राम प्रधानों से पात्र व्यक्तियों की सूची मांगी गई है। इस मौके पर उन्होंने 20 महिलाओं को कंबल दिये। इसमें बीडीओ श्वेता त्रिपाठी, राजू चौहान, लाले गौड़, मलखान सिंह आदि मौजूद रहे।

## मुश्किल | शताब्दी समेत कई ट्रेनें गंगाघाट में रुकीं

# कोहरे ने बिगाड़ी कानपुर-लखनऊ रूट ट्रेनों की रफ्तार

संवाददाता, शुक्लागंज

**अमृत विचार।** दिसंबर माह में पड़ रही कड़ाके की ठंड के साथ कोहरे का असर अब रेल संचालन पर भी साफ दिख रहा है। कानपुर-लखनऊ रेल रूट से गुजरने वाली एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनें अपने निर्धारित समय से काफी विलंब से गंतव्य तक पहुंच रही हैं। शनिवार को घने कोहरे के कारण शताब्दी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों को बिना निर्धारित स्टापेज के गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर रोका गया। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

ठंड के मौसम में कोहरा व धुंध के चलते ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। शनिवार को भी इसका असर साफ देखने को मिला। लखनऊ जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस अपने तय समय 11:30 बजे के बजाय करीब ढाई घंटे की देरी से दोपहर 2:12 बजे गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंची। रूट क्लियर न होने के कारण सिग्नल नहीं मिलने से ट्रेन को लगभग चार मिनट तक स्टेशन पर खड़ा रहना पड़ा।


गंगाघाट स्टेशन पर खड़ी शताब्दी। अमृत विचार

### जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता स्थगित

**उन्नाव।** बीएसए शैलेश पांडे ने कहा कि जनपदीय बेसिक वार्षिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता समारोह 2025-26 का आयोजन 22 व 23 दिसम्बर 2025 को पुलिस लाइन में आयोजित होना था। किन्तु प्रदेश में शीतलहर की स्थिति को देखते हुए और जिले के विभिन्न शिक्षक संगठनों के अनुरोध पर यह आयोजन तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक स्थगित किया जाता है। उन्होंने खंड शिक्षाधिकारियों से कहा कि विकासखंड स्तर से प्रतिभाग करने बाले छात्र/छात्राओं को अविलम्ब सूचित कराएं।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला के बैंक खाते से 49 हजार निकाले

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** महिला के खाते से 49 हजार उड़ा देने का एक मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला वाजिद खेल निवासी रुचि गुप्ता पत्नी संदीप गुप्ता के अनुसार 19 दिसंबर को उसके खाते से किसी ने 49,000 आहरित कर लिए गए। जब उसने बैंक जाकर देखा तो अकाउंट से 49 हजार निकाले जा चुके थे। पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### महिला ने पिता-पुत्र के खिलाफ दी तहरीर

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुए कहा कि कन्नौज निवासी एक युवक उससे गलत इरादे से अक्सर अश्लील हरकतें करता है। आरोप है कि 15 दिसंबर की शाम उसके शौच के दौरान आरोपित बगल में पहुंच गया। उसका कहना है कि आरोपी अभिषेक और उसके पिता अक्सर उसे जाति सूचक गालियां देता है। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि मामले की जांच के बाद आगे कार्यवाही की जायेगी।

### घर में आग लगने से गृहस्थी जलकर राख

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** घर में आग लगने से गृहस्थी जल कर राख हो गई है। थाना क्षेत्र के देबियापुर मजरा कुरसठ बुजुर्ग देहात निवासी किसान तुलसीराम ने बताया कि शुक्रवार की रात समय लगभग 2 बजे घर के बाहर दीवार पर रखे छप्पर में अचानक आग लग गयी। ग्रामीणों की सूचना पर डायल 112 व पुलिस मौके पर पहुँची ने फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी। फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। पीड़ित ने बताया कि घर में रखें तीस हजार रुपए, एक भैस, चारा मशीन, पंम्प सेट, साईकिल, एक हज़ार फिट पाइपलाइन, गृहस्थी जल कर राख हो गई है। शनिवार की सुबह मौके पर पहुचे हल्का लेखपाल जमाल अहमद ने जांच की।

# सार्वजनिक स्थानों पर बनवाएं रैन बसेरा, जलवाएं अलाव

## डीएम ने तहसील सवायजपुर में ठंड से बचाव के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश, जनता की समस्याएं सुन किया निस्तारण

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** तहसील सवायजपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अनुनय झा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजना आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना एवं पेंशन आदि योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को सम्बन्धित विभाग के अधिकारी लाभान्वित करायें।

डीएम ने नगर निकाय के ईओ को निर्देश दिये भीषण ठंढ के दृष्टिगत रखते हुए नगर के मुख्य-मुख्य चौराहों, बस स्टाप, रैन बसेरा, अस्पताल एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों के पास प्राथमिकता पर अलाव जलवायें, ताकि आने-जाने एवं आम जनमानस को राहत मिले और खण्ड विकास अधिकारी आवश्यकतानुसार ग्राम पंचायतों एवं ग्रामों में अलाव जलवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आपसी भूमि विवाद शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के कानूनगों एवं लेखपालों को निर्देश दिये इन प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गांव में जाकर ग्राम प्रधान, सचिव, अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं स्वयं की उपस्थित में दोनों पक्षों की सहमति अनुसार निष्पक्ष करायें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. भावनाथ पाण्डे, डीएफओ जेबी शेंडे, उप जिलाधिकारी मंयक कुण्डू व तहसीलदार विनोद कुमार सवायजपुर, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित जिलास्तरीय अधिकारी, बीडीओ, ईओ, सीडीपीओ, थानाध्यक्ष एवं फरियादी आदि उपस्थित रहे।



पीड़ितों की शिकायतें सुनते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

### डीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी ने ब्लाक भरखनी के बाबा लक्ष्मण दास वृहद गौशाला आश्रय स्थल अमिरता का निरीक्षण किया। डीएम ने गौशाला में गाय को माला पहनाकर गुण-चना व हरा चारा खिलाया और पौधरोपण भी किया। जिलाधिकारी ने गौशाला में 12 एकड़ में बोये गये हरे चारे, तालाब, मत्स्य पालन, सीसी कैमरा, पशुओं की चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, टीन शेड एवं ठंड से बचाव हेतु तिरपाल आदि व्यवस्थाओं को देखा।

### शाहाबाद में सीडीओ ने सुनीं जन शिकायतें

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** तहसील मुख्यालय पर शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस और राजस्व से संबंधित 74 शिकायतें आईं जिनमें से मात्र पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सीडीओ सान्या छाबड़ा ने की। संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ ने फरियादियों को सुना और संबंधित अधिकारियों को जांच कर उनके निस्तारण का निर्देश दिया। इस अवसर पर एसडीएम अंकित तिवारी, क्षेत्राधिकारी आलोक राज नारायण, तहसीलदार संध्या यादव, प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह सहित समस्त विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## तिलक लगाकर जाने पर कॉलेज के प्रिंसिपल ने छात्र को रोका

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** स्थानीय बी.एन. डिग्री कॉलेज में तिलक लगाकर जाने पर एक छात्र को प्राचार्य ने रोक दिया। छात्र ने संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर देकर कार्रवाई की मांग की है। एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के छात्र अमित यादव ने कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. उमर पर तिलक लगाने को लेकर आपत्तिजनक व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाते हुए तहसील समाधान दिवस में शिकायत की है। पीड़ित का कहना है कि वह कॉलेज में अध्ययनरत है और जब वह नियमित रूप से तिलक लगाकर कॉलेज जाता है तो प्राचार्य द्वारा उसे तिलक हटाकर आने की बात कही गई। छात्र अमित यादव पुत्र रामनरेश का आरोप है कि प्राचार्य ने उससे कहा कि यह बी.एन. डिग्री कॉलेज है, कोई गुरुकुल नहीं, जिससे वह मानसिक रूप से आहत हुआ। छात्र का कहना है कि इसी कारण वह एलएलबी प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म नहीं भर पा रहा है, जबकि परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर 2025 निर्धारित है। प्राचार्य के कथित व्यवहार से आहत छात्र ने तहसील समाधान दिवस में तहरीर देकर मामले में वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। छात्र का कहना है कि शिक्षा के मंदिर में इस प्रकार का व्यवहार उसकी धार्मिक आस्था और अधिकारों का हनन है। मामले की जानकारी मिलने पर विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष सहित अरुण गुप्ता, अमन चौहान सहित अन्य कार्यकर्ता बी.एन.डिग्री कॉलेज पहुंचे। उन्होंने छात्र के तिलक लगाने पर कथित दुर्व्यवहार का विरोध जताते हुए प्राचार्य से आपत्ति दर्ज कराई। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि कॉलेज एक शिक्षा का मंदिर है और किसी भी छात्र के साथ उसकी धार्मिक पहचान या आस्था के आधार पर दुर्व्यवहार नहीं किया जा सकता। कहा कि यदि भविष्य में किसी भी छात्र के साथ इस तरह की घटना दोहराई गई तो संगठन आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। वहीं इस पूरे प्रकरण पर कॉलेज के प्राचार्य डा. उमर ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने तिलक लगाकर कॉलेज आने पर किसी भी छात्र को न तो रोका है और न ही इस विषय में कोई टिप्पणी की है।



मामले की जानकारी देता छात्र अमित यादव।

- **छात्र ने समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर लगाया आरोप**

### पूर्व प्रधान ने बनाया फर्जी निवास प्रमाण पत्र

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खण्ड भरावन की ग्राम पंचायत हीरूपुर गोटैया में पूर्व प्रधान ने एक अपने लेटर पैड पर युवक का फर्जी निवास प्रमाण पत्र बना दिया। ग्राम पंचायत हीरूपुर गोटैया के वर्तमान प्रधान ठाकुर प्रसाद ने जिलाधिकारी को आनलाइन शिकायत करते हुए आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम पंचायत हीरूपुर गोटैया के पूर्व प्रधान धनीराम चौरसिया ने अपने लेटर पैड़ पर 21 नवम्बर को गांव के ही युवक का फर्जी प्रमाण पत्र बना दिया।

## कोर्ट के आदेश पर दबंगों के खिलाफ दर्ज किया केस

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम राजा पुरवा में दबंगों ने एक व्यक्ति को घर में घुसकर मारा पीटा, जिससे उसकी हड्डी टूट गई। थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। न्यायालय के आदेश पर पांच माह बाद पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करनी पड़ी।

अखिलेश उर्फ अरुण पुत्र मुन्ना लाल के अनुसार 26 जून को रात्रि लगभग आठ बजे वह अपने दरवाजे पर बैठा हुआ था। उसी समय गांव के लालाराम, अमरपाल पुत्रगण खिल्ला आ गए और गाली गलौज करते हुए मारने के लिए दौड़े तो वह अपने घर के अंदर भाग गया, लेकिन दरवाजा खुला रह जाने की वजह से उपरोक्त दबंग घर के अंदर घुस गए और उसे मारने पीटने लगे जिससे उसे काफी चोटे आई हैं। गांव के शिवराम और रामविलास के आज जाने के बाद उपरोक्त दबंग जान माल की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित के अनुसार उसने बेहटा गोकुल थाने में जाकर रिपोर्ट लिखानी चाही परंतु उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। तब उसने न्यायालय की शरण ली। पांच बाद न्यायालय के आदेश पर बेहटा गोकुल पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करनी पड़ी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया अदालत के आदेश पर केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### महिला ने डीएम को पत्र लिखकर लगाई गुहार

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** पति की मृत्यु के बाद अन्त्योदय कार्ड भी कटा, तीन नाबालिगों के साथ रह रही महिला को खाने की दिक्कत हो गई है। बताते चलें कि नगर के मोहल्ला अशराफ टोला निवासिनी महीरा बानो के पति मोहम्मद अकील की मौत हो चुकी है। महिला ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर बताया कि वह अपने तीन बच्चों के साथ रहती है। उनके पास अन्त्योदय कार्ड था जिससे उनके परिवार का भरण पोषण हो रहा था, लेकिन कुछ समय पहले वह भी कट गया, उनके पास आय का भी कोई जरिया नहीं है, जिससे उन्हें परिवार का भरण पोषण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## सीएचसी में खुला जन औषधि केंद्र

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** शनिवार को उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया। जन औषधि केंद्र के खुलने से क्षेत्र के मरीजों को कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

इस अवसर पर मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना का उद्देश्य आम जनता को सस्ती और प्रभावी दवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि इलाज के खर्च का बोझ कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह केंद्र क्षेत्र के गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगा। उच्च शिक्षा मंत्री ने शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों को भी गिनाया और बताया क्षेत्र वासियों के सहयोग से वह इस पद पर पहुंची हैं इसलिए उनकी जिम्मेदारी बनती है कि क्षेत्रवासियों को सरकार से मिलने वाली सारी सुविधाएं आप सभी को उपलब्ध कराई जा सकें। इस क्रम में इस औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। सीएचसी प्रभारी डाक्टर प्रवीण दीक्षित, ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा, डॉ. दीपक मिश्रा, भाजपा के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, अंकित गुप्ता उपस्थित रहे।



शाहाबाद सीएचसी में फीता काटकर शुभारंभ करतीं उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी।

### कम दूरी की बस का किराया हुआ सस्ता

**हरदोई, अमृत विचार।** आम यात्रियों को राहत देने की दिशा में राज्य सड़क परिवहन निगम के हरदोई क्षेत्रीय कार्यालय की पहल को शासन से हरी झंडी मिल गई है। कम दूरी की यात्राओं के लिए 20 प्रतिशत किराया कम किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद अब यह सुविधा हरदोई क्षेत्र के दो प्रमुख मार्गों पर लागू की जा रही है। शासन की अनुमति के उपरांत जिन दो मार्गों का चयन किया गया है, उनमें पहला हरदोई- सांडी- दुर्गागंज-बिलग्राम मार्ग तथा दूसरा हरदोई- सांडी- हरपालपुर- चौसार-श्रीमाऊ मार्ग शामिल है। इन दोनों ही मार्गों पर यात्रियों को अब सामान्य किराए की तुलना में 20 प्रतिशत कम भुगतान करना होगा।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, हरदोई

- **बहन ने भाई की पत्नी पर लगाया हत्या करने का आरोप**

**अमृत विचार।** युवक का शव उसके मकान के पीछे पेड़ पर फंदे से लटका मिला। भाई की मौत की सूचना पर मायके पहुंची बहन ने अपनी भाभी पर ही हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है।

बेहटा गोकुल थाने के जसमई खे रौनक निवासी रामकुमार (45) पुत्र शंकर लाल मेहनत-मजदूरी करता था। करीब 10 साल पहले उसने बड़े भाई रामस्वरूप की मौत होने के बाद भाभी गुड्डी से शादी कर ली थी। रामस्वरुप के एक बेटा रामलड़ैते और चार बेटियां थी। रामकुमार की एक बेटी हुई, लेकिन उसकी मौत हो गई थी। उसके बाद से उसके कोई औलाद नहीं हुई। उसके चचेरे भाई रामसनेही ने बताया कि शुक्रवार की शाम सभी लोग घर के बाहर बैठे अलाव ताप रहे थे। उसी बीच रामकुमार पत्नी की साड़ी लेकर घर से निकल गया। रामसनेही के अनुसार कुछ लोग उसके मकान के पीछे से निकले। उन्होने वहां आम के पेड़ में रामकुमार का शव लटकता हुआ देखा। भाई की मौत की खबर सुन कर जलालाबाद शाहजहांपुर से आई उसकी बहन विमला ने रामकुमार की पत्नी गुड्डी के ऊपर उसकी हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अनियंत्रित बाइक विद्युत पोल से टकराई, युवक की हालत गंभीर

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** घर से बाइक द्वारा खेत देखने जा रहे युवक की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर विद्युत पोल के टकरा गई। पास लगी अर्थिंग लोहे की सरिया युवक की कमर में घुसकर आर पार हो गई। परिजन गम्भीर हालत में जिला अस्पताल कन्नौज में भर्ती कराया, जहां से कानपुर रेफर कर दिया गया।


जानकारी के अनुसार शनिवार को सुबह 11 बजे मढ़िया निवासी अश्मित (25) पुत्र अशोक बाइक से खेत पर जा रहा था। सिरसैया मोड़ के पास लगे विद्युत पोल में अचानक मोटरसाइकिल टकराकर गिर गई और युवक के अर्थिंग लोहे की सरिया कमर से घुसकर पेट के नीचे से निकल कर आर पार हो गया। लोगों ने रॉड को काट कर एंबुलेंस से जिला अस्पताल कन्नौज में भर्ती कराया, जहां से कानपुर रेफर कर दिया गया। युवक की हालत गंभीर बनी है।

## हरियाणा पुलिस को चकमा देकर भागे आरोपी को बिलग्राम पुलिस ने दबोचा

संवाददाता, हरदोई, बिलग्राम

**अमृत विचार।** धोखाधड़ी और साजिश का आरोपी होटल के अंदर से हरियाणा की साइबर क्राइम टीम को चकमा देकर भाग निकला। बिलग्राम पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे ढूंढने निकली टीम-7 ने 5 घंटे में ही उसे दबोच लिया।

बताया गया है कि हरियाणा के थाना चरखी दादरी की साइबर क्राइम टीम ने महाराष्ट्र के उन्नाती रेजिडेंसी क्रिशना काम्प्लेक्स भिवंडी थाणे निवासी मनजीत महतो को गिरफ्तार किया था। साइबर क्राइम चरखी दादरी के प्रबंधक/एसओ एसआई संदीप कुमार ने बिलग्राम पुलिस को दी तहरीर में कहा कि दूसरे आरोपियों को तलाश कर रही उनकी टीम मनजीत महतो को अपने साथ लेकर बहादुर नगर रायबरेली जा रही थी। शुक्रवार की रात पूरी टीम बिलग्राम के एक होटल में ठहरी हुई थी। उसी बीच मनजीत महतो चकमा देकर भाग निकला। बिलग्राम पुलिस ने एसआई संदीप कुमार की तहरीर पर बीएनएस की धारा 262 में दर्ज कर एसएचओ बिलग्राम अरविंद कुमार राय की टीम-7 ने आरोपी को 5 घंटे में ही दबोच लिया।





शिविर में आयुष्मान कार्ड बनवाते ग्रामीण। अमृत विचार

### स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** अब आयुष्मान कार्ड के जरिए मिलेगा पांच लाख का मुक्त इलाज सुरसा विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत खजुरहरा के मजरा जगतपुरवा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाया गया, जिसमें ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाए गये शासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन में ग्रामीणों के 6 यूनिट या अंत्योदय कार्ड होने पर ही बनेंगे। छह से कम यूनिट होने वाले लोग कार्ड बनने से वंचित हो गए। इस शिविर का आयोजन अधीक्षक डॉ. शिवसागर चौधरी, बीसीपीएम रमेश सिंह रवि सिंह बीपीएम पवन कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों को वितरित किए गर्म वस्त्र

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** कड़ाके की ठंड और शीत लहर के बीच हरदोई के सेंट जेवियर्स हाई स्कूल ने ग्राम सभा में जरूरतमंद और असहाय लोगों के लिए गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अभियान का उद्देश्य ठंड से बचाव करना और समाज के कमजोर वर्गों को राहत पहुंचाना रहा।

विद्यालय प्रबंधन के आह्वान पर छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बड़ी संख्या में गर्म कपड़े एकत्र किए, जिन्हें गांव के गरीब परिवारों, बच्चों और बुजुर्गों को वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के अध्यक्ष नारायण चटर्जी ने विद्यार्थियों की संवेदनशीलता और सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेंट जेवियर्स हाई स्कूल शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने में भी निरंतर अग्रणी रहा है।



बच्चों को गर्म कपड़े देती प्रधानाचार्य मौसमी चटर्जी। अमृत विचार

### किशोर को सकुशल बरामद कर सौंपा

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** हरदोई देहात कोतवाली में ऑपरेशन स्माइल अभियान के अंतर्गत पुलिस ने अचानक लापता हुए 14 वर्षीय किशोर को मात्र तीन घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। किशोर के लापता होने की सूचना मिलते ही कोतवाली इंचार्ज हरिनाथ यादव ने तत्काल पुलिस टीम गठित की। टीम ने संभावित स्थलों पर छानबीन शुरू की। सूचना मिलने के तीन घंटे के अंदर किशोर को बरामद कर लिया। किशोर को पाकर परिजनों ने पुलिस को धन्यवाद दिया।

## पुलिस ने अवैध खनन में वांछित को गिरफ्तार कर जेसीबी सीज की

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने अवैध मिट्टी खनन और सरकारी वाहन को क्षति पहुंचाने के मामले में नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया और एक जेसीबी सीज कर दी है।

जानकारी के अनुसार 18 दिसंबर को बिलग्राम के खनन अधिकारी शिव दयाल सिंह ने थाना बिलग्राम पर तहरीर देकर केस दर्ज कराया था। तहरीर के अनुसार अभियुक्त सुमित निवासी ग्राम परसौला थाना बिलग्राम द्वारा अवैध रूप से मिट्टी का खनन कराया जा रहा था। इसी दौरान मिट्टी से भरे डंपर से खान विभाग की गाड़ी में टक्कर मार दी गई, जिससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई और वाहन को नुकसान पहुंचा। अभियुक्त सुमित को गिरफ्तार कर लिया गया और जेसीबी को सीज कर दिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**स्थापना दिवस** | धूमधाम से मनाया गया इनर व्हील क्लब का स्थापना दिवस, क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट चित्रा बाजपेई ने कहा

# छोटे से संकल्प से शुरू हुआ सफर बना सेवा की नई पहचान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुके इनर व्हील क्लब ऑफ हरदोई डीओडी ने अपनी स्थापना के 10 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने पर एक भव्य समारोह आयोजित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती एवं विशिष्ट अतिथि जिला न्यायाधीश रीता कौशिक ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात क्लब सदस्यों द्वारा गौरवपूर्ण 'फ्लैग मार्च' निकाला गया। समारोह को संबोधित करते हुए क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट चित्रा बाजपेई ने पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियों और सेवा यात्रा का भावुक विवरण साझा किया। उन्होंने कहा कि एक छोटे से संकल्प से शुरू हुआ यह सफर आज जनपद में सेवा की नई पहचान बन चुका है। वर्तमान क्लब प्रेसिडेंट पारुल तिवारी ने अपने कार्यकाल में 10 वर्ष पूरे होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए वार्षिक प्रोजेक्ट्स की रिपोर्ट पेश की और भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर चार्टर प्रेसिडेंट चित्रा बाजपेई सहित संस्थापक सदस्य अनुराधा मिश्रा, डॉ. शिवानी मिश्रा, नेहा नारायण, इंदु शुक्ला, राखी द्विवेदी, रागिनी तिवारी और शिल्पी रस्तोगी को उनके 10 वर्षों के निरंतर सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में प्रमोद वाजपेई, अनुराग नारायण, डॉ. अमित मिश्रा, हरिवंश सिंह, अतुल तिवारी, राजीव अवस्थी, वर्तमान कार्यकारिणी एवं क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे।




मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती एवं विशिष्ट अतिथि जिला न्यायाधीश रीता कौशिक के साथ इनर व्हील क्लब के सदस्य।



जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते गोपामऊ विधायक श्याम प्रकाश।

### कंबल पाकर जरूरतमंदों के खिले चेहरे

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर बसीठ में गोपामाऊ विधानसभा के विधायक श्याम प्रकाश ने ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ग्राम के पूर्व प्रधान मनोज द्विवेदी एवं हर्ष द्विवेदी ने किया। कड़ाके की ठंड के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल वितरित किए गए। विधायक ने कहा कि गरीब, बुजुर्ग और असहाय लोगों की सेवा ही जनप्रतिनिधि की पहली जिम्मेदारी है और कोई भी जरूरतमंद ठंड से वंचित न रहे, इसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। विधायक प्रतिनिधि धर्मेश मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से पहुंचाया जा रहा है।

### साफ-सफाई न होने से गंदगी का अंबार

**रूपापुर, हरदोई, अमृत विचार।** सवायजपुर ब्लॉक भरखनी के ग्राम पंचायत महमूदपुर (वीरेपुर) में साफ-सफाई की गंभीर समस्या ने ग्रामीणों को भारी परेशानी में डाल दिया है। कई महीनों से नाली की सफाई न होने से नाली बंद होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि नालियों में जमा गंदा पानी रास्ते से बाहर निकल कर लोगों के चलने-फिरने में बाधा बन रहा है। सर्दी के मौसम में इस गंदगी से गुजरना मजबूरी बन गया है। स्थानीय किसान और निवासी उमाकांत ने कहा, हमने कई बार ग्राम प्रधान से नाली साफ कराने की गुजारिश की, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

# साहब! अभिलेखों में नाबालिग दर्ज हूं, बालिग करा दीजिए

## जनपद की सात तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार।** साहब! राजस्व अभिलेखों में मैं अभी भी 14 वर्ष का दर्ज चला आ रहा हूं। बालिक होने के बाद भी मेरी खतौनी पर सुधार नहीं किया गया है। लेखपाल से कई बार कहा मगर समाधान नहीं हुआ। ये शिकायत क्षेत्र के ग्राम सौरहा मजरा टांडा सालार निवासी दिवाकर पुत्र बहादुर ने डीएम से की। डीएम ने शिकायत को सुनकर मौके पर ही राजस्व अभिलेखों में उसे बालिग दर्ज कराकर खतौनी प्रदान की। खतौनी पाने पर फरियादी का चेहरा खिलखिला उठा।

शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने लहरपुर तहसील में फरियादियों की व्यथा सुनीं। कड़ाके की ठंड के बावजूद फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। डीएम के आगमन की सूचना मिलते ही सुबह से ही लोग अपनी-अपनी समस्याएं लेकर तहसील परिसर पहुंचने लगे। समाधान दिवस से पहले जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने विकासखंड क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खैरुल्लापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर प्रीति वर्मा और फार्मासिस्ट अशोक कुमार अनुपस्थित मिले जिस पर डीएम ने दोनों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही प्रसव कक्ष का निरीक्षण कर उपकरणों की कमी पाए जाने पर नोडल अधिकारी को सभी आवश्यक सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराने के आदेश दिए। इसके बाद तहसील परिसर में जनसुनवाई की। फरियादियों की समस्याएं सुनकर डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित, न्यायोचित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भीड़ अधिक होने के कारण कई लोगों को कर्मचारियों द्वारा समझा-बुझाकर एक सप्ताह में समाधान का भरोसा दिलाकर लौटाते भी देखा गया।



तहसील दिवस पर लहरपुर में शिकायतें सुनते डीएम और एसपी। अमृत विचार

### खेतों में गंदा पानी बहाने का लगा आरोप

लहरपुर के ग्राम रघुनाथपुर निवासी रामशरण पुत्र हीरालाल ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसकी भूमि ग्राम मकनपुर स्थित गाटा संख्या 225 रकबा 0.926 हेक्टेयर तथा गाटा संख्या 199 रकबा 0.482 हेक्टेयर है। गांव के ही कुछ लोग अवैध रूप से अपने घरों का गंदा पानी उसके खेतों में बहा रहे हैं, जिससे फसल को लगातार नुकसान पहुंच रहा है। पीड़ित ने बताया कि जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने जाति सूचक गालियां दीं और धमकी देते हुए कहा कि पानी इसी तरह बहाते रहेंगे। रामशरण ने डीएम से मामले की जांच कराकर समस्या के समाधान और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर डीएम ने संबंधित को समाधान का निर्देश दिया।

**तालाब पर कब्जे से जलनिकासी बाधित:** लहरपुर तहसील क्षेत्र के नवीनगर गांव निवासी मोहम्मद कासिम पुत्र शब्बीर ने समाधान दिवस में शिकायत की, कि गांव के तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे के कारण जलनिकासी बंद हो गई है। घर में पानी भरा रहता है।

**राशन कार्ड न होने से वृद्ध परेशान:** लहरपुर के मोहल्ला शेख टोला निवासी मोहम्मद अमीन पुत्र अब्दुल्ला ने बताया कि वह अत्यंत निर्धन वृद्ध हैं और वृद्धावस्था पेंशन मिलती है, लेकिन राशन कार्ड न होने से जीवनयापन मुश्किल है। ऑनलाइन आवेदन के बावजूद कार्ड नहीं बना, जिस पर उन्होंने आदेश देने की मांग की।

**अन्नपूर्णा भवन को लेकर ग्रामीणों का विरोध:** लहरपुर के ग्राम पीरकपुर के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अन्नपूर्णा भवन गांव के बजाय मजरा मुसेती में बनवाया जा रहा है। इससे महिलाओं और बच्चों को तीन-चार किलोमीटर दूर राशन लाने में परेशानी होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### किसानों को दी फसल चक्र अपनाने की सलाह

**महोली, सीतापुर।** ग्राम पंचायत नरहरा में साधन सहकारी समिति द्वारा किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी (कृषि) हरिओम शुक्ला ने की। कृषि अधिकारी चंद्र मोहन दीक्षित ने किसानों को फसल चक्र अपनाने और दलहनी व तिलहनी फसलों पर ध्यान देने की सलाह दी। किसानों को गुणवत्ता युक्त बीज के उपयोग और राजकीय बीज भंडार से बीज खरीदने की भी अपील की।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**नेरी, सीतापुर।** पिसावां विकासखंड के ग्राम छहेलिया पंचायत भवन परिसर में पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण और जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक करने के लिए कार्टग्रांस रेंज द्वारा ग्रीन चौपाल आयोजित की गई। इस अवसर पर वन दरोगा नीरज कुमार ने कार्बन क्रेडिट और वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर वातावरण को शुद्ध रखते हैं और मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन का प्रमुख स्रोत हैं। वन रक्षक संजेश राठी ने ग्रामीणों को वृक्ष संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने की प्रेरणा दी।

### प्रेमी के साथ थाने पहुंची विवाहिता

**सीतापुर, अमृत विचार।** एक विवाहिता अपने प्रेमी संग पिसावां थाने पहुंची और दोनों ने संग रहने की इच्छा जताई। महिला ने बताया उसका पहला विवाह पिसावां के युवक से हुआ था। पति ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने दोनों को एसडीएम कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने महिला को बालिग मानते हुए उन्हें साथ रहने का अधिकार दिया।

# शिक्षा के बिना समाज की प्रगति अधूरी: राकेश आर्य

**रामपुर मथुरा, सीतापुर।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ की ओर से संत गाडगे के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कस्बे के धोबिन बंग्ला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार आर्य मौजूद रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष राजकिशोर कनौजिया, प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामलाल कनौजिया और जिला अध्यक्ष रामखेलावन भारती विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। संचालन गुड्डू चौधरी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत संत गाडगे, डॉ. भीमराव आंबेडकर और तथागत भगवान बुद्ध की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलन के साथ की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का माध्यम है। बेटा और बेटी दोनों को समान शिक्षा देने से ही समाज सशक्त बन सकता है। इस अवसर पर अजय कुमार कनौजिया, अयोध्या प्रसाद कनौजिया, राजकुमार कनौजिया, राममिलन कनौजिया, अजय कनौजिया, कमलेश कुमार कनौजिया आदि रहे।




किसानों को फसल चक्र का लाभ समझाते अधिकारी। अमृत विचार

# किसानों को फसल चक्र के बताए फायदे

**महोली, सीतापुर।** विकासखंड महोली की ग्राम पंचायत नरहरा में दि मिलियन फार्मर्स स्कूल के अंतर्गत साधन सहकारी समिति नरहरा मे किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी( कृषि) हरिओम शुक्ला ने की। कृषि विभाग के अधिकारी चंद्र मोहन दीक्षित ने किसानों को फसल चक्र अपनाने की सलाह दी। कहा कि फसल चक्र से भूमि की उर्वरता बनी रहती है और फसलों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि होती है। साथ ही उन्होंने दलहनी एवं तिलहनी फसलों के उत्पादन पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया और किसानों से राजकीय बीज भंडार से ही बीज खरीदने की अपील की, जिससे कि गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध हो सके और उत्पादन में बढ़ोतरी हो। कार्यक्रम के दौरान साधन समिति अध्यक्ष पूर्व प्रमुख महोली श्री संजय कुमार सिंह सहायक विकास अधिकारी गोपी कृष्ण मिश्रा एवं संबंधित समिति प्रभारी विवेक एवं इफको के नीतीश आदि मौजूद रहे।

# आवास योजना में लापरवाही पर पीडी के वित्तीय अधिकार किए गए सील

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत निर्माणाधीन आवासों के पर्यवेक्षण में लापरवाही सामने आई।



अनिल कुमार चौधरी।

परियोजना निदेशक अनिल कुमार चौधरी द्वारा समय पर स्पष्टीकरण न देने और आदेशों की अवहेलना करने के चलते उन्हें वित्तीय अधिकारों से वंचित कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास विभाग के निर्देशानुसार परियोजना निदेशक अनिल कुमार चौधरी के कार्यों में शिथिलता पाई गई। जिले में 875 प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण और 1902 मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण निर्माणाधीन हैं। उच्च अधिकारियों द्वारा समय पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश मिलने के बावजूद पीडी ने इसे पूरा नहीं किया। इसी के बाद उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठे। आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश जीएस प्रियादर्शी ने उनके आवास और मनरेगा से संबंधित वित्तीय अधिकार सील कर दिये। जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि निर्माण और भुगतान कार्यवाही की जिम्मेदारी किसी अन्य अधिकारी को सौंपें।

# तालाब में मिला लापता युवती का शव, हत्या की आशंका

**हरगांव, सीतापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र में 24 घंटे से लापता युवती का शव तालाब में उतराता मिला। परिजनों ने हत्या कर शव तालाब में फेंके जाने की आशंका जताई। हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बलरामपुर मजरा गुरधपा निवासी शिवानी (19) पुत्री शिशुपाल यादव का शव शुक्रवार देर शाम गांव के पास स्थित पुराने तालाब से बरामद किया गया। परिजनों के मुताबिक, शिवानी गुरुवार दोपहर घर से निकली थी। देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पिता की तहरीर पर हरगांव थाने में गुमशुदगी दर्ज हुई। शुक्रवार को सुबह से ही परिजन और ग्रामीण तलाश में जुटे रहे। देर शाम गांव के पास से निकली नहर के किनारे झाड़ियों में शिवानी की चप्पल पड़ी मिली। इसके बाद तलाश तेज की गई। चप्पल मिलने की जगह से करीब 200 मीटर दूर नहर से जुड़े पुराने तालाब में लोहे के कांटे से खोजबीन की गई जहां से शिवानी का शव बरामद हुआ।

# माइनर फटने से नगर में घुसा पानी

महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र से निकली शारदा प्रखंड की माइनर फटने से पानी रिहायशी इलाकों में घुस गया। तेज बहाव के चलते बाजार और नहर कॉलोनी क्षेत्र प्रभावित हुए। सूचना पर नहर विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभालते हुए मरम्मत शुरू कराई। महमूदाबाद नगर क्षेत्र में शनिवार दोपहर बाद शारदा सहायक नहर की माइनर फटने से तेज बहाव के साथ पानी नगर क्षेत्र में प्रवेश करने लगा। नहर कॉलोनी इलाके में दो अलग-अलग स्थानों पर माइनर कट जाने से पानी आसपास के रिहायशी इलाकों की ओर फैल गया। हालात ऐसे बने कि ब्लॉक के सामने शत्रु संम्पति स्थित बरदही बाजार तक पानी पहुंच गया, जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। हाल ही में नहर की शिल्ट सफाई कराई गई थी। सफाई के बाद माइनर में पानी छोड़ा गया, लेकिन कुछ ही समय में माइनर की दीवारें कमजोर होने के कारण दो जगह से कटान हो गया। कटान होते ही पानी तेजी से निचले इलाकों की ओर बढ़ने लगा। हालांकि नालियों के माध्यम से पानी तालाबों की ओर जाने से बड़े जलभराव की स्थिति बनने से कुछ राहत मिली। घटना की सूचना मिलते ही कर्मचारी और अधिकारी मौके पर पहुंचे। जेसीबी मशीन और मजदूरों की मदद से मिट्टी डालकर कटान को बंद कराया गया।



माइनर कटने के बाद बरदही बाजार में भरा पानी। अमृत विचार

# सभी विकासखंडों में बनेगा मिनी स्टेडियम

संवाददाता सीतापुर

- जिलाधिकारी की पहल से ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मिलेगा संबल
- मनरेगा, क्षेत्र निधि और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से होगा निर्माण

**अमृत विचार।** जिले के सभी विकासखंडों के ग्रामीण युवाओं में खेल भावना विकसित करने, प्रतिभाओं को निखारने और पलायन पर रोक लगाने के उद्धेश्य से एक-एक मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। डीएम डॉ. राजागणपति आर की इस पहल से मिनी स्टेडियमों का निर्माण मनरेगा, क्षेत्र निधि, ग्राम निधि और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जाएगा।

ग्रामीण युवाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में डीएम ने जनपद के सभी विकास खंडों में एक-एक मिनी स्टेडियम के निर्माण का निर्णय लिया है। इन मिनी स्टेडियमों का निर्माण मनरेगा, क्षेत्र निधि, ग्राम निधि तथा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि ऐलिया के हेमपुर, गोंदलामऊ के मीरापुर, हरगांव के गुरधपा, कसमंडा के गरौणा, खैराबाद के अर्जुनपुर (मुलायमपुर), लहरपुर के खैरूल्लापुर, मछरेटा के पैदापुर, महमूदाबाद के शाहीनपुर, महोली के कुसैला, मिश्रिख के लिखनापुर, पहला के लौना, परसेंडी के इटारी, पिसावां के बरगांवा, रामपुर मथुरा के देसी लौकिया, रेउसा के रेउसा, सकरन के उमराकलां और सिधौली के छावन में मिनी स्टेडियमों का निर्माण कराया जाएगा। वहीं बेहटा और बिसवां में स्थल चयन की प्रक्रिया चल रही है। डीएम ने कहा कि इन मिनी स्टेडियमों का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को खेल और शारीरिक प्रशिक्षण की मूलभूत सुविधाएं उनके क्षेत्र में ही उपलब्ध कराना है, जिससे वे सेना, पुलिस और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर सकें। सुविधाओं के अभाव में प्रतिभाशाली युवाओं का करियर प्रभावित हो जाता है, जिसे यह योजना दूर करेगी। मिनी स्टेडियमों से ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को भी समान अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही बुजुर्गों के लिए मॉर्निंग वॉक और व्यायाम हेतु स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध होगा।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे स्वास्थ्य शिविर



स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

**मछरेहटा, सीतापुर।** परसदा, लौली, मधवापुर, भिठौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। सीएचसी अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमार ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के पोषण, टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने पर ज्यादा फोकस रहा। इसके साथ ही सर्दी-जुकाम और अन्य सामान्य बीमारियों से संबंधित दवाइयों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य केन्द्रों पर डाक्टरों की टीम और पैरा मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

# हादसे में घायल वृद्धा की इलाज के दौरान मौत

**सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम पकड़िया दाहपुर में स्कूल वैन की टक्कर से घायल हुई बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिला अस्पताल में तीन दिनों तक चले उपचार के बाद 80 वर्षीय शिवरानी ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक शिवरानी घर के बाहर अलाव तापने के लिए जमीन पर बैठी थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कूल वैन अचानक घर के सामने पहुंची और उन्हें कुचलते हुए निकल गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए भर्ती कर इलाज शुरू किया। तीन दिन तक चले उपचार के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी, उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जाँच कर रही है।

# ऑटो चालक से 50 हजार छीनने का आरोप

**कमलापुर, सीतापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोविंदापुर में एक ऑटो चालक की सरेराह लाठी-डंडों से पिटाई की गई। 50 हजार की नकदी भी छीने जाने का आरोप है। जानलेवा हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए। घायल युवक अनिल के परिजनों का आरोप है कि उसे पारिवारिक विवाद के बहाने ससुराल पक्ष के लोगों ने घर बुलाया था। आरोप है कि वहां पहले से घात लगाए बैठे चचेरे ससुर समेत अन्य लोगों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में युवक के सिर, पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों का दावा है कि घटना के दौरान अनिल के पास करीब 50 हजार रुपये की नकदी भी छीन ली गई। सूचना पर कमलापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए भिजवाया। सूत्रों की माने तो पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर कुछ लोगों के बयान दर्ज किए। थानाध्यक्ष इतुल चौधरी का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। नकदी छीने जाने के आरोप की भी गहनता से पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली बिल राहत योजना को लेकर बैठक कल

**सीतापुर, अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जनपद के ग्राम प्रधानों और ग्राम सचिवों की बैठक आयोजित की जाएगी। जिला पंचायत राज अधिकारी की ओर से जारी निर्देश के मुताबिक यह बैठक सोमवार सुबह 11:00 बजे खैराबाद के भूमिजा बहुउद्देशीय हाल में होगी। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारी योजना की जानकारी देंगे और विशेष रूप से ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने पर चर्चा करेंगे। ग्राम प्रधानों व सचिवों से योजना के प्रचार-प्रसार और बेहतर क्रियान्वयन को लेकर सुझाव भी लिए जाएंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्राम प्रधानों और ग्राम सचिवों को समय से बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सहायक विकास अधिकारियों को संबंधितों को सूचित कर प्रतिभाग सुनिश्चित कराने को कहा गया है।

# शिविर में 19 महिला व एक पुरुष की हुई नसबंदी

**लहरपुर, सीतापुर।** कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को स्थायी परिवार कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 20 इच्छुक लोगों ने अपना पंजीकरण कराया। इनमें 19 महिलाएं और एक पुरुष ऑपरेशन के योग्य पाए गए। ऑपरेशन टीम में गायनो सर्जन डॉ. गोविंद गुप्ता, निश्चेतक डॉ. विनय भदोरिया, ओटी टेक्नीशियन सर्वेश यादव और स्टाफ नर्स कल्पना व खुशबू शामिल थे। उन्होंने सभी का सफल नसबंदी ऑपरेशन किया। साथ ही, टीम ने दो प्रसव पीड़ित महिलाओं का सफल सिजेरियन ऑपरेशन भी किया। स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर अरविंद बाजपेई ने बताया कि सभी का स्वास्थ्य जांच के बाद दवाइयों के साथ एंबुलेंस के माध्यम से उनके गांव भेजा गया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में 800 अन्नपूर्णा भवन किए जाएंगे निर्मित

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर के निर्देश पर जनपद के ग्रामीण अंचलों में प्रमुख मार्गों पर 800 अन्नपूर्णा भवन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को राशन सामग्री आसानी से उपलब्ध होगी और कोटेदारों को वितरण में सुविधा मिलेगी।

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने बताया कि जनपद के सभी 19 विकास खंडों में 800 अन्नपूर्णा भवन निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्माण कार्य मनरेगा, ग्राम निधि एवं क्षेत्र निधि से कराया जा रहा है। प्रत्येक विकास खंड में अलग-अलग संख्या में भवन बनाए जा रहे हैं, जैसे ऐलिया में 44, बेहटा में 47, बिसवां में 55, गोंदलामऊ में 45, हरगांव में 41, कसमण्डा में 30, खैराबाद में 40, लहरपुर में 37, मछरेहटा में 40, महमूदाबाद में 39, महोली में 38, मिश्रिख में 36, पहला में 43, परसेण्डी में 42, पिसावां में 49, रामपुरमथुरा में 45, रेउसा में 49, सकरन में 49 और सिधौली में 31 भवन निर्माणाधीन हैं।

डीएम ने कहा कि अन्नपूर्णा भवनों से कोटेदारों को किराए पर दुकान लेने की आवश्यकता नहीं होगी और राशन वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। ग्रामीणों को एक ही निश्चित स्थान पर राशन मिलेगा, जिससे उन्हें घर तक सामग्री लाने में सुविधा रहेगी और घटतौली की संभावना कम होगी। भवन प्रमुख मार्गों पर बनाए जा रहे हैं ताकि वितरण सुचारू और आसान हो सके।

# घर का ताला तोड़ नकदी-गहने चोरी

**नेरी, सीतापुर।** महोली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कारीपाकर में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर नकदी व जेवरात चोरी कर लिए। गांव निवासी नरेश पुत्र फकीरे लाल कचूरी संपर्क मार्ग पर रेलवे अंडरपास के पास मकान बनाकर रहते हैं। शातिरों ने रात में घर के पीछे बने जीने के सहारे घर में दाखिल हुए और कमरे का ताला तोड़ चोरी की वारदात को अंजाम दिया। रविवार को घर लौटने पर नरेश ने देखा कि घर के अंदर रखे बड़े बक्से में मौजूद छोटे बक्से से सोने के कान के झूले व झुमकी, चांदी के जेवरात, कपड़े, बर्तन तथा करीब 16 हजार 2 सौ रुपये नकद चोरी कर लिए गए।

# निवेश प्रस्तावों को प्राथमिकता पर कराएं पूरा: जिलाधिकारी

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की ओर से औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के लिए आयोजित की जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 5.0 के आयोजन को लेकर जिले में तैयारियां शुरू की गई हैं। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग विभाग, निवेश मित्र, औद्योगिक संघों और अन्य हितधारकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जनपद को आवंटित निवेश लक्ष्यों, प्रस्तावित परियोजनाओं की प्रगति और निवेशकों से समन्वय की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही भूमि आवंटन, एनओसी, विद्युत, जल, सड़क और अन्य आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निवेश प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराते हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल कराया जाए। डीएम ने कहा कि जनपद को आवंटित निवेश लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल किया जाए और किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने निवेशकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कहा कि यह आयोजन औद्योगिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या समेत संबंधित विभागों के अधिकारी और उद्योग प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैठक | बुनकरों को मिलेगा वित्त पोषण व आधुनिक प्रशिक्षण, डिजाइनिंग, विज्ञापन और मार्केटिंग की होगी व्यवस्था, महिला सशक्तीकरण में दरी उद्योग की अहम भूमिका

# ओडीओपी योजना बनी संजीवनी, दरी कारोबार को मिला डीएम का संबल

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार।** जनपद के परंपरागत दरी कारोबार को एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत नई पहचान दिलाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर आगे आए हैं। डीएम के सार्थक प्रयास के बाद बुनकरों और इकाइयों को वित्त पोषण, प्रशिक्षण, टूलकिट, डिजाइनिंग सेंटर, विज्ञापन और मार्केटिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस शुरुआत से रोजगार बढ़ने के साथ ही दरी के कारोबार को वैश्विक स्तर पर मजबूती मिलने की उम्मीद है।



दरी उद्यम को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

ओडीओपी योजना के अंतर्गत जिले के परंपरागत दरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने बहुआयामी कार्ययोजना का खाका खींचा है। इस पहल के तहत दरी निर्माण से जुड़े कारीगरों और उद्यमियों को ओडीओपी वित्त पोषण योजना, मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस, टूलकिट एवं प्रशिक्षण योजना सहित कई सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

डीएम ने बताया कि जनपद स्तर पर कॉमन फैसिलिटी सेंटर, डिजाइनिंग सेंटर, विज्ञापन और मार्केटिंग की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इससे बुनकरों को अपने उत्पाद को बेहतर गुणवत्ता और आधुनिक डिजाइनों के साथ बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। दरी उद्योग सीतापुर का परंपरागत व्यवसाय है, जिसमें रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। दरी उद्योग में पीढ़ी दर पीढ़ी कार्यकुशलता विकसित हुई है। अधिकांश कारीगर बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के बचपन से ही इस कार्य में दक्ष हो जाते हैं। यह उद्योग महिला सशक्तीकरण का भी मजबूत माध्यम है, क्योंकि दरी बुनाई का कार्य घरों पर ही कराया जाता है, जिससे महिलाएं अपने पारिवारिक दायित्वों के साथ रोजगार से जुड़ी रहती हैं। इतिहास के पन्नों में भी सीतापुर का नाम वस्त्र निर्माण के क्षेत्र में प्रमुख रहा है। 17वीं और 18वीं शताब्दी में ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा खैराबाद और दरियाबाद से हथकरघे के वस्त्रों का निर्यात किया जाता था। वर्तमान में लहरपुर, हरगांव, बिसवां और खैराबाद दरी निर्माण के प्रमुख केंद्र हैं। इसके अलावा पैतेपुर, इमलिया सुल्तानपुर और अटरिया में भी बड़ी संख्या में बुनकर कार्यरत हैं। जनपद में सूती, ऊनी, पीवीसी, जूट और चिंदड़ी (पुराने कपड़ों से बनी) दरियों का निर्माण किया जाता है।

### विदेशी बाजारों में सीतापुर की दरियों की धाक

डीएम ने बताया जिले की दरियों की मांग विदेशी बाजारों में बढ़ रही है। जिले से प्रतिवर्ष करीब 311 करोड़ रुपये की दरियों का निर्यात किया जा रहा है। अमेरिका और यूरोप इसके प्रमुख बाजार हैं। दरी उद्योग से जुड़े हजारों बुनकरों को स्थायी रोजगार मिल रहा है। ऐसे में जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

## न्यूज ब्रीफ

### निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सीडीओ

**डलमऊ:** डलमऊ तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां पर मात्र 33 प्रार्थना पत्र आए। जिनमें से मात्र पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विभागों में आने वाली समस्त शिकायतों को गंभीरता से लेकर उनका समय से निस्तारण कराएं। यदि इसमें किसी भी प्रकार की मनमानी की गई तो लापरवाही क्षम्य न हीं होगी। यहां पर जमीन, पारिवारिक विवाद समेत अन्य कई मामलों के शिकायती पत्र आए।

### बुजुर्ग को जान से मारने का आरोप

**खीरों:** थाना क्षेत्र के पाहो गांव निवासी नितेश सिंह पुत्र मोहन सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। आरोप है कि परिवार के रिश्तेदारों से उनका जमीनी विवाद चल रहा है। जिसका वाद न्यायालय में विचाराधीन है। रंजिश के कारण प्रतिपक्षी शुक्रवार की रात को दरवाजे लेटे पिता मोहन सिंह को आवाज दी। जैसे ही मेरे पिता चारपाई से उठे आरोपी ने उनके ऊपर साल डालकर उनका मुंह ढक दिया और उन्हें उठाकर गांव से बाहर जंगल में ले जाकर मारपीट कर अचेत कर दिया। फिर उनके गले में गमछा बांधकर पेड़ से लटका दिया। शनिवार को ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिलने पर उन्होंने खीरों पुलिस को घटना की सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि बुजुर्ग के बेटे की लिखित शिकायत पर जांच की जा रही है।

### नौनिहालों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**लालगंज:** एसजेएस पब्लिक स्कूल के नन्हें-मुन्हें केजी से कक्षा 2 तक के छात्र-छात्राएं एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर लखनऊ के प्रसिद्ध चिड़ियाघर पहुंचे। बच्चों के चेहरों पर उत्साह और जिज्ञासा देखते ही बन रही थी। चिड़ियाघर में शेर, भालू, चीता, मगरमच्छ तथा विभिन्न प्रजातियों के रंग-बिरंगे पक्षियों को देखकर बच्चे अत्यंत प्रसन्न हुए। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। विद्यालय द्वारा आयोजित इस शैक्षिक भ्रमण में विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह, सह प्रबंधिका डॉ. अनुश्री सिंह व प्रधानाचार्या अंजू सिंह आदि रहीं।

### ज्योति कलश पूजन का आयोजन

**रायबरेली:** शान्तिकुंज हरिद्वार से आई पावन ज्योति कलश यात्रा जनपद रायबरेली के समस्त ब्लॉकों में सफल भ्रमण करने के पश्चात नगर क्षेत्र पहुंची। निराला नगर (साप्ताहिक सब्जी मंडी स्थल) पर वेदमाता गायत्री प्रज्ञा मंडल के मनोज मिश्र, मनोराम शुक्ल, अलंकार शर्मा, दुर्गा शंकर शुक्ल, शारदा शुक्ला, सुंदरी शुक्ला, सविता तिवारी, ऊषा गुप्ता, बलवंत त्रिवेदी, राजीव जोशी आदि ने ज्योति कलश यात्रा का स्वागत किया। ज्योति कलश रथ के साथ चल रहे जोन समन्वयक देशबंधु तिवारी ने विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी की।

### लाइट और गांजा के साथ आरोपी दबोचा

**ऊंचाहार:** स्ट्रीट लाइट चोरी के आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने स्ट्रीट लाइटें व गांजा बरामद किया है। इस दौरान एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण करा रही कम्पनी के ठेकेदार द्वारा सवैया हसन गांव के मुमताज अहमद के विरुद्ध स्ट्रीट लाइट चोरी का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी मुमताज को चार स्ट्रीट लाइटें व 1100 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया है।

# माइनर में पानी आने से किसानों के चेहरे खिले

संवाददाता, महराजगंज, (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में सिंचाई विभाग ने माइनर की सफाई का कार्य पूरा होने के कुछ दिनों बाद उसमें पानी छोड़ दिया है। इस कदम से क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि उन्हें खेतों में अपनी गेहूं की फसल की सिंचाई के लिए समय पर पानी उपलब्ध हो गया है।

क्षेत्र के अलीपुर, ठाकुरपुर, भटसरा, बरजोरगंज, धौकलगंज आदि गांवों में किसानों को समय पर पानी मिलने से वे अपनी गेहूं की फसल की सिंचाई कर पा रहे हैं। यदि पानी आने में देरी होती तो उन्हें सिंचाई के लिए डीजल का उपयोग करना पड़ता, जिससे उनकी कृषि लागत में वृद्धि होती।



माइनर में छोड़ा गया पानी। अमृत विचार

किसान शेत बहादुर सिंह, ओम प्रकाश शुक्ला, तेजभान सिंह, सुभाष सिंह, नमान सिंह, कुंवरपाल सिंह, पंकज सिंह, रामकिशोर, हरीश, रामसमुझ, राजाराम, गफ्फार अली आदि किसानों ने बताया कि वे वैकल्पिक सिंचाई की तैयारी कर रहे थे। माइनर में पानी आने से उन्हें खुशी है।

# अराजकतत्वों ने डॉ. आम्बेडकर की प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

**हंगामा**

● अजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने मौके पर पहुंचकर कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

संवाददाता, बछरावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित कन्नावा गांव में अराजक तत्वों के द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। शनिवार को घटना की जानकारी होने पर लोगों का जमावड़ा लग गया। वहीं अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने मौके पर पहुंच गए। मौजूद उपजिलाधिकारी महराजगंज गौतम सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महराजगंज प्रदीप कुमार के समक्ष अपनी मांग रखते हुए कहा कि जल्द से जल्द उक्त कृत में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर कठोर से कठोर कार्यवाही करने की बात कही। साथ ही साथ उन्होंने प्रदेश की योगी सरकार की कानून व्यवस्था को घेरते हुए सवाल उठाया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा की चाक चौबंद व्यवस्था एवं सुरक्षा सरकार करेगी, इसकी घोषणा की गई थी। परंतु उनकी घोषणा के पश्चात एक हफ्ते के अंदर ही पुनः यह घटना घटित हो गई, जो न केवल मुख्यमंत्री की घोषणा को ठेंगा दिखाना है, अपितु प्रदेश की सरकार की कानून व्यवस्था को भी चुनौती देना है। अब देखना है कि योगी सरकार ऐसे अपराधियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही करती है या सिर्फ लीपापोती ही कर देगी। उन्होंने उक्त घटना को अत्यंत कायरता पूर्ण बताया है और उसकी निंदा भी की है। साथ ही साथ जल्द से जल्द उक्त मामले के अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है, नहीं तो किसी भी स्थिति में आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है।



बछरावां के कन्नावा गांव में संविधान निर्माता की प्रतिमा तोड़े जाने के बाद मौजूद ग्रामीण।

### पुलिस की सूझबूझ से ग्रामीण हुए शांत

ग्रामीण आशीष गौतम, राजू, रामफेर, जगजीवन, सुंदरलाल, गणेश, जगदंबा, बब्बू, अजय, कमलेश समेत अन्य लोगों का कहना है कि बाबा साहब की प्रतिमा समाज के सम्मान और समानता की प्रतीक है, ऐसे में इस तरह की घटना न केवल उनकी भावनाओं को आहत करने वाली है बल्कि सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास भी है। मौके पर मय पुलिस बल के साथ पहुंचे बछरावां थाना प्रभारी राजीव सिंह ने स्थिति को संभालते हुए लोगों को शांत कराया। पुलिस ने प्रतिमा का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। साथ ही संदिग्धों की तलाश के लिए पूछताछ भी की जा रही है। क्षेत्राधिकारी महाराजगंज प्रदीप कुमार ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। खंडित प्रतिमा के स्थान पर नई प्रतिमा स्थापित करा दी गई है।

# महिला की हत्या कर युवक ने दे दी जान

▶ प्रेमी की मौत और बांके से प्रेमिका की हत्या से गांव में फैली सनसनी, वारदात की सूचना पर पहुंची पुलिस

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में युवक ने महिला की बांके से हमला कर हत्या कर दी और उसके बाद जहर खाकर जान दे दी। घटना से पूरे गांव में हड़कप मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है।



सीमा पासवान की फाइल फोटो।

जगतपुर भिचकौरा गांव में शनिवार दोपहर एक बजे के करीब उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव की महिला सीमा देवी पासवान की गांव के ही युवक राम सुमेर ने ही बांके से वार कर हत्या कर दी। वहीं उसके बाद हत्यारे राम सुमेर ने भी गांव के बाहर खेत में जहर खाकर आत्महत्या कर ली। गांव में हत्या और आत्महत्या की घटनाओं से सनसनी फैल गई।



मृतका के रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

बताते हैं कि किसी बात को लेकर दो दिन से राम सुमेर महिला के दरवाजे आकर झगड़ा कर रहा था। शनिवार दोपहर जब सीमा देवी अपने घर में खाना बना रही थी तभी वह पीछे के दरवाजे से घुस आया और बांके से उसकी गर्दन और चेहरे पर ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी। महिला की हत्या करने के बाद राम सुमेर सामने के दरवाजे से भाग निकला। महिला की हत्या के दो घंटे बाद हत्यारोपी राम सुमेर को अचेत हालत में गांव के बाहर खेत में पड़े देखा गया तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने राम सुमेर को लालगंज के अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका सीमा देवी अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गई है। वही मृतक राम सुमेर का भी भरा पूरा परिवार है। मौके पर उप जिलाधिकारी मिथिलेश कुमार त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी अमित सिंह, प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह पहुंच कर जानकारी ली। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।



घटनास्थल पर लोगों से जानकारी करते एसडीएम और सीओ। अमृत विचार

**घर से भागने का बना रहा था दबाव:** मामले में प्रेम प्रसंग का अंदेशा भी जताया जा रहा। सीमा पासवान रोजगार सेवक के पद पर तैनात थी। इस समय बीएलओ का भी कार्य कर रही थी। महिला का पति राजेंद्र बाहर शहर में प्राइवेट नौकरी करता है। अधिकांशतः घर से बाहर ही रहता है। गांव वालों के मुताबिक दोनों में काफी दिनों से काफी दिनों से दोस्ती चल रही थी। मोहल्ले वाले राम सुमेर के सीमा के घर आने-जाने पर एतराज भी जताते थे। बताते हैं कि राम सुमेर साथ भाग जाने के लिए सीमा पर दबाव बना रहा था लेकिन सीमा तैयार नहीं हो रही थी।

> किन परिस्थितियों में महिला की हत्या की गई उसकी जानकारी की जा रही है। वहीं आरोपी राम सुमेर द्वारा जहरीला पदार्थ खाने के घटना को भी जोड़कर जांच-पड़ताल कराई जा रही है।
>
> -संजीव सिन्हा, एडिशनल एसपी।

# नानी के सिर पर डंडे से वार कर नाती ने की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** अपने ही घर में पूजा कर रही बुजुर्ग नानी के सिर पर डंडे से प्रहार कर नाती ने हत्या कर दी। देर रात जानकारी मिलने पर उसके दामाद ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर नाती को गिरफ्तार कर लिया है।

जगतपुर थाना क्षेत्र के हरभजन के पुरवा में प्रभु देई पत्नी जगेश्वर (65) अपने ही घर में छोटी बेटी के घर में पूजा करने गई थी। जहां पर कमरे के अंदर उनके सिर पर डंडे से प्रहार होने से उसकी मौत हो गई। देर तक पूजा कमरे से न निकलने पर परिजनों द्वारा खोजबीन की गई, तब पता चला कि उनकी किसी ने हत्या कर दी। सूचना पाकर पहुंचे जगतपुर थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने मामले की जांच की। एडिशनल एसपी संजीव सिन्हा ने बताया कि मृतका प्रभुदेई के दो बेटियां हैं, जिसमें बड़ी बेटी गायत्री देवी व छोटी बेटी गीता देवी है। दोनों बेटियां अपने ससुराल में रहती हैं।



घर में मौजूद मृतका के गमगीन परिजन।

● बंटवारे को लेकर नाराज था नाती, पुलिस ने किया खुलासा

गायत्री का बेटा पुष्पेंद्र व छोटी बेटी गीता का बेटा बब्बी हरभजन के पुरवा में नानी के साथ रहते थे। एडिशनल एसपी ने बताया कि जांच में सामने आया कि कुछ दिन पूर्व मृतका का छोटी पुत्री गीता से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद हुआ था। गीता का पुत्र बब्बी यादव जमीन के बंटवारे को लेकर अपनी नानी से नाराज़ था। इसीलिए उसने पूजा करते समय डंडे से अपनी नानी के सिर पर वार कर हत्या कर दी। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# सप्तशक्ति संगम में प्रस्तुतियों की हुई सराहना



कॉलेज में विभिन्न रूपों की वेशभूषा में सजे बच्चे। अमृत विचार



कार्यक्रम में पुरस्कृत छात्राएं।

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)

**आयोजन**

**अमृत विचार।** स्थानीय बरातीलाल गंगाराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लालगंज में शनिवार को सप्तशक्ति संगम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहना की। विद्यालय के अध्यक्ष अनंत पाण्डेय, प्रबंधक सचिन रस्तोगी और कोषाध्यक्ष सतीश त्रिवेदी प्रधानाचार्य सत्येन्द्र कुमार शुक्ल ने समस्त मातृशक्ति को विद्यालय कार्यक्रम में सहभाग करने के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्य वक्ता आशू तिवारी ने कहा कि सप्तशक्ति का अर्थ केवल बाहरी शक्ति नहीं, बल्कि नारी के भीतर निहित सात ऊर्जाओं का जागरण है। मुख्य अतिथि रेनू सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है। कार्यक्रम में रानी पद्मावती के रूप में रत्ना तिवारी, रानी लक्ष्मीबाई के रूप में रमा तिवारी, रानी दुर्गावती के रूप में प्रिंसू गुप्ता, जोधाबाई के रूप में जाह्नवी साहू, सीता माता के रूप में अर्पिता रानी, चेन्नम्मा के रूप में वर्तिका, रानी कर्णवती के रूप में शुभी मिश्रा, नायिका देवी के रूप में छाया सिंह की प्रभावशाली भूमिकाओं ने मातृशक्ति के शौर्य, त्याग, साहस और संस्कारों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से सराहा। ज्योति बाजपेई द्वारा समाज एवं राष्ट्र के प्रति दायित्वों के निर्वहन का संकल्प दिलाया गया। अध्यक्षता कर रहीं इन्दू बाजपेई ने कहा कि यह संगम ऊर्जा, प्रेरणा और संस्कार का स्रोत बना है।

**वार्षिक उत्सव समारोह आयोजित, सलोन:** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सलोन में वार्षिक उत्सव समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की पुरा छात्राओं में उम्मे कुलसूम, साधना शर्मा, साफिया, सालेहा, अमीना, चन्दा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका अर्चना वर्मा ने किया। सर्वोदय डिग्री कॉलेज से असिस्टेंट प्रोफेसर प्रदीप सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रमाणपत्र और मेडल प्रदान किए गए। इस मौके पर प्रधानाचार्या प्रियंका सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्र शेखर रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

## जयंती शताब्दी वर्ष पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**सलोन (रायबरेली)।** सलोन नगर के सर्वोदय इंटर कॉलेज में शनिवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत निबंध और काव्य पाठ प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी साहित्यिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अटल बिहारी बाजपेई का राष्ट्र निर्माण में योगदान शीर्षक पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कालेज की छात्रा अंकिता मौर्या प्रथम स्थान पर रहीं।काव्य पाठ में राजकीय बालिका इंटर कालेज सलोन की छात्रा इस्मा बानो द्वितीय स्थान पर रही। सर्वोदय के अमन विश्वकर्मा तृतीय स्थान पर रहे। काव्य पाठ प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कालेज की इजरा खातून प्रथम स्थान, सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कालेज की ज्योति द्वितीय स्थान पर, इसी विद्यालय की नंदिनी निर्मल तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्य अमित कुमार भारती ने बताया कि कई विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता प्रवक्ता विनोद कुमार त्रिपाठी और धर्मपाल सरोज ने सम्पन्न कराई।

## अभाविप के कार्यकर्ता अनिकेत बने प्रदेश सहमंत्री

लालगंज, रायबरेली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत के तीन दिवसीय 65वां प्रांतीय अधिवेशन महाराजा सुहैल देव की पावन धरा बहराइच में शुक्रवार 19 दिसंबर को संपन्न हुआ। जिसमें अवध प्रांत के 27 संगठनात्मक जिले से महत्वपूर्ण घोषणाएं हुईं। इसी दौरान रायबरेली से अनिकेत श्रीवास्तव को प्रदेश सहमंत्री (अवध) की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला संगठन मंत्री अभय सिंह ने बताया कि इसके अलावा नीलेश शुक्ला प्रांत कार्य समिति सदस्य, सुभाष महर्षि प्रांत उपाध्यक्ष, डॉ. प्रवीण सिंह नेपाली कार्य प्रमुख बनाए गए हैं। सभी पदाधिकारी अपने कर्त्तव्यों का पालन ईमानदारी से करेंगे।

# 18 शिकायतों में दो का निस्तारण

संवाददाता, ऊंचाहार (रायबरेली)

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

● 18 शिकायती पत्रों में से केवल दो का मौके पर निस्तारण

**अमृत विचार।** तहसील सभागार में तहसीलदार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें आईं 18 शिकायती पत्रों में दो का मौके पर निस्तारण किया गया।

इस दौरान तहसीलदार आकांक्षा दीक्षित ने आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनी। पूरे रघुवर त्रिवेदी मजरे तिवारीपुर निवासी रामकरन त्रिवेदी ने धोबहा निवासी एक व्यक्ति के विरुद्ध बाउंड्रीवाल तोड़ने की शिकायत की। पूरे निधऊ मजरे एहारी बुजुर्ग गाँव के पुनीत शुक्ल ने नहर की सफाई कराये जाने का प्रार्थना पत्र दिया। मुतवल्लीपुर मजरे कजियाना निवासी शमसाद ने गाँव के एक व्यक्ति के विरुद्ध दीवार बनाकर सहन पर कब्जा व रास्ता अवरुद्ध करने और गोकना गाँव के सन्तोष लोधी, आशाराम, प्रहलाद, विपिन,समेत अन्य ग्रामीणों ने गाँव के एक व्यक्ति द्वारा बंजर जमीन पर मनाये गये मकान की बेदखली कराये जाने की शिकायत की।

### चौपाल से अनुपस्थित दो पंचायत अधिकारियों का रोका वेतन

**जगतपुर।** ग्राम चौपाल में बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर खंड विकास अधिकारी ने दो ग्राम पंचायत अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। एक दिन का वेतन रोके जाने की संस्तुति करते हुए दोनों से दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत मनोहरगंज व टाघन में आयोजित ग्राम चौपाल में न पहुंचने पर ग्राम विकास अधिकारी अमित सोनकर तथा ग्राम पंचायत अधिकारी अंजली पांडे को नोटिस जारी किया है। जांच में पाया गया कि संबंधित कर्मचारियों ने न तो मानव पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज कराई और न ही कोई अवकाश प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। ग्राम चौपाल में अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण ग्रामीणों को मायूस होकर लौटना पड़ा। मामले को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी ने दोनों अधिकारियों से दो दिवस में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। साथ ही एक दिन का वेतन रोके जाने के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा गया है।

# शिविर में रोगियों को मिलीं दवाएं

संवाददाता, डलमऊ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्र में मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से लगाए गए चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर में हजारों की संख्या में मरीजों का इलाज किया गया। विभिन्न रोगों से ग्रसित आए हुए मरीजों की जांच के साथ ही उन्हें दवा का वितरण किया गया।

विकास कंस्ट्रक्शन की ओर से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में मरीज ने अपना इलाज कराया। डलमऊ के बलीपुर में स्व. अवधेश सिंह की पुण्यतिथि में आयोजित स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों का इलाज किया। सिमहैंस हॉस्पिटल रायबरेली, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ, रीजेंसी हॉस्पिटल कानपुर, शंकुश कैंसर हॉस्पिटल रायबरेली, सतगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट से आए हुए डॉक्टरों ने मरीज का इलाज किया। इसमें हड्डी रोग, सामान्य रोग, नाक कान गला, आंखों का इलाज के साथ ईसीजी, हीमोग्लोबिन की जांच सहित विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रसित मरीजों का इलाज हुआ।

**आयोजन**



दिव्यांग को व्हीलचेयर देते आयोजक समाजसेवी विकास सिंह।

**दिव्यांग बच्चों को बांटे गए उपकरण, लालगंज:** समेकित शिक्षा के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का उपकरण वितरण शिविर ब्लाक संसाधन केंद्र में आयोजित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज राजीव कुमार ओझा व खंड शिक्षा अधिकारी सरेनी वीरेंद्र द्विवेदी ने शिविर को संबोधित किया। शिविर के पूर्व में एक मापन शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें लालगंज, बछरावां, हरचंदपुर, खीरों, सरेनी क्षेत्र के बेसिक विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता अनुसार उपकरण का चिन्हांकन किया गया था। उपकरण शिविर में 136 बच्चों को उपकरण दिए गए। यहां आशीष प्रताप सिंह, आरती यादव, महेंद्र यादव, विशाल द्विवेदी, शुभम सिंह, सौरभ द्विवेदी, आशा मिश्रा, मीना वर्मा, संतोष कुमार रहे।

**छाई मायूसी** | देश को हिंदी भाषा देने वाले महापुरुष आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के नाम पुस्तकालय स्थापित कराने की मांग

# दौलतपुर को साहित्य धाम बनाने की ख्वाहिश अधूरी

नीरज श्रीवास्तव, सरेनी (रायबरेली)

**अमृत विचार।** राष्ट्रभाषा हिंदी के सर्जक आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के पैतृक गांव दौलतपुर को साहित्य धाम बनाए जाने की ख्वाहिश आज तक पूरी नहीं हो सकी। इससे साहित्यानुरागियों में मायूसी छाई हुई है। लोगों का मानना है कि जन प्रतिनिधि और प्रशासन जिम्मेदारों की उदासीनता से यह सपना साकार नहीं हो पा रहा है।

आचार्य द्विवेदी का जन्म सरेनी विकास क्षेत्र के तहत गंगा की कछार में आबाद दौलतपुर ग्राम पंचायत में हुआ था। वे इसी गांव में पैदा हुए, खेले कूदे व बड़े



सुनील कुमार सिंह।



रत्ना मिश्रा।



डॉ. अंजनी अग्निहोत्री।



दीपिका अवस्थी।

● जन प्रतिनिधि और प्रशासन की उदासीनता के चलते साकार नहीं हो पा रहा सपना

हुए। हिंदी साहित्य में जब उन्होंने राष्ट्रभाषा को परिमार्जित कर उसे खड़ी बोली का रूप प्रदान किया तो उनका आंगन साहित्य साधकों से भरा रहता है। इस आंगन में साहित्य साधना करने वालों में राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जैसे कवि भी रहा करते थे। आजादी के 79 साल बाद भी यह उपेक्षा का शिकार है। जिलेभर के साहित्यानुरागी इसे लगातार साहित्य धाम बनाने की मांग करते रहे हैं, लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा है।

प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर के प्रधानाध्यापक सुनील सरगम कहते हैं कि जिस पवित्र मिट्टी में लोट लोट कर आचार्य प्रवर बड़े हुए वह वंदनीय है। उनका मानना है कि इस माटी में साहित्य साधना के असंख्य तत्व मौजूद हैं। इसे साहित्य धाम घोषित कर साहित्य साधकों को साधना का पवित्र स्थान दिलाया जाना चाहिए।

प्राथमिक विद्यालय लालपुर की प्रधानाध्यापक रत्ना मिश्रा कहती हैं कि आचार्य प्रवर अपनी पत्नी को बेहद सम्मान देते थे। उनके घर को नारी सम्मान स्थल का रूप देकर नारियों के सम्मान को बढ़ाने की दिशा में काम होना चाहिए।

आदिशक्ति मां भक्त सुरेश सेवा संस्थान के प्रमुख डॉ. अंजनी अग्निहोत्री का मानना है कि आचार्य के करिश्माई आंगन को संरक्षित करने की दिशा में प्रयास होने चाहिए। उन्होंने दौलतपुर को राष्ट्र की दौलत के रूप में देखे जाने पर जोर दिया।

पीएम श्री विद्यालय धूरेमऊ की सहायक अध्यापिका दीपिका अवस्थी शुक्ला का कहना है कि जिस महापुरुष ने पूरे देश को एक भाषा दी हमें उसके सम्मान में दौलतपुर में शिक्षा के ऊंचे आयाम स्थापित करने के लिए एक ऐसे पुस्तकालय की स्थापना करनी चाहिए, जहां अध्ययन हेतु साहित्य साधकों की आवाजाही बनी रह सके।

## न्यूज ब्रीफ

### अरुण कुमार बने हिंद महासभा के मीडिया प्रभारी

**अमेठी :** अखिल भारतीय हिंद महासभा ने संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अरुण कुमार गुप्ता को अमेठी जिले का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन के पदाधिकारियों ने यह जिम्मेदारी सौंपते हुए उनसे संगठन की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने की अपेक्षा जताई। नियुक्ति की खबर से कार्यकर्ताओं में उत्साह है। अरुण कुमार गुप्ता ने नेतृत्व का आभार जताते हुए पूरी निष्ठा और सक्रियता से दायित्व निभाने का भरोसा दिलाया।

### गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

**अमेठी :** क्षेत्र के पीठीपुर घाघूघार में सामूहिक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं शतचण्डी महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ हो गया। आयोजन के प्रथम दिन शनिवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मिट्ठू पहलवान वीर बाबा पीथीपुर में वेद मंत्रोच्चारण से पूजन किया ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था देखते ही बन रही थी।आयोजकों ने बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के कथावाचक परमपूज्य नन्द किशोर पाण्डेय जी महाराज हैं, जो श्रद्धालुओं को दिव्य कथा का श्रवण कराएंगे। वहीं, शतचण्डी महायज्ञ के यज्ञाचार्य पं. दिनेश पाण्डेय जी नागपुर हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल, अमरेंद्र सिंह पिंटू, अजय तिवारी, जय प्रकाश तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

### हिंदू सम्मेलन का होगा आयोजन

**सिंहपुर (अमेठी) :** सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के कस्बा इंहौना और फूला गांव में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा आयोजित हिन्दू सम्मेलन इंहौना कस्बा स्थित भारतीय स्टेट बैंक के सामने प्रांगण में होगा। जहां रविवार को बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग एकत्रित होंगे।वहीं दूसरा कार्यक्रम फूला गांव में रक्खा गया है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम समाज को सही दिशा देना उद्देश्य है।कार्यक्रम की जानकारी भाजपा नेता सियाराम दत्त मिश्र ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम कि तैयारी पूरी कर ली गई है। वहीं शनिवार देर साम स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ संघ के पदाधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया है।

### चोरी का खुलासा, दो सगे भाई गिरफ्तार

**जगदीशपुर (अमेठी) :** जगदीशपुर पुलिस ने चोरी की एक बड़ी घटना का खुलासा करते हुए दो सगे भाई अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सगे भाई अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 2 जोड़ी पायल, 1 एलसीडी टीवी, अन्य घरेलू सामान तथा चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाहन की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को रोका। पूछताछ में उनकी पहचान फूल चन्द्र पुत्र बसंत लाल उर्फ मोहन लाल (उम्र करीब 26 वर्ष) एवं रामेश्वर पुत्र बसंत लाल उर्फ मोहन लाल (उम्र करीब 30 वर्ष), निवासी छतहुआ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी के रूप में हुई। अभियुक्त मोटरसाइकिल बजाज के कागजात नहीं दिखा सके। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल पर रखे बैग व बोरी से 1 एलसीडी टीवी, 1 टार्च, 1 फ्रेश, 1 सॉकेट बोर्ड, 1 सोलर लाइट, 2 शर्ट, 1 जींस, दवाइयों के पर्चे, 1 हार्ड केस, 1 तांबे का लोटा, 1 जैकेट, 1 छाता, 1 इनर, भारतीय जीवन बीमा लिखा 1 टी-शर्ट बरामद हुआ।

# कड़ाके की ठंड से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत, बाग में मिला शव

संवाददाता, संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र संग्रामपुर के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय उत्तर गांव के पास स्थित एक बाग में शनिवार को एक मोर मृत अवस्था में पड़ा मिला। मोर के शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के स्पष्ट निशान नहीं पाए गए, जिससे प्रथम दृष्टया ग्रामीणों ने कड़ाके की ठंड को उसकी मौत का कारण बताया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने वन क्षेत्र अधिकारी को फोन के माध्यम से जानकारी दी।

सूचना पर वन क्षेत्र अधिकारी रणविजय सिंह मौके पर पहुंचे और मृत मोर को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के निर्देश दिए। वहीं वन क्षेत्र अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि मोर की मृत्यु रात के समय अत्यधिक ठंड के कारण हुई। इसके बाद आवारा कुत्तों द्वारा शव को नोचे जाने के निशान पाए गए। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात नियमानुसार मोर का अंतिम संस्कार कर दिया गया।वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि ठंड के मौसम में यदि किसी वन्य जीव के बीमार या मृत होने की सूचना मिले तो तुरंत विभाग को अवगत कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# समाधान दिवस में शिकायतों के निस्तारण में आई कमी

**आयोजन**

- डीएम ने अधिकारियों को दिए तत्काल निस्तारण के निर्देश

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिनमें शिकायतों के निस्तारण में भारी कमी आ रही है। डीएम संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जहां उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए।


फरियादियों की शिकायत सुनते डीएम संजय चौहान। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील गौरीगंज में 24 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील मुसाफिरखाना में 15 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें 3 का निस्तारण किया गया। तहसील तिलोई में 33 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 4 का निस्तारण किया गया, जबकि तहसील अमेठी में 24 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 1 का निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमें भेजी गईं।

### प्रधान पर आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाए आरोप डीएम से की शिकायत जांच की मांग

**सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार।** विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम सभा चिलौली में ग्राम प्रधान की अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। बीते शुक्रवार को जिलाधिकारी अमेठी को दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने इंटरलाकिंग समेत स्ट्रीट लाइट व नाली निर्माण कराये जाने की मांग के साथ-साथ ग्राम प्रधान द्वारा किये गए कार्यों की जांच कराये जाने की मांग की है। चिलौली गांव निवासी विश्राम, राम नरायन, हरनाथ, वीरेंद्र कुमार, बुधराम ने शुक्रवार को जिलाधिकारी अमेठी को दिए गए प्रार्थना पत्र में लखनऊ सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से गांव स्थित बीरेंद्र कुमार गौतम के घर तक कच्चे मार्ग पर 300 मीटर इंटर लाकिंग लगाए जाने व नाली निर्माण किये जाने व वहीं पर स्थित कुएं पर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग की है। वहीं मौजूदा ग्राम प्रधान द्वारा पांच वर्ष में कराये गए कार्यों में फर्जी सरकारी धन के गमन किये जाने की शिकायत की है।

# सिंचाई के समय पर सूखी पड़ी 24 माइनर

## किसान परेशानः गेहूं की सिंचाई में देरी होने से हो रहा नुकसान, निजी नलकूपों का है सहारा

संवाददाता, सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र की नहरों में गेहूं की सिंचाई के समय पानी न होने से किसानों को सिंचाई संकट का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र की 24 माइनरें सूखी पड़ी हैं जिससे क्षेत्रीय किसानों को सिंचाई के लिए भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

नहर व माइनरों के भरोसे खेती करने वाले किसानों के समक्ष बड़ा संकट खड़ा हो गया है। लगभग दो माह से नहरों से पानी नदारद है। गेहूं की फसल सिंचाई बगैर सूख रही है वहीं सिचाई के लिए किसान परेशान हैं। मजबूरी में किसान निजी नलकूपों से सिंचाई कर फसल को बचाने में जुटे हुए हैं।

सिंचाई न होने से परेशान किसान विजय शंकर, रज्जन


विजय शंकर।


रज्जन तिवारी।

तिवारी, सुनील सिंह, करन त्रिवेदी, शिवचंद्र त्रिवेदी, श्यामू पाल, अरविन्द यादव आदि ने बताया की यदि गेहूं की फसल की सिंचाई समय पर नहीं की गयी तो फसल खराब हो जाएगी और पैदावार प्रभावित होगी जिसका प्रतिकूल असर उपज पर पड़ेगा। यदि शीघ्र ही माइनरों में पानी नहीं छोड़ा गया तो उन्हें मजबूरन डीजल इंजन का सहारा लेना पड़ेगा जिससे उन्हें अतिरिक्त रुपया खर्च करना पड़ेगा, और बोझ बढ़ेगा।


सूखा पड़ा सिंहपुर रजबहा। अमृत विचार


पानी न मिलने से खेत की सूखी पड़ी फसल। अमृत विचार

### दो माह से 24 माइनरों में नहीं है पानी

सिंहपुर रजबहा में लगभग दो माह से पानी न आने से लगभग 50 हजार किसान प्रभावित हैं। सिंहपुर रजबहा से लगभग 24 माइनर निकली हैं जिनमें लौली, ख़रावां, जगतपुर, सातनपुरवा, बंगरा, विरतनगंज, जेहटाउसरहा, खरकपुर, पेडरिया, पेंडारा, खारा, भानीपुर, भवानीपुर, वतिया, जिजौली, आजादपुर, पंहौना, सिंहपुर, गोधना, फत्तेपुर, रस्तामऊ, कोंची, गोड़वा, राजापुर सामिल हैं। इन माइनरों से किसानों की लगभग डेढ़ लाख एकड़ की सिंचाई होती है।

### क्या बोले जिम्मेदार

सिंचाई विभाग खंड 28 के सहायक अभियंता ओपी दिनकर से बात की गयी तो बताया की बड़ी नहरों में पानी छोड़ा जा चुका है, पानी बढ़ने पर आगामी दो चार दिनों में सिंहपुर रजबहा में पानी छोड़ दिया जायेगा।

# पर्याप्त यूरिया होने के बावजूद भी केंद्रों पर लगी किसानों की भीड़



संग्रामपुर इफको कृषि सेवा केंद्र पर लगी किसानों की भीड़। अमृत विचार

संवाददाता, संग्रामपुर (अमेठी )

**अमृत विचार।** विकासखंड संग्रामपुर क्षेत्र के इफको कृषि सेवा केंद्र संग्रामपुर में शनिवार को सुबह से ही किसानों की लंबी कतार लग गई। केंद्र पर तीन पंक्ति बनाई गई इसमें एक महिला और दो पुरुष की थी। सरवर ना चलने के कारण सुबह 11:00 बजे से यूरिया वितरण शुरू हुआ लेकिन केंद्र महीना बाद खुलने के कारण परेशान किसान केंद्र पर आकर यूरिया के लिए पंक्तिबद्ध हो गए।

जब कृषि अधिकारी से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि

**समस्या**

जिला कृषि अधिकारी के निर्देशन है कि कोई भी अमेठी का किसान यूरिया के लिए परेशान नहीं होगा। इसलिए केंद्र पर करीब 800 बोरी यूरिया खाद भेजी गई। लगातार वितरण हो रहा है यूरिया की कमी नहीं है बल्कि किसानों के पास समय की कमी है। यही कारण है कि बीच-बीच में किसान झल्लाते हुए परेशान दिखाई दे रहे थे। इसको कृषि केंद्र संग्रामपुर प्रभारी चमन लाल वर्मा ने बताया कि करीब 800 बोरी यूरिया खाद हमारे पास है और 650 बोरी का आर्डर लगा हुआ है।

### निराश्रित गोवंश सहभागिता विशेष शिविर सम्पन्न


कंबल वितरित करते अधिकारी।

**राही, रायबरेली।** शनिवार को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप द्विवेदी, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सदर, डॉ संजय कुमार सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी भदोखर डॉ. राजेंद्र कुमार एवं पशुधन प्रसार अधिकारी अरविंद कुमार मौर्य, प्रशांत सिंह एवं ग्राम प्रधान राजेश कुमार सोनी, सचिव पुष्प राज सिंह की उपस्थिति में वृहद गोशाला बेला खारा में मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत विशेष अभियान के तहत लाभार्थियों से आवेदन प्राप्त कर गोवंश सुपुर्द किए गए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. कुलदीप द्विवेदी ने उपस्थित सभी गोपालकों से संवाद कर उन्हें गोपालन के लाभ पर चर्चा की तथा उन्होंने बताया कि गोशाला से गोवंश पालने पर गोपालकों को प्रति गोवंश पर सरकार पच्चास रुपए प्रति दिन के हिसाब से उन्हें देगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी नेगोशाला सेवकों को कंबल वितरित कर उन्हें प्रेरित किया।

### ऊंचाहार बस स्टेशन पर महिलाओं के लिए बनेगा सुलभ शौचालय

**ऊंचाहार, रायबरेली।** नगर के बस स्टेशन के पास कोई सुलभ शौचालय न होने के कारण विशेषकर महिलाओं को बड़ी दिक्कत होती थी। सफर कर रही महिलाओं को लघु शंका के लिए इधर उधर भटकना पड़ता था। इस बड़ी समस्या के निजात के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष ममता जायसवाल ने पहल की और शनिवार से बस स्टेशन के पास रेलवे स्टेशन रोड के किनारे महिलाओं के लिए प्रसाधन केंद्र का निर्माण शुरू हुआ है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण चंद जायसवाल ने बताया कि यहां पर पुरुष प्रशासन केंद्र पहले से बना था , किंतु महिलाओं के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। अब महिलाओं के लिए भी प्रसाधन केंद्र बनाया जा रहा है। यहां पर नगर निकाय से एक सफाई कर्मी नियमित तैनात किया जाएगा, जो साफ सफाई की व्यवस्था देखेगा। इसके बन जाने से बाहर से आने वाली महिलाओं को सहूलियत मिलेगी।

### ठंड का बढ़ता असर, अलाव बने सहारा

**सलोन, रायबरेली।** सलोन में ठंड अपना असर दिखा रही है। दिन ब दिन तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। वही शीतलहर ने क्षेत्र के कई हिस्सों में कपकपी बढ़ा दी है। सुबह के समय घना कोहरा छाया रहता है। क्षेत्र में कड़ाके की ठंड और शीतलहर ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। तापमान में लगातार गिरावट के कारण सुबह और रात में ठिठुरन बढ़ गई है। ऐसे में आमजन, मजदूर, रिक्शा चालक, राहगीर और बेसहारा लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं।

### शिक्षकों के प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**फुरसतगंज, अमेठी अमृत विचार।** ब्लाक संसाधन केंद्र बहादुरपुर में समेकित शिक्षा के अंतर्गत परिषदीय विद्यालय के सहायक अध्यापको का 5 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। समवेशी कक्षा में विविधताएं, समता पूर्व और समवेशी शिक्षा को समझना, दिव्यांग्ता की श्रेणी पर प्रकाश डाला गया।प्रशिक्षक कृष्ण कुमार, विवेक कुमार, गरिमा तथा पूजा, प्रियंका, प्रीति आनन्द, पूनम, नेहा गुप्ता, रानू सिंह सहित 50 सहायक अध्यापक उपस्थित रहें, पूर्व एआरपी रफ़ीक अहमद खां व सादिक मेहदी का कार्यक्रम मे विशेष सहयोग रहा।

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत, केस दर्ज

संवाददाता, अमावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के पूरे भुजवन मजरे रूपामऊ गांव निवासी कृष्णा देवी (48) शुक्रवार की दोपहर गांव में ही सड़क के किनारे उपले बना रही थी। तभी रोड से गुजरे एक बाइक सवार युवक ने कृष्णा देवी को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर से कृष्णा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने कृष्णा देवी को अस्पताल पहुंचाया, जहां देर रात उपचार के दौरान चिकित्सक ने कृष्णा देवी को मृत घोषित कर दिया।

मृतका के पति श्रीराम की तहरीर पर पुलिस ने रूपामऊ गांव के दुर्गेश पुत्र प्रभु दयाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया बाइक की टक्कर से घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई थी मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

**स्कूटी की टक्कर से वृद्ध घायल, बछरावांः** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा-बहराइच राजमार्ग पर तिलेडा गांव के पास सड़क किनारे खड़े वृद्ध को तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कूटी सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। जहां उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। घायल वृद्ध फूलचंद्र (62) निवासी कांटा मजरे मीरखनगर थाना निगोहा जनपद लखनऊ स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत तिलेडा गांव में स्थित एक आंखों के अस्पताल में इलाज कराने के लिए आया हुआ था( वापस जाते समय हादसे का शिकार हो गया। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। स्कूटी सवार को मय वाहन सहित कब्जे में ले लिया गया है, आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बदलते मौसम और घने कोहरे के चलते अमेठी में चलाया गया सुरक्षा अभियान

- सड़क हादसों पर रोक लगाने को उतरी अमेठी पुलिस

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बदलते मौसम और घने कोहरे के चलते शून्य विजिबिलिटी की स्थिति को देखते हुए अमेठी पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। संभावित सड़क हादसों पर रोक लगाने के उद्देश्य से जनपद भर में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में अमेठी पुलिस और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से यह अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जा रहे हैं, जिससे कोहरे के दौरान वाहन दूर से ही दिखाई दें और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो सके। अभियान की निगरानी स्वयं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह कर रहे


वाहन पर रिफ्लेक्टिव टेप चिपकाते एएसपी ज्ञानेंद्र सिंह। अमृत विचार

हैं। वह सड़क पर उतरकर एक-एक वाहन पर खुद रिफ्लेक्टिव टेप चिपकाते नजर आए, जिससे पुलिस की ज़मीनी सक्रियता और प्रतिबद्धता साफ दिखाई दी।

**बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन घायल, अमेठी:** अमेठी से अपने घर बेनीपुर जा रहे जमशेद अहमद उम्र 38 वर्ष की बाइक की टक्कर अमेठी की ओर आ रहे गंगागंज निवासी रोहित गोयल उम्र 25 वर्ष और सनी चौरसिया उम्र 25 वर्ष की बाइक से हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही घायलों के परिजन मौके पर पहुंचे। साथ ही जिला पंचायत पद के प्रत्याशी रेहान खान ने मानवीय पहल करते हुए तीनों घायलों को अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां उपचार बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए तीनो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**आयोजन**

जागृति पब्लिक स्कूल हलोर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न, बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

# छात्रों को मेडल व ट्रॉफी और प्रतीक चिह्न से अभिभावकों को किया सम्मनित

संवाददाता, महराजगंज, (रायबरेली)

**अमृत विचार।** जागृति पब्लिक स्कूल हलोर में शनिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि समाजसेवी भरत मिश्रा व विशिष्ट अतिथि उमाकांत पाण्डेय व हौसिला प्रदास के साथ प्रबंधक अमोद श्रीवास्तव ने मां भारती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर वर्ग के छात्रों में दौड़, कबड्डी, खो-खो, बोरा दौड़, गुब्बारा दौड़, कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बालिका वर्ग की कबड्डी में सरोजिनी नायडू टीम ने बाजी मारी, तो वही


आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे, शिक्षक व अन्य। अमृत विचार

खो-खो में अरुणिमा सिन्हा टीम अव्वल रही। बालक वर्ग की कबड्डी में सुभाष चंद बोस टीम ने जीत दर्ज की। समापन अवसर पर छात्रों को मेडल व ट्रॉफी तो अतिथियों व अभिभावकों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक अमोद श्रीवास्तव लगातार कुछ मेधावियों को लगातार तीन वर्षों से निशुल्क शिक्षा भी देते हैं। कार्यक्रम का संचालन राकेश दिवाकर ने किया। इस मौके पर सुशील त्रिपाठी, राम जियावन, रविकुमार, साहीन, मोहिनी शर्मा, प्रीति श्रीवास्तव, ममता, साक्षी, धनंजय सिंह आदि मौजूद रहे।


समारोह में सम्मानित किये गये बच्चे व मौजूद शिक्षिकाएं। अमृत विचार

**समारोह मेडल व प्रतीक चिह्न से छात्राएं सम्मानित, महराजगंजः** राजकीय बालिका इंटर कालेज में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समागम कार्यक्रम में पुरा छात्राओं, सेवानिवृत्त शिक्षक व अभिभावकों सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अध्ययनरत छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह की अध्यक्षता शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार ने की। आयोजन का शुभारंभ सेवानिवृत्त शिक्षक शशिधर दीक्षित, विजयरानी यादव व प्रधानाचार्या डॉ अनीता सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अध्ययनरत छात्राओं को सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय की प्रवक्ता किश्वर जहां, नाजिश बानो, प्राची शुक्ला, रुपारानी गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, रामानुज सिंह, प्रिया भट्टाचार्य, दुर्गेश कुमार, अभिषेक व प्रेम सागर आदि मौजूद रहे।

### कृषि तकनीकी की दी गई जानकारी

**महराजगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के जमुरावां गांव में कृषि विभाग द्वारा संचालित महत्मने स्पाइसेस प्रोड्यूसर कम्पनी जमुरावां के तत्वावधान में द मिलियन फार्मर्स स्कूल अन्तर्गत कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर, बीज प्रमाणीकरण लखनऊ मण्डल कैलाश चंद्र चौरसिया रहे। उन्होंने किसानों को उन्नतशील एवं प्रमाणित बीज के महत्व, गुणवत्ता पहचान तथा सही बीज चयन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गोष्ठी में एडीओ एजी दिलीप सोनी, बीटीएम कृपा शंकर, एफपीओ के प्रबन्धक केशवानन्द त्रिपाठी, शिरीष वर्मा, गोविंद नारायण त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

तारीख पेशी– 05.01.2026
हेतु संदर्षित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय उप संचालक चकबंदी अमेठी
मूलवाद सं0– 11/2025
वादी संख्या– ..................
रामधन ... वादी
बनाम
बालकिशुन ... प्रतिवादी
1.– शिवबहादुर पुत्र शोभनाथ, 2– राजबहादुर पुत्र शोभगनाथ, 3– छब्बू पत्नी बालकिशुन निवासी गण – सराय भागमानी, परगना– अमेठी, तहसी– गौरीगंज, जनपद– अमेठी। चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है 48 जो.च.अ. अतः एवं आपकी एतत् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए .... के .... के दिवस को पूर्वान्ह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हैं और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदक एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज .... के दिवस को निकाली गयी।
न्यायालय उप संचालक
चकबंदी अमेठी



तूं तूं करता तूं भया, मुझ में रही न हूं।
वारी फेरी बलि गई, जित देखौं तित तूं॥

कबीर दास कहते हैं, मन कह रहा है कि 'तू है' 'तू है'। यह कहते-कहते मेरा अहंकार समाप्त हो गया। इस तरह भगवान पर न्योछावर होते-होते मैं पूरी तरह समर्पित हो गया। अब तो जिधर देखता हूं, उधर तू ही दिखाई देता है।



# लोक मंगल का उपकरण थी प्राचीन भारतीय राजनीति

> ऋग्वेद (9.113.10 तथा 9.113.11) में प्रार्थना है, 'जहां सारी कामनाएं पूरी होती हों- यत्र सत्यस्य परमं निधानं तत्र मा सोमामृतं कृधि। यत्र स्थिरं सुखं चास्ति तत्र मा अमृतं कृधि। जहां तृप्ति दायक अन्न हो। हे देवों आप वही स्थायित्व दें। अमृतत्व दें। जहां आनंद, मोद, मुद व प्रमोद हैं। यत्रा नंदास च मोदाश्च मुद प्रमोद आसते। जहां कामनाएं तृप्त होती हैं। आप वहां अमृत दें। इस सबके लिए एक आदर्श राज्य व्यवस्था चाहिए। आदर्श राज्य व्यवस्था के अभाव में राष्ट्र सुखी नहीं होते।

अभिलाषाएं अनंत हैं। सबसे बड़ी अभिलाषा आनंद प्राप्ति है, लेकिन संसार दुखमय है। मनुष्य प्राचीन काल से ही सुखी देश में रहना चाहता है। वेदों में आदर्श राष्ट्र की सुंदर अभिलाषाएं हैं। आधुनिक राजनीति निंदित क्षेत्र है। संसदीय राजनीति का भाषा शास्त्र ही कर्कश और बहुधा अश्लील है। यहां आरोप हैं, प्रत्यारोप हैं, जाति, क्षेत्र, मजहब, पंथ के उन्माद हैं, लेकिन प्राचीन भारतीय राजनीति लोक मंगल का उपकरण थी। कुछेक विद्वान लोकतंत्र को यूरोपीय परंपरा की देन मानते हैं। यूरोपीय जनतंत्र और संसद की कल्पनाएं 13वीं सदी के बाद की हैं, लेकिन भारत में राजधर्म और नीतिशास्त्र का विकास ईसा पूर्व कम से कम 6-7 हजार वर्ष पहले ही शुरू हो गया था। कौटिल्य का अर्थशास्त्र ईसापूर्व लगभग 340 वर्ष में माना जाता है। मौर्यकाल और कौटिल्य ज्ञात इतिहास में हैं। 'अर्थशास्त्र' के रचनाकाल में राजनीति पर ढेर सारे विचार प्रचलित थे। कौटिल्य के अर्थशास्त्र (वाचस्पति गौरौला के भाष्य) में बृहस्पति, शुक्राचार्य, भारद्वाज, पाराशर, चारायण, नारद आदि पूर्ववत विचारकों का उल्लेख किया गया है। शुक्र नीति में राज्य व्यवस्था का खूबसूरत विवरण है। मसलन 'राजा बहुमत के अनुसार कार्य करे- कुर्याद् बहुसंमतम्' (अध्याय 1) शुक्र नीति में योग्यता को ही नियुक्ति का आधार माना गया है, 'कर्मियों की नियुक्ति, पदोन्नति योग्यता और काम के आधार पर करे, जाति या कुल के आधार पर नहीं।'

शुक्र नीति में मोहित करने वाली राजनीतिक संरचना है। यहां सेना के अंगों, पदों के भी नाम व विवरण हैं। प्रधानमंत्री, मंत्री, सचिव, अमात्य व पुरोहित के वेतन सुस्पष्ट रखने के निर्देश हैं।' (अध्याय 2) राजा को निर्देश है कि वृक्षारोपण की चिंता करे। गांव में गांव के लिए उपयोगी वृक्ष और वनों में जंगली वृक्ष लगाए। (अध्याय 4) राजा को प्रतिदिन के चैबीस घंटों का समय विभाजन करना चाहिए। आय-व्यय की प्रतिदिन जांच जरूरी है। राजा स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम करे। (अध्याय 1) अधिकारियों को एक ही स्थान पर न रखने और स्थानांतरण के भी निर्देश हैं। (अध्याय 2)

कौटिल्य ने अर्थशास्त्र की शुरुआत में ही शुक्राचार्य व बृहस्पति को नमस्कार किया है। उन्होंने वाद-विवाद के अवसर के लिए शुक्राचार्य के मत का उल्लेख किया है। शुक्र नीति ऐतिहासिक रचना है। गुस्ताव ओपर्ट ने इस ग्रंथ पर काफी श्रम किया है। उनके विवेचन में यह ईसा पूर्व की रचना है। मूलभूत विषय है, राजनीति की विषय वस्तु और लोकतंत्र। इस विषय सामग्री का आधार कौटिल्य हैं। शुक्राचार्य हैं। यथार्थवादी दर्शन है। यहां समग्र लोक को मधुमय बनाने वाली राजनीति थी।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

ऋग्वेद (9.113.10 तथा 9.113.11) में प्रार्थना है, 'जहां सारी कामनाएं पूरी होती हों- यत्र सत्यस्य परमं निधानं तत्र मा सोमामृतं कृधि। यत्र स्थिरं सुखं चास्ति तत्र मा अमृतं कृधि। जहां तृप्ति दायक अन्न हो। हे देवों आप वही स्थायित्व दें। अमृतत्व दें। जहां आनंद, मोद, मुद व प्रमोद हैं। यत्रा नंदास च मोदाश्च मुद प्रमोद आसते। जहां कामनाएं तृप्त होती हैं। आप वहां अमृत दें। इस सबके लिए एक आदर्श राज्य व्यवस्था चाहिए। आदर्श राजव्यवस्था के अभाव में राष्ट्र सुखी नहीं होते। इसी प्रार्थना में कहते हैं, 'जहां विवश्वान का पुत्र राजा है। जहां विशाल नदियां बहती हैं। जहां आनंद का द्वार है। आप हमें वहां स्थायित्व दें।' स्तुति है, 'जहां सूर्य का अखंड तेज प्राप्त होता है, उसी क्षेत्र में मुझे अमृतत्व दें।' सारी कामनाएं स्वाभाविक हैं, भौतिक हैं, लेकिन एक सुंदर राजव्यवस्था की आवश्यकता की बात महत्वपूर्ण है।

आदिम काल में न राजा था और न ही राज्य। अथर्ववेद में राज्य व्यवस्था के जन्म और विकास की सुंदर यात्रा है, 'पहले राज्यरहित राजा के विकास का सुंदर उल्लेख है, 'पहले राज्य रहित राजा की दशा थी फिर विकास हुआ। परिवार संस्था आई। फिर विकास हुआ और आह्वनीय दशा आई। इसके बाद विचार-विमर्श बढ़े। फिर दक्षिणाग्नि दशा आई। यहां दक्ष विशेषज्ञ दशा का अर्थ है, कुशल लोगों का नेतृत्व मिलना। विकास होता रहा। इसी के विकास से समिति बनी। यह राजा को पदासीन करती थी और पद से हटाती भी थी। वेदों में उल्लेख है, 'राजा समिति में जाता है।' अर्थात राजा निरंकुश नहीं है। वह समिति के प्रति उत्तरदाई है।

आधुनिक काल में ज्यादातर राजव्यवस्थाएं किसी न किसी रूप में लोकतांत्रिक हो गई हैं। अमेरिकी राज्य व्यवस्था में राष्ट्रपति की प्रभुता है। रूस में राष्ट्रपति का वर्चस्व है। ब्रिटेन में संसद की प्रभुता है। भारत में संविधान की सर्वोपरिता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान का बहुत महत्व है। विचार आधारित पार्टियां चुनाव के दौरान अपने पक्ष में वातावरण बनाती हैं। राजनीतिक दल चुनाव में अपने प्रत्याशी खड़े करते हैं। किसी भी राजनीतिक दल के लिए संगठन बनाना जरूरी है। कार्यकर्ता आधारित संगठन पार्टी के पक्ष में लोकमत बनाते हैं। सारी दुनिया में राष्ट्रवादी संगठन हैं।

भारत का स्वाधीनता संग्राम भी राष्ट्रवादी था। आज कथित सेकुलरवादी संगठन और व्यक्ति हिंदुत्व को सांप्रदायिक बताते हैं, लेकिन स्वाधीनता संग्राम के प्रमुख योद्धा महात्मा गांधी ने लिखा था कि मुझसे हिंदुत्व निकाल दो, तो मेरे पास कुछ नहीं बचेगा।' स्वाधीनता संग्राम के आगे पीछे कांग्रेस राष्ट्रवादी संगठन भी थी। संगठन अपरिहार्य है। वामपंथी भी संगठन की महत्ता जानते थे। स्वाधीनता के बाद सांप्रदायिकता चरम पर थी। भारत विभाजन हो चुका था। पाकिस्तान सांप्रदायिक आधार पर बंट गया था। धीरे-धीरे संगठन का तेज घटा। पंडित नेहरू के नेतृत्व में सरकार तो थी, लेकिन संगठन नहीं था।

1951 में भारतीय जनसंघ का जन्म हुआ। इसका सांगठनिक ढांचा धीरे-धीरे मजबूत हो रहा था। संगठन के चुनाव होते थे। संगठन आंतरिक लोकतंत्र से समृद्ध था। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने अनावश्यक रूप से आपातकाल (1975) लगाया। जनसंघ सहित सभी दलों के कार्यकर्ता जेलों में भेज दिए गए। आपातकाल हटाने के बाद 1977 में संगठन कांग्रेस, सोशलिस्ट और लोकदल तथा भारतीय जनसंघ ने मिलकर जनता पार्टी बनाई। उच्च उद्देश्यों से सशक्त होने के बावजूद जनता पार्टी के पास संगठन का ढांचा नहीं था। जनसंघ घटक के लोगों पर दोहरी सदस्यता के आरोप लगे। जनता पार्टी टूट गई।

कांग्रेस कई दफा टूटी। पहली टूट में एक धड़ा कांग्रेस (ओ) और दूसरा कांग्रेस (आई) कहलाया। कांग्रेस की टूट से ही तृणमूल कांग्रेस बंगाल में व राष्ट्रवादी कांग्रेस महाराष्ट्र में बनी। जनता दल बेमेल संगठन टूटा। एक धड़ा जनता दल एस व एक धड़ा जनता दल यू हो गया। अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी बनी। भाजपा के संगठन पर कई विदेशी भारतीय विद्वानों ने शोध किया है और आश्चर्य व्यक्त किया है कि भारत जैसे विशाल देश में ऐसा मजबूत संगठन विचारणीय है।

पिछले सप्ताह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ है। बिहार के नितिन नवीन निर्विरोध राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुने गए हैं। इसी प्रकार देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न हुआ। पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। साधारण प्रकृति के असाधारण राजनेता पंकज चौधरी ने एक आदर्श सांसद की भूमिका का निर्वाहन भी किया है। चौधरी सात बार के सांसद हैं। एक ही पार्टी के टिकट पर बिना क्षेत्र बदले सात बार सांसद होना आश्चर्यजनक है।

# निवेशकों को सुरक्षा देगा सेबी का नया प्रस्ताव

लॉकडाउन के दौरान लोगों का रुझान शेयर बाजार, म्युचुअल फंड और अन्य निवेश साधनों की ओर तेजी से बढ़ा। इसी बढ़ते रुझान का फायदा उठाते हुए अनगिनत संख्या में गैर-पंजीकृत लोग खुद को निवेश सलाहकार बताकर सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गए और निवेशकों से मोटी फीस वसूलने लगे। जाने-अनजाने लाखों की संख्या में निवेशक ऐसे लोगों के झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाई निवेश कर देते हैं। बाद में अपनी समस्त पूंजी गंवा बैठते हैं। कई मामलों में निवेशकों को न तो सही जानकारी मिलती है और न ही नुकसान होने पर कोई कानूनी सहारा मिलता है। ऐसे में सेबी का यह कदम निवेशकों के हित में एक जरूरी पहल माना जा रहा है।



धनीश शर्मा
लेखक

सेबी एक्ट, 1992 के तहत निवेशकों की सुरक्षा और बाज़ार में पारदर्शिता बनाए रखने का अधिकार सेबी को प्राप्त है। इसी कानून के तहत सेबी समय-समय पर ऐसे कदम उठाती है, जिससे निवेशकों के हितों की रक्षा की जा सके और पूंजी बाजार को सुरक्षित बनाया जा सके। सोशल मीडिया पर निवेशकों को सलाह देते नजर आ रहे सलाहकारों पर अब सेबी जल्द ही शिकंजा कसने जा रही है। इसके तहत सेबी ने प्रस्ताव दिया है कि उसके नियंत्रण में आने वाली सभी संस्थाएं और उनके एजेंट, अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म के होम पेज पर अपना पंजीकृत नाम और पंजीकरण संख्या स्पष्ट रूप से दिखाएं, जिससे निवेशकों में किसी तरह का भ्रम न फैले। इसके अलावा हर वीडियो या कंटेंट के साथ भी यह जानकारी निवेशकों के साथ साझा करनी होगी।

> सोशल मीडिया पर निवेशकों को सलाह देते नजर आ रहे सलाहकारों पर सेबी जल्द ही शिकंजा कसने वाली है। सेबी ने कहा है कि उसके नियंत्रण में आने वाली सभी संस्थाएं और उनके एजेंट, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर अपना पंजीकृत नाम और पंजीकरण संख्या स्पष्ट रूप से दिखाएं।

सेबी का यह प्रस्ताव इसलिए भी अहम है, क्योंकि सोशल मीडिया पर नियमित और गैर-पंजीकृत लोगों का निवेश से जुड़ा कंटेंट बड़ी संख्या में मौजूद है, जिसे देखकर निवेशक आसानी से गुमराह हो रहे हैं। सोशल मीडिया की आड़ में अनगिनत गैर-पंजीकृत लोग तरह-तरह के वीडियो बनाकर निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं, जिनमें कई फिनफ्लुएंसर भी शामिल हैं। फिनफ्लुएंसर वे लोग हैं, जो सोशल मीडिया पर निवेश, शेयर बाजार, म्युचुअल फंड और अन्य वित्तीय साधनों के बारे में सलाह देते हैं। कुछ फिनफ्लुएंसर वैध और पंजीकृत होते हैं, लेकिन कई गैर-पंजीकृत और भ्रामक जानकारी देने वाले लोग झूठे मुनाफे का लालच देकर निवेशकों को गुमराह कर रहे हैं। इन लुभावने वीडियो के ज़रिये निवेशकों को फंसाया जाता है और वे आसानी से इनके मकड़जाल में आ जाते हैं।

सोशल मीडिया पर सक्रिय सलाहकारों के बीच गैर-पंजीकृत लोगों की बढ़ती मौजूदगी निवेशकों के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है। सेबी का उद्देश्य सोशल मीडिया पर उन गैर-पंजीकृत लोगों को रोकना है, जो भ्रामक जानकारी निवेशकों के सामने परोसकर उन्हें गुमराह करते हैं, हालांकि यह भी कहा जा सकता है कि सेबी को यह कदम काफी पहले ही उठा लेना चाहिए था, लेकिन देर आयद दुरुस्त आयद वाली कहावत यहां पूरी तरह चरितार्थ होती है।

# खर मास पौष में करें भगवान की स्तुति

खर मास के दौरान प्रायः पौष मास पड़ता है। कथा है कि भगवान सूर्य के अश्वों (घोड़ों) को प्यास लगी थी, वे पानी पीना चाहते थे। भगवान सूर्य नारायण की अनुमति से पृथ्वी पर आकर सभी घोड़े एक माह तक पानी पीते रहे। इस अवधि में घोड़ों की जगह खर (गर्दभ/गधे) पर सूर्य भगवान बैठ गए। एक माह बाद जब घोड़े लौटे तब पुनः सूर्य भगवान गर्दभ से अश्व पर आरूढ़ हुए, इसीलिए एक माह खर मास कहा जाता है। इस अवधि में सूर्य की गति धीमी हो जाती है और दिन छोटा तथा रात बड़ी हो जाती है। इस अवधि में मांगलिक कार्यक्रम नहीं होते।

जिन महीनों में मांगलिक कार्यक्रमों का निषेध किया गया, उसमें खर मास और पुरुषोत्तम मास (मल मास) कहते हैं। चूंकि मांगलिक कार्यक्रम इन महीनों में नहीं होते, इसलिए इस अवधि में धर्म ग्रंथों का अध्ययन करना चाहिए, खासकर श्रीमद् भागवत महापुराण का अध्ययन जरूर करना चाहिए। इस पुराण में श्री हरि की स्तुति, विभिन्न देवी-देवताओं, राजाओं के क्रियाकलापों के साथ ऋषियों-मुनियों का संवाद शामिल है। चूंकि यह सर्वश्रेष्ठ पुराण है, इसलिए इसका वाचन एवं श्रवण मनुष्य को सार्थक स्वरूप प्रदान करता है। मनुष्य को अपने मन को वश में करने के लिए इस माह में योग-प्राणायाम करना चाहिए।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

श्रीमद् भागवत महापुराण के चतुर्थ स्कंध के 13 से लेकर 15वें अध्याय तक में ध्रुव वंश से लेकर राजा पृथु का वर्णन किया गया है। राजा अंग एवं पत्नी सुनीथा से वेन नामक पुत्र हुआ, जिसके अत्याचार के चलते पिता राजा अंग दुःखित रहा करते थे। उन्हें नींद नहीं आती थी। एक रात गृहस्थ जीवन से विरक्त होकर राजा अंग जंगल चले गए। अंग के वन चले जाने के कारण भृगु आदि मुनियों ने देखा कि पृथ्वी पर रहने वालों की रक्षा करने वाला कोई नहीं है, तब वेन को राजपद पर बिठा दिया गया। राजा का पद पाकर वेन और भी अत्याचारी हो गया। उसने पूजा-पाठ, ऋषियों के दान-दक्षिणा देने पर रोक लगा दी। ऋषियों-मुनियों ने उसे सदाचार पथ पर ले चलने का प्रयास किया, लेकिन राजा वेन पर कोई असर जब नहीं पड़ा तब विदुर जैसे महात्मा ने राजा वेन को मार डालने का आदेश दिया।

वेन की मृत्यु के पश्चात उसकी मां सुनीथा पुत्र वेन के शव की सुरक्षा करने लगी। वेन की मृत्यु के उपरांत ऋषियों ने देखा राजा विहीन शासन में दुष्टों का उपद्रव बढ़ गया है। ऋषियों ने वेन के शव की जांघ को मथा तब उसमें से एक बौना और कुरूप पुरुष उत्पन्न हुआ, जो शासन चलाने योग्य नहीं था। उसने अपने पिता के पापों को अपने ऊपर ले लिया। ऋषियों ने उसे नगर छोड़कर वन और पर्वत पर रहने का आदेश दिया।

इसके बाद पुत्रहीन वेन की भुजाओं का मंथन किया, जिससे एक स्त्री-पुरुष का जोड़ा प्रकट हुआ। इसे भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की कृपा मानकर ऋषियों ने पुरुष को पृथु नाम दिया तथा स्त्री को पृथु की पत्नी बनने का आशीर्वाद दिया एवं पृथु को विष्णु जी का अवतार मानकर संसार के पालन का दायित्व दिया, जिसका निर्वहन पृथु ने किया। उनकी रीति-नीति से प्रसन्न होकर प्रजा तथा ऋषि-मुनि गुणगान करने लगे।

# महाभियोग की राजनीति व न्यायपालिका

> मद्रास हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जस्टिस जीआर स्वामीनाथन के विरुद्ध लाया गया महाभियोग प्रस्ताव गंभीर संवैधानिक चिंता पैदा करता है। जस्टिस ने एक मंदिर के भक्तों की याचिका सुनी और राज्य सरकार की असहमति के बावजूद मंदिर स्तंभ पर दीप जलाने का आदेश दे दिया।

भारत के संविधान ने संसद को अनेक शक्तियां दी हैं, पर उनमें सबसे गंभीर, सबसे असाधारण और सबसे संवेदनशील शक्ति है, किसी न्यायाधीश के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव लाने की शक्ति। यह कोई सामान्य राजनीतिक हथियार नहीं है, न ही यह न्यायिक निर्णयों से असहमति दर्ज कराने का मंच है। यह शक्ति केवल एक ही उद्देश्य के लिए बनाई गई है, न्यायपालिका की शुचिता की रक्षा, और वह भी केवल तब, जब किसी न्यायाधीश के विरुद्ध सिद्ध कदाचार या असमर्थता का ठोस प्रामाणिक आधार उपलब्ध हो।

इसी पृष्ठभूमि में मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जस्टिस जीआर स्वामीनाथन के विरुद्ध लाया गया महाभियोग प्रस्ताव एक गंभीर संवैधानिक चिंता पैदा करता है। जस्टिस स्वामीनाथन ने एक मंदिर के भक्तों की याचिका सुनी और राज्य सरकार की असहमति के बावजूद मंदिर स्तंभ पर दीप जलाने का आदेश दे दिया। तमिलनाडु सरकार ने धार्मिक सौहार्द तथा कानून व्यवस्था बिगड़ने के अपने तर्कों के आधार पर आदेश का पालन नहीं किया, तब जस्टिस स्वामीनाथन ने सीआईएसएफ की निगरानी में दीप जलाने का आदेश दे दिया। यही बात राजनेताओं को खटक गई। हालांकि प्रशासन ने सेना को भी उस क्षेत्र में घुसने नहीं दिया और मंदिर का दीप नहीं जल सका। सरकार इस बात से इतनी विचलित और क्रोधित हो गई कि जस्टिस स्वामीनाथन के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव ले आई।



आलोक तिवारी
वरिष्ठ पत्रकार

यह बहस इस बात की नहीं है कि कोई उनके निर्णय से सहमत है या असहमत। असली प्रश्न यह है कि क्या संसद का सबसे कठोर दंडात्मक औज़ार केवल किसी निर्णय या न्यायिक व्याख्या से असहमति के आधार पर सक्रिय किया जा सकता है? संविधान के अनुच्छेद 124(4) और 217 जानबूझकर कठोर भाषा में लिखे गए हैं। न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया कठिन इसलिए रखी गई, ताकि वह राजनीतिक दबाव, जनभावना या सत्तागत असंतोष से सुरक्षित रह सके। महाभियोग कोई राजनीतिक वक्तव्य नहीं, बल्कि एक प्रकार का संवैधानिक अभियोजन है। जस्टिस स्वामीनाथन पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। वित्तीय अनियमितता नहीं है। पद के दुरुपयोग का ठोस प्रमाण नहीं है और उनकी असमर्थता का कोई आधार नहीं है, तो ऐसे प्रस्ताव को राजीतिक उद्देश्य से प्रस्तुत करना न्यायिक तंत्र एवं जजों को डराने एवं धमकाने कि श्रेणी में आता है!

यह तर्क अक्सर दिया जाता है कि सांसदों को अनुच्छेद 105 और 194 के अंतर्गत विशेषाधिकार प्राप्त हैं। किंतु यह तर्क अधूरा है। संसदीय विशेषाधिकार निरंकुश नहीं होते, वे कार्यात्मक होते हैं। उनका उद्देश्य विधायिका को उसके संवैधानिक कर्तव्यों के निर्वहन में सक्षम बनाना है, न कि किसी अन्य संवैधानिक संस्था, विशेषकर न्यायपालिका को डराना या भयभीत करना। जब विशेषाधिकार का प्रयोग दबाव के औज़ार के रूप में किया जाए, तब वह विशेषाधिकार नहीं, बल्कि संवैधानिक अतिक्रमण बन जाता है।

भारतीय संवैधानिक इतिहास इस खतरे की चेतावनी देता है। आज जस्टिस स्वामीनाथन के विरुद्ध प्रस्तावित महाभियोग, उसी चिंताजनक परंपरा का आधुनिक रूप प्रतीत होता है, जहां न्यायिक निर्णयों को संवैधानिक तर्क के बजाय राजनीतिक स्वीकार्यता की कसौटी पर परखा जाने लगता है। यदि यह प्रवृत्ति सामान्य बन गई, तो हर संवेदनशील मामले में न्यायाधीश के सामने कानून नहीं, बल्कि संभावित राजनीतिक प्रतिक्रिया खड़ी होगी।

यहां लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। Judges (Inquiry) Act, 1968, उन्हें यह विवेकाधिकार देता है कि वे आवश्यक हस्ताक्षरों के बावजूद महाभियोग प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार कर सकते हैं। यह कोई औपचारिक मुहर नहीं, बल्कि संविधान द्वारा निर्मित एक अंतिम सुरक्षा-दीवार है। यदि प्रस्ताव में भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितता, पद के दुरुपयोग या असमर्थता का कोई प्रथमदृष्टया आधार नहीं है, तो उसे प्रारंभिक स्तर पर ही रोका जाना चाहिए।

देश के न्यायाधीश अपनी शपथ और भारत के संविधान के प्रति उत्तरदायी हैं, न कि किसी पक्षपातपूर्ण राजनीतिक दबावों या वैचारिक धमकियों के प्रति। आज एक जज निशाने पर है, कल पूरी न्यायपालिका इनके निशाने पर होगी। अंततः यह प्रश्न शक्ति का नहीं, संवैधानिक संयम का है। असहमति का स्थान अपील में है, बहस में है, आलोचना में है, महाभियोग में नहीं।

# आर्थिक और सामाजिक दबावों के बीच रिश्ते बचाने की जद्दोजहद

तेज़-रफ्तार और निरंतर बदलती दुनिया में शादी को संतुलित रखना पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। तेज़ी से बदलती जीवन शैली, इंटरनेट और सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव, एक-दूसरे से उभरती अपेक्षाएं, काम और परिवार का दबाव, आर्थिक अनिश्चितता और बदलते सामाजिक मानदंड, इन सबके बीच रिश्ते को स्थिर और स्वस्थ बनाए रखना सचमुच एक नाजुक कला है। इस कला की नींव तीन आधारभूत स्तंभों पर टिकी होती है- संवाद, सम्मान और समझदारी। चुनौतियां सीमाएं स्पष्ट नहीं होतीं, तो छोटी-छोटी बातें भी अनजाने में विवाद का कारण बन सकती हैं।



डॉ. मुकुल शर्मा
मोटिवेशनल स्पीकर

संतुलन न हो तो यह हस्तक्षेप रिश्ते की शांति और स्थिरता को प्रभावित करता है। निकटता (Intimacy) की कमी की भागदौड़, मानसिक थकान और तनाव धीरे-धीरे शारीरिक और भावनात्मक निकटता को कम कर देते हैं। इंटिमेसी के स्तर में गिरावट रिश्ते में दूरी और असुरक्षा ला सकती है। पैरेंटिंग में मतभेद तकरार को जन्म देता है, यदि इन्हें समझदारी से न संभाला जाए। शादीशुदा जीवन हो या जीवनशैली के दिखावे, रिश्ते में असंतोष, अपेक्षाओं का दबाव और कमी की भावना पैदा कर सकती है। बढ़ने के लिए नियमित देखभाल चाहिए, वैसे ही शादी को भी समझ, संवाद और संवेदनशीलता की निरंतरता चाहिए।

जीवन की व्यस्तताओं, चुनौतियों और दबावों के बीच रिश्ते को मजबूत बनाए रखना एक सजग प्रयास है और यही प्रयास शादी को खूबसूरत बनाता है। नीचे कुछ व्यावहारिक और प्रभावी उपाय दिए गए हैं, जो दंपत्ति को अधिक संतुलित, शांत और सहयोगी संबंध बनाने में मदद करते हैं। गलतफ़हमियां पैदा न हों। अपेक्षाएं रिश्ते में टकराव कम करती हैं और सामंजस्य बढ़ाती हैं। उनकी समीक्षा करें। ज़रूरी है जिम्मेदारियां बराबर बांटी जाएं। ज़िम्मेदारियों को साझा करें। पैरेंटिंग को टीमवर्क समझें, टकराव नहीं। असंतोष, जलन और अपेक्षाओं का दबाव कम होता है, जिससे रिश्ता और मजबूत बनता है। आपस में अपेक्षाओं और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर चर्चा करनी चाहिए। इससे रिश्ते संवारने में आसानी होती है।

# आत्म-चेतना और आत्म-साक्षात्कार का माध्यम है ध्यान

ध्यान का उद्‌गम प्राचीन भारत से हुआ। वेदों और उपनिषदों में ध्यान का गहन उल्लेख मिलता है। महात्मा बुद्ध ने ध्यान को अपने जीवन का केंद्रीय अंग बनाया था और इसे आत्म-ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम बताया था। ध्यान आत्मा और मन के संतुलन को प्राप्त करने का एक प्राचीन विज्ञान है। यह आत्मचिंतन और मानसिक शुद्धता की ऐसी प्रक्रिया है, जो व्यक्ति को आंतरिक शांति और स्फूर्ति प्रदान करती है। ध्यान का अर्थ है मानसिक एकाग्रता और चेतना का उच्चतम स्तर। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें मनुष्य अपनी आंतरिक ऊर्जा के स्रोत से जुड़ता है और बाहरी दुनिया के तनावों से मुक्त होता है। यह केवल एक धार्मिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक उपचार का माध्यम भी है। ध्यान की प्रक्रिया व्यक्ति को वर्तमान क्षण में जीने और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में केंद्रित करने का मार्ग दिखाती है। वैदिक साहित्य में ध्यान को आत्मा को ब्रह्मांडीय ऊर्जा से जोड़ने का माध्यम माना गया है। बुद्ध धर्म और जैन धर्म में ध्यान को आत्मज्ञान और मोक्ष प्राप्ति का साधन बताया गया है।





श्वेता गोयल
शिक्षिका

प्राचीन भारतीय परंपरा में ध्यान को 'मेडिटेशन' के नाम से जाना जाता है, जो अब केवल भारत तक ही सीमित नहीं रह गया है। यह एक ऐसा अभ्यास है, जो मनुष्य को अपने भीतर झांकने, अपने विचारों को नियंत्रित करने और आत्म-चेतना प्राप्त करने में मदद करता है। ध्यान केवल धार्मिक अथवा आध्यात्मिक अभ्यास नहीं है बल्कि यह एक विज्ञान है, जो मनुष्य के मस्तिष्क और शरीर पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। आधुनिक युग में ध्यान ने न केवल आध्यात्मिक बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी अपनी उपयोगिता सिद्ध की है।

विभिन्न अनुसंधानों से सिद्ध हुआ है कि ध्यान मस्तिष्क की संरचना और कार्यप्रणाली में सकारात्मक परिवर्तन लाता है। यह न्यूरोप्लास्टिसिटी को बढ़ावा देता है, जिससे मस्तिष्क नए अनुभवों और परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढाल सकता है। ध्यान मस्तिष्क के 'प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स', जो एकाग्रता और निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार होता है, को सक्रिय करता है। यह एमिगडाला, जो तनाव और भय के लिए जिम्मेदार होता है, की गतिविधियों को कम करता है। ध्यान के अभ्यास से कोर्टिसोल (तनाव हार्मोन) का स्तर घटता है और सेरोटोनिन (खुशी का हार्मोन) का स्तर बढ़ता है, जिससे व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक राहत मिलती है।

ध्यान आत्म-चेतना और आत्म-साक्षात्कार का माध्यम है, जो मनुष्य को अपने स्वभाव को समझने और शांति प्राप्त करने में मदद करता है। ध्यान से व्यक्ति के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव आता है, जिससे समाज में शांति और सद्भावना का माहौल बनता है। ध्यान से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। इससे मस्तिष्क में सेरोटोनिन और डोपामाइन जैसे हार्मोनों का स्तर बढ़ता है, जिससे तनाव और अवसाद में कमी आती है। यह मस्तिष्क को शांत करता है और नकारात्मक विचारों को सकारात्मकता में परिवर्तित करता है। नियमित ध्यान से स्मरण शक्ति और एकाग्रता में सुधार होता है और इससे नींद की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। नियमित ध्यान से हृदय गति नियंत्रित रहती है, रक्तचाप सामान्य होता है और इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। ध्यान का अभ्यास व्यक्ति को सहिष्णु और संवेदनशील बनाता है, जिससे दूसरों के प्रति सहानुभूति और समझ विकसित होती है, जो संबंधों को मजबूत बनाती है।

ध्यान के विभिन्न प्रकार हैं, जो व्यक्ति की जरूरत और रुचि के अनुसार चुने जा सकते हैं। इनमें सांसों पर ध्यान, प्रेरणा ध्यान, मंत्र ध्यान, प्रकृति ध्यान इत्यादि प्रमुख हैं। ध्यान का सरल और प्रभावी तरीका है सांसों पर ध्यान, जिसमें व्यक्ति अपनी सांसों पर ध्यान केंद्रित करता है। प्रेरणा ध्यान में एक मार्गदर्शक अथवा प्रशिक्षक की मदद से ध्यान किया जाता है। मंत्र ध्यान में किसी मंत्र का उच्चारण करते हुए ध्यान किया जाता है, जो मन को स्थिरता और गहराई प्रदान करता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## न्यूज ब्रीफ

### भर्ती के लिए 29 तक करें आवेदन

**अयोध्या, अमृत विचार :** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकत्री के 12 पदों के लिए और आंगनबाड़ी सहायिका के 936 पदों पर चयन के लिए आवेदन ऑन लाइन पोर्टल से आमंत्रित किए गए थे। आवेदन की अन्तिम तिथि 19 दिसंबर थी। अब अंतिम तिथि को बढ़ाकर 29 दिसम्बर कर दी गई। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय ने दी।

### बार एसो. के चुनाव मतदाता सूची जारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के 2026 के 12 पदाधिकारियों के चुनाव के लिए मतदाता सूची शनिवार को जारी कर दी गई। रिटर्निंग अफसर घनश्याम उपाध्याय ने बताया कि 3088 अधिवक्ता मतदाताओं की सूची देर शाम जारी कर दी गई है। इस पर आपत्तियां आमंत्रित की गई है। आपत्तियों को देखने के बाद अतिरिक्त मतदाता सूची भी जारी होगी। प्रत्याशी नामांकन 21 दिसंबर से करेंगे।

### जिला अस्पताल के इमरजेंसी में हंगामा

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल की इमरजेंसी में शुक्रवार की रात एक मरीज के परिजन ने जमकर हंगामा काटा। मौके पर मौजूद लोगों की मानें तो एक बीमार महिला पहुंची थी। उसे ईसीजी कराना था। मौके पर कोई महिला कर्मचारी नहीं थी। देरी होने के कारण परिजनों ने विरोध प्रकट किया। उनका कहना था कि व्यवस्था में ही गड़बड़ी है। इस दौरान फार्मासिस्ट से कहासुनी हो गई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि समय पर महिला कर्मी भेज दी गई थी। किसी तरह की कोई शिकायत नहीं मिली है।

# दिव्यांग युवक की गला रेतकर हत्या, जलाया शव

## पटरंगा थाना क्षेत्र के मुरादाबाद गांव में हुई वारदात से सनसनी, नहीं हुई शव की शिनाख्त, मौके पर मिला कृत्रिम पैर और पुआल

पटरंगा, अयोध्या

**अमृत विचार :** पटरंगा थाना क्षेत्र के मुरादाबाद गांव में जाने वाली सड़क के किनारे शनिवार सुबह ग्रामीणों ने एक दिव्यांग का अधजला शव देखा। घटनास्थल पर चारों ओर खून फैला हुआ था। मृतक के गले पर धारदार हथियार के निशान थे, पास ही उसका कृत्रिम पैर भी पड़ा हुआ था। पुलिस के अनुसार हत्या करने के बाद शव की पहचान न हो, इसके लिए उसे पुवाल से जलाने का प्रयास किया गया।

ग्रामीणों की सूचना पर एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, सीओ रुदौली आशीष निगम, थाना प्रभारी पटरंगा शशिकांत यादव व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किया। प्रथम दृष्टया मृतक की उम्र 25 वर्ष के आसपास लग रही है। वह एक पैर से दिव्यांग था। जांच में मृतक का गला आधा कटा हुआ था, जिससे खून आसपास फैला हुआ था। शव की पहचान मिटाने के लिए हत्यारों ने पुवाल का प्रयोग किया था, आसपास की घास भी जली हुई थी। साथ ही घटनास्थल से पुवाल का एक ढेर व जला हुआ मोबाइल फोन, कलाई घड़ी, तीन लाइटर व जला हुआ कपड़ा मिला। आग से पूरा शरीर नहीं जल पाया था, कमर से ऊपर का भाग बच गया जबकि नीचे का जल गया था। शव की शिनाख्त के लिए पुलिस ने स्थानीय व आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन कुछ पता नहीं चला।


घटनास्थल की जांच करती फोरेंसिक टीम। अमृत विचार

> प्रथम दृष्टया मृतक की हत्या कर शव को जलाने का प्रयास करने का लग रहा है। मृतक की उम्र 25 वर्ष के आसपास लग रही है। उसका एक पैर पहले ही कटा हुआ था, इसके चलते वह कृत्रिम पैर का इस्तेमाल करता था। बगल में उसका जला मोबाइल फोन भी पड़ा हुआ मिला है। शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> –आशीष निगम, सीओ रुदौली

**घटनास्थल पर मिले संघर्ष के निशान:** घटनास्थल के बगल खेत में गन्ना बिछा हुआ था, इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मृत्यु से पहले मृतक ने संघर्ष किया है। फोरेंसिक टीम ने जांच में हत्यारों की संख्या तीन से चार होने की संभावना जताई। मौके पर ताजा खून मिलने से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि पहले दिव्यांग की गला काटकर हत्या की गई, फिर उसे पुवाल से जलाने का प्रयास किया गया।

### रेलवे पटरी पर कटा मिला अज्ञात शव

**गोसाईगंज, अयोध्या :** कोतवाली गोसाईगंज क्षेत्र स्थित टंडौली रेलवे क्रॉसिंग और मयाबाजार के बीच रेलवे ट्रैक पर शनिवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत विक्षत शव मिला। उसके पास से ऐसी कोई वस्तु नहीं मिली, जिससे उसकी पहचान हो सके। ग्रामीणों ने शव देख इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी गोसाईगंज शारदेंदु दुबे ने बताया कि शनिवार सुबह मया–टंडौली के बीच रेलवे पटरी पर 934/15 से 934/14 किलोमीटर के मध्य एक कटा हुआ शव मिला। प्रथम दृष्टया ट्रेन से कटकर या गिरकर मौत होने की संभावना लग रही है। आसपास के थानों और रेलवे पुलिस को भी सूचना दी गई है। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### दुबई में हुई अधेड़ की मौत, परिवार में पसरा मातम

**बड़ागांव, अमृत विचार:** सोहावल तहसील क्षेत्र के मुस्तफाबाद ग्राम पंचायत (बड़ागांव) के मो. जुबेर (55) की शुक्रवार को दुबई में हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई। प्रधान नदीम मलिक ने बताया कि वह उनके मामा थे। वह आठ माह से दुबई में प्राइवेट नौकरी कर रहे थे। उनका गुरुवार को स्वास्थ्य बिगड़ा तो मालिक ने उनको अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने हार्टअटैक से मौत हो जाने की पुष्टि की। निधन पर ब्लॉक प्रमुख व प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान, सचिव अनिमेष त्रिपाठी, पूर्व प्रधान आमिर जाफरी, डॉ. आलम आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# अब कंपनी गार्डन में लें कृत्रिम झील का आनंद

- बनेगा धार्मिक के साथ प्राकृतिक पर्यटन का केंद्र
- 8.42 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जा रही झील

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** सरयू के तट गुप्तार घाट पर उद्यान विभाग के कंपनी गार्डन को ईको टूरिज्म का हब बनाए जाने का प्रयास शुरू हो गया है। अब यहां शहर के लोग कृत्रिम झील का आनंद ले सकेंगे। कृत्रिम झील का निर्माण शुरू कर दिया गया है।

गुप्तार घाट पहले से ही धार्मिक के साथ टूरिस्ट प्लेस हैं। यह स्थान पौराणिक हैं। सरयू तट पर ही राम जानकी का पौराणिक मंदिर है। इसके साथ ही पंचमुखी हनुमान मंदिर और मरीमाता मंदिर हैं। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। उद्यान विभाग ने कंपनी गार्डेन की स्थापना पहले कर रखी है। अब उद्यान विभाग इसे ईको टूरिज्म बनाने की राह पर है। गर्मियों में सरयू तट पर झील के आनंद के लिए कृत्रिम झील बनाने का काम शुरू हो गया है। अब तक जिले में कोई कृत्रिम झील नहीं बनाई गई थी। लगभग 8.42 करोड़ रुपये से झील सहित उसे संवारा जा रहा है। इसका निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ (यूपीआरएनएसएस) निर्माण करा रहा है। बताया गया है कि झील की लंबाई लगभग दो सौ मीटर व चौड़ाई 80 मीटर और गहराई डेढ़ मीटर है। सहायकत अभियंता संजय सिंह बताते हैं कि साल 2026 के जून तक इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। गुप्तारघाट को श्रद्धालु व पर्यटकों के लिए आकर्षण के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।


हरा भरा कंपनी गार्डन (फाइल फोटो)

# खून का काला कारोबार, कौन है मुख्य सूत्रधार!

## गोरखधंधे के तार निजी पैथोलॉजियों तक ही नहीं बल्कि राजधानी लखनऊ तक जुड़े

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** खनन माफिया की तर्ज पर जिले में लाल खून के काले धंधे के सौदागर फैल चुके हैं। संगठित ढंग से चल रहे इस कारोबार पर कई बार नकेल कसने की कोशिश आज तक सफल नहीं हुई। जिला अस्पताल से लेकर निजी अस्पतालों और छोटे नर्सिंग होम तक फैले इस धंधे का है मुख्य सूत्रधार कौन है? यह बड़ा प्रश्न बना हुआ है। जिले में किसके संरक्षण में यह काला कारोबार चल रहा। आज तक स्वास्थ्य विभाग व पुलिस दोनों तह तक नहीं पहुंच सकी हैं। यह हाल तब है जब दो बार इसका खुलासा हो चुका है और विभाग व पुलिस दोनों जांच में पसीने बहा चुकी है। सूत्रों की माने तो इस गोरखधंधे के तार न केवल निजी पैथोलॉजियों बल्कि राजधानी लखनऊ तक से जुड़े हुए है। 90 के दशक में नगर के रिकाबगंज क्षेत्र में एक बड़ी मार्केट में पुलिस के छापे के बाद लाल खून का काला धंधा उजागर हुआ था। इसके बाद वर्ष 2003 और 2008 में भी सामने आया। कुछ वर्ष तक गोरखधंधा अंदर खाने चलता रहा, लेकिन अब वर्तमान में लगातार सामने आ रहा है। कार्रवाई के नाम पर अब तक इस धंधे से जुड़े लोग ही पकड़े जा रहे, जबकि गिरोह के सरगना और मुख्य कर्ता-धर्ता अभी तक सामने नहीं आ सके हैं।

### इस वर्ष दो मामले आए सामने

खंडासा थाना क्षेत्र के रामनगर अमावा सूफी गांव की 16 वर्षीय शगुन के परिजन भी सौदागरों के हत्थे चढ़ गए। 17 दिसंबर के आसपास इनके परिजनों ने सीएमएस को मामले की शिकायत दी की उन्हें ब्लड बैंक से खून नहीं मिला तो एक व्यक्ति के माध्यम से 7 हजार में लेना पड़ा। ऑनलाइन पेमेंट की थी। इसी तरह का मामला जून माह में भी आया था। तब मामले का खुलासा सीएमओ ने जिला अस्पताल पहुंचकर किया था। महिला अस्पताल में भर्ती पीड़िता को सात हजार रुपये में ब्लड मिला था। हालांकि मामले में महिला अस्पताल के गार्ड की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### खून खरीदने के मामले में अब पुलिस से शिकायत

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि शगुन वाले मामले में कमेटी ने जांच शुरू कर दी है। जांच में थोड़ा समय लग रहा है। हमारी तरफ से पीड़ित की शिकायत के साथ नगर कोतवाली में भी तहरीर दे दी गई है। नगर कोतवाल अश्वनी पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# अब असलहा लगाकर स्कूल गए मास्साब तो नप जाएंगे

- अलीगढ़ की घटना के बाद स्कूलों में शिक्षकों के असलहा ले जाने पर होगी कड़ी निगरानी
- स्कूल शिक्षा महानिदेशक ने असलहाधारी शिक्षकों का ब्यौरा भी मांगा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मास्साब असलहा रखने का शौक है तो पाले रखिए लेकिन भूले से भी स्कूल लेकर न जाएं। अगर आप एटीट्यूड दिखाने के चक्कर में असलहा लेकर स्कूल गए और विभाग को पता चल गया तो निलम्बन तो होगा ही आगे की वैधानिक कार्रवाई भी हो सकती है। इतना ही नहीं भूले से भी आवेश में कहीं किसी पर तान दिया तो मुकदमा अलग से झेलना पड़ेगा।

अलीगढ़ जिले में हाल ही में हुई एक घटना के बाद स्कूल शिक्षा महानिदेशक मोनिका रानी ने सभी जिलों को निर्देश जारी किए हैं कि शिक्षक स्कूल परिसर में किसी भी प्रकार का हथियार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिक्षकों के पास यदि लाइसेंस प्राप्त असलहा है तो वह घर पर सुरक्षित रखें या गाड़ी में लॉक करके आएं। साथ ही, सभी जिलों से असलहा धारक शिक्षकों का पूरा ब्यौरा मांगा गया है। जिसमें उनका नाम, पद, स्कूल का नाम और लाइसेंस की जानकारी शामिल होगी।

बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने कहा कि जिले में ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। आदेश आया है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को शिक्षकों से पूछ कर जानकारी जुटाने के लिए कह दिया गया है।

### मार्ग पर शव रख प्रदर्शन करने वालों पर मुकदमा

**अयोध्या, अमृत विचार:** थाना हैदरगंज पुलिस ने शव सड़क पर रख प्रदर्शन करने वाले आठ नामजद व 20-30 अज्ञात महिला-पुरुषों पर केस दर्ज किया है। उप निरीक्षक अरुण कुमार यादव ने बताया 16 दिसंबर को रखौना निवासी विजय श्याम विश्वकर्मा की हत्या हुई थी। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 17 को मृतक की भांजी उमा विश्वकर्मा के उकसाने पर दीपचन्द्र, जयप्रकाश, शिव प्रसाद, रामावती, नीलम, राजेश समस्त निवासीगण ग्राम रखौना व संजय निवासी ग्राम दुबे का पुरवा भोपाडुहिया समेत अज्ञात 25-30 महिला-पुरुषों ने रखौना चौराहे पर बिना अनुमति के पुलिस के विरुद्ध नारे लगाते हुए व मृतक के शव को रखकर प्रदर्शन किया। जिससे धोबना चौराहा, फुलौना रोड़ पूर्ण रुप से बाधित हो गया। राहगीरों को आने जाने में असुविधा हुई। कई घंटे तक कानून व्यवस्था छिन्न भिन्न रही। थाना प्रभारी विवेक राय ने बताया कि आठ नामजद व अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है।

### योगी आदित्यनाथ पर प्रभु श्रीराम की कृपाः अश्विनी

**अयोध्या, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भगवान श्रीराम की कृपा है। वह पूरे तन मन के साथ उत्तर प्रदेश की जनता की सेवा कर रहे हैं। इसके चलते उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन चुका है, जल्द ही सर्वोत्तम प्रदेश भी होगा। यह बातें पूर्व कैबिनेट मंत्री अश्विनी चौबे ने कहीं। वह शनिवार को अयोध्या में एक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे।

पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कोडिंग कफ सिरप मामले को गंभीर बताते हुए इसे जांच का विषय बताया। कहा कि इसकी जांच के लिए मुख्यमंत्री ने कमेटी गठित की है। जांच में दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। दोषी चाहे सपा के हों या कोई और, किसी को नहीं बख्शा जाएगा। ऐसे घृणित कार्य में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने होलिका दहन और शव दाह से प्रदूषण की बात को खारिज कर इसे भारतीय संस्कृति का हिस्सा बताया।

# 51 ग्राम पंचायतों में रिक्त हुए पंचायत सहायक के पद

- 25 दिसंबर से लिए जाएंगे आवेदन पत्र, चार फरवरी के बाद होगी नियुक्ति

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले में एक बार फिर पंचायत सहायकों की नियुक्ति की तैयारी है। इस्तीफे, प्रशासनिक कार्रवाई या फिर मौत से जिले की 51 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक/डाटा इंट्री ऑपरेटर के पद रिक्त हो गए। अब इन पर नियुक्तियां की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

जिले की 51 ग्राम पंचायतों में रिक्त पंचायत सहायकों के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया 22 से 24 दिसंबर के बीच मुनादी की प्रक्रिया से शुरू होगी। 25 दिसंबर से 10 जनवरी के बीच जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय, ब्लॉक कार्यालय या फिर ग्राम पंचायत कार्यालय में इसके लिए पूर्ण आवेदन पत्र दिए जा सकेंगे। 15 जनवरी 2026 तक यह आवेदन पत्र ग्राम पंचायतों को भेज दिए जाएंगे। इसके बाद 16 से 23 जनवरी के बीच ग्राम पंचायतें अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट तैयार करेंगी। लिस्ट तैयार होने के बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति 24 से 30 जनवरी के बीच इसका परीक्षण करने के बाद अपनी संस्तुति देगी। प्रक्रिया पूरी होने के 31 जनवरी से चार फरवरी 2026 के बीच नियुक्ति पत्र निर्गत कर दिए जाएंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि 51 ग्राम पंचायतों में रिक्त पंचायत सहायक कम डाटा इंट्री के पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसके लिए 25 दिसंबर से आवेदन पत्र लिए जाएंगे।


अयोध्या में आग के सहारे ठंड से बचाव का प्रयास करते लोग। अमृत विचार

### रामनगरी अत्यंत शीत दिवस की श्रेणी में

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या इन दिनों कड़ाके की ठंड की चपेट में है। शनिवार को अत्यंत शीत दिवस की स्थिति दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 14 डिग्री व न्यूनतम 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शीतलहर ने लोगों को कांपने पर मजबूर कर दिया। भारतीय मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के कई जिलों, जिसमें अयोध्या भी शामिल है, में कोल्ड-डे से अत्यंत शीत दिवस का अलर्ट जारी किया है। कोहरे की मोटी चादर ने दृश्यता को शून्य के करीब पहुंचा दिया, जिससे सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई। मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार अयोध्या समेत प्रदेश के कई हिस्सों में आगामी 24-48 घंटों के दौरान घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने तथा शीत दिवस की परिस्थितियां बनी रहने की संभावना है।

# विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रख बन रहीं नीतियां

- बोले, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री, दो दिवसीय विधायक खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ
- युवाओं को आगे बढ़ाने का माध्यम विधायक खेल प्रतियोगिताएं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** डॉ. भीमराव आंबेडकर क्रीड़ा संकुल डाभासेमर में आयोजित दो दिवसीय विधायक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलनव गुब्बारे उड़ाकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन अवसर पर विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं से प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने जनसमूह का मन मोह लिया।

पहले दिन एथलेटिक्स, बैडमिंटन और वॉलीबॉल की स्पर्धाएं आयोजित की गईं। आज दूसरे दिन रविवार को कबड्डी और कुश्ती प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। समारोह में राज्यसभा सांसद डॉ. अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर आर्थिक नीतियां बनाई गई हैं, जिससे देश पुनः अपने गौरव को प्राप्त कर सके। कहा कि वर्ष 2014 में देश की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, लेकिन 11 वर्षों में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। शीघ्र ही जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचने वाला है। खेल नीति के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिला है। छोटे शहरों की प्रतिभाओं को मंच देने के लिए विधायक खेल प्रतियोगिता जैसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि विधायक खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे लाना है। ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है। उन्हें अनुशासन व स्वस्थ जीवन की दिशा मिलती है। इससे पूर्व आयोजन समिति की ओर से अमल गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, गन्ना चेयरमैन दीपेंद्र सिंह, शैलेंद्र कोरी, तिलकराम मौर्य, युवा कल्याण अधिकारी मसौधा रोशनी श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल साथ में नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व अन्य। अमृत विचार

### सुष्मिता, रचना, गीता व विकास दौड़ में अव्वल

प्रतियोगिता में एथलेटिक्स में सीनियर 400 मीटर दौड़ में सुष्मिता यादव प्रथम व प्रीति यादव द्वितीय रहीं। जूनियर वर्ग में रचना मौर्या प्रथम व पायल द्वितीय और सब जूनियर में गीता प्रथम व आयुषी द्वितीय स्थान पर रहीं। पुरुष सीनियर वर्ग में विकास प्रथम व निशांत द्वितीय रहे। जूनियर वॉलीबॉल के सात मुकाबले खेले गए, जिनमें राजपूत क्लब और कैम्ब्रियन स्कूल विजेता रहे। अवध क्लब ने ललई पुरवा को, ग्रामोदय किसान टीम ने अजंना को, डाभासेमर ने जीआईसी को, गुरुनानक टीम ने ताहिरपुर को, रघुपुर ने मलिकपुर को तथा आईएमए ने श्याम क्लब को पराजित किया। सीनियर वर्ग में दुगवा ने राजपूत क्लब, सरोजनी देवी टीम ने झुनझुनवाला, रामकोट ने ज्ञानपुर और डाभासेमर ने बिहारीपुर की टीम को हराया। 600 मीटर, 100 मीटर एवं 1500 मीटर की विभिन्न स्पर्धाओं में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**द्वितीय प्रतिष्ठा द्वादशी** | विभिन्न जाति वर्ग से जुड़े मठ–मंदिरों के संत–महंतों के साथ ट्रस्ट की बैठक

# आस्था, अनुष्ठान व सांस्कृतिक उमंग का संगम बनेगा उत्सव

- 29 से दो जनवरी तक चलेगा पांच दिवसीय उत्सव : डॉ. अनिल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राम मंदिर में रामलला के द्वितीय प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट इस वर्ष आध्यात्मिक गरिमा, सांस्कृतिक उल्लास और जनभागीदारी के साथ मनाएगा। इस उत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए विभिन्न जाति वर्ग से जुड़े मठ–मंदिरों के संत-महंतों के साथ ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को दोपहर यात्री सुविधा केंद्र में आयोजित की गई।

ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि पांच दिवसीय उत्सव 29 दिसंबर से प्रारंभ होकर 2 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान श्रीराम मंदिर परिसर में नियमित दर्शन पूर्ववत जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीरामलला को समर्पित राग सेवा, अभिषेक और अन्य आध्यात्मिक अनुष्ठान इस बार अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचें, इसके लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। व्यवस्थागत कारणों से सभी श्रद्धालुओं का मंदिर परिसर तक पहुंचना संभव नहीं हो पाता, इसलिए आयोजन को एलईडी स्क्रीन, लाइव प्रसारण और विभिन्न संचार माध्यमों के जरिए जनसामान्य तक पहुंचाने की योजना बनाई जा रही है। जिसके माध्यम से प्रभु श्रीरामलला के अभिषेक को भी लाइव प्रसारित करने का प्रयास है।

बताया कि अंगद टीला पर होने वाले सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों में जनसामान्य अपनी सुविधा के अनुसार सहभागिता कर सकेंगे। उत्सव के दौरान मानस पाठ, श्रीराम कथा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंडल पूजा और श्रीरामलला का अभिषेक प्रमुख आकर्षण होंगे।



### उत्सव में जुड़ेंगे सर्व समाज के लोग

राम मंदिर उत्सव के आयोजन में सर्व समझने लोगों के जोड़ने के लिए सभी जातियों के मंदिरों के महंतों के साथ बैठक हुई। जिसमे संत रविदास मंदिर, वैष्णव विरक्त निषाद मंदिर, कोरी समाज मंदिर, पाल मंदिर, पासी मंदिर, पंचायती बेलदार मंदिर, प्रजापति मंदिर, नाई मंदिर, भुजवा मंदिर, कुशवाहा मंदिर, साहू मंदिर, जायसवाल मंदिर, उड़िया मंदिर, राम मड़ई मंदिर सहित अनेक मंदिरों के महंत, पुजारी और संतजन उपस्थित रहे। बैठक में नरेंद्र जी, डॉ. चंद्रगोपाल द्विवेदी, पी.के. तिवारी, विनोद श्रीवास्तव, भोलेन्द्र सहित अनेक कार्यकर्ता रहे।

# 76 साल बाद मिला जन्मभूमि पर रामलला के प्राकट्य का मुहूर्त

- 21 दिसंबर को कलश स्थापना और 23 को निकाली जाएगी शोभायात्रा

**अयोध्या, अमृत विचार:** 76 वर्ष के बाद 22 और 23 दिसंबर की रात्रि को पौष शुक्ल तृतीय का मुहूर्त पड़ रहा है। यह अयोध्या के लिए बहुत बड़ा दिन माना गया है। इसी दिन राम जन्मभूमि पर श्री रामलला का प्राकट्य हुआ था, जिसे आज भी उत्सव के रूप में मनाते है। जन्मभूमि स्थल पर भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है। जहाँ रामलला नूतन विग्रह के साथ विराजमान हो गए है। श्री राम जन्मभूमि सेवा समिति के द्वारा रविवार को कलश स्थापना के साथ तीन दिवसीय 77 वां प्राकट्य उत्सव मनाया जाएगा। श्री राम जन्मभूमि समिति के अध्यक्ष अच्युत शंकर शुक्ला ने कहा कि पौष शुक्ल तृतीया 22-23 दिसंबर 1949 की मध्यरात्रि में बाबा अभिराम दास जी के नेतृत्व में और आचार्य प्रान्न पांडे द्वारा प्रभु श्रीरामलला का प्राकट्य हुआ था। सन् 1950 से ही तत्कालीन अध्यक्ष स्व. ठाकुर गुरुदत्त सिंह, महामंत्री स्व. गोपाल सिंह विशारद और महंत रामचंद्र परमहंस ने उत्सव की शुरुआत की। इसके बाद से हर वर्ष श्री राम जन्मभूमि सेवा समिति प्राकट्य महोत्सव मनाती रही है, 1992 की घटना के बाद कानूनी बंदिशों का हवाला देते हुए राम जन्मभूमि परिसर के अंदर कार्यक्रम के आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। लिहाजा समिति मंदिर के बाहर ही इस आयोजन को मनाती थी। भगवान रामलला के पक्ष में फैसला आने के बाद ट्रस्ट के पदाधिकारियों के सहमति पर भव्य राम मंदिर के गर्भगृह में कलश की स्थापना की परंपरा को आगे बढ़ाया गया। कहा कि प्रथम दिवस- श्रीराम जन्मभूमि संपर्क मार्ग संख्या तीन से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो बिरला धर्मशाला के सामने से होते हुए गर्भगृह पहुंचेगी। सुबह 11 बजे गर्भगृह में कलश स्थापित किया जाएगा, जहां दूसरे दिन भी विद्वानों के द्वारा वेद पाठ और रामार्चा पूजन संपन्न किया जाएगा। तृतीय दिवस अंतिम दिन 23 दिसंबर को दोपहर 2:00 बजे एक शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### मृदा नमी मापन यंत्र को मिला पेटेंट

रांची। झारखंड केंद्रीय विवि (सीयूजे) की प्रतिभा वारवाडे द्वारा विकसित मृदा नमी मापन यंत्र को पेटेंट मिला है। संस्थान ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीयूजे के अनुसार, यह इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) से सुसज्जित यंत्र स्मार्ट सिंचाई प्रणाली का हिस्सा है, जो विशेष रूप से टपक सिंचाई के तहत विभिन्न सब्जियों और फलों का उत्पादन बढ़ाने में मदद करता है। यह प्रणाली मिट्टी की नमी और पर्यावरणीय आंकड़ों पर सिंचाई को स्वचालित करके मानव श्रम पर निर्भरता को कम करती है।

## बिजनेस ब्रीफ

### आईआईएफएल के चेयरमैन बने कानूनगो

नई दिल्ली। गैरबैंकिंग वित्तीय कंपनी आईआईएफएल फाइनेंस ने आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर बी पी कानूनगो को निदेशक मंडल का चेयरमैन नियुक्त किया है। आईआईएफएल फाइनेंस ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि उसके निदेशक मंडल ने शुक्रवार को हुई अपनी बैठक में कानूनगो की नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दी। गैरबैंकिंग वित्तीय कंपनी ने बताया कि कानूनगो के पास केंद्रीय बैंकिंग, मौद्रिक नीति और वित्तीय विनियमन में चार दशकों से अधिक का अनुभव है। वह 2017 से 2021 तक भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर थे।

### बीएमडब्ल्यू ने गुरुग्राम में खोला नया शोरूम

नई दिल्ली। लग्जरी कार निर्माता बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने दिल्ली-एनसीआर में गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित ट्रिलियम एवेन्यू में बर्ड ऑटोमोटिव का तीसरा शोरूम खोला। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरदीप सिंह बरार ने कहा कि भारत बीएमडब्ल्यू समूह के लिए महत्वपूर्ण बाजार है और एनसीआर क्षेत्र इसके विकास में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बर्ड ऑटोमोटिव के डीलर प्रिंसिपल गौरव भाटिया ने कहा कि नए रिटेल.नेक्स्ट शोरूम की शुरुआत के साथ हमने अपने उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा एवं रिटेल का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए अपनी पहुंच का विस्तार किया है।

### पीपल ट्री हॉस्पिटल को खरीदेगी फोर्टिस

नई दिल्ली। फोर्टिस हेल्थकेयर ने बेंगलुरु स्थित पीपल ट्री हॉस्पिटल को 430 करोड़ में अधिग्रहित के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बेंगलुरु के यशवंतपुर में स्थित 125 बिस्तरों वाले अस्पताल के अधिग्रहण के लिए निश्चित समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सौदा टीएमआई हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के 100 प्रतिशत अधिग्रहण के माध्यम से पूरा किया जाएगा, जिसके तहत पीपल ट्री हॉस्पिटल का व्यवसाय संचालित होता है। कंपनी ने कहा कि उक्त अधिग्रहण फोर्टिस की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी इंटरनेशनल हॉस्पिटल लिमिटेड (आईएचएल) द्वारा किया जाएगा।

# 2027 तक तीसरी अर्थव्यवस्था होगा भारत

## सरकार की टिकाऊ नीतियों और बड़े संस्थागत सुधारों की केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने की तारीफ

- बोले- कारोबारी सुगमता बढ़ाने को हितधारकों से चर्चा व कठिनाइयों का निवारण किया जा रहा

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की टिकाऊ नीतियों और बड़े संस्थागत सुधारों की तारीफ करते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को भरोसा जताया कि भारत वर्ष 2027 के अंत तक जर्मनी को पीछे छोड़कर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। सिंधिया, 'यंग आंतरप्रेन्योर्स फोरम भारत' की इंदौर में आयोजित 'वाईईएफ भारत समिट 2025' को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारत कभी सोने की चिड़िया के रूप में जाना जाता था। 2,000 साल पहले विश्व के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भारत की हिस्सेदारी 20 फीसदी थी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत इसी दृष्टिकोण से आगे बढ़ेगा और विश्व पटल पर नक्षत्र के रूप में उभरेगा। सिंधिया ने कहा कि भारत 12 साल पहले विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। भारत जापान को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर चुका है। 2027 के अंत तक हम जर्मनी को भी पीछे छोड़कर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री ने ब्रिटेन का नाम लिए बगैर कहा कि जिस देश ने भारत पर 200 साल तक राज किया, उस देश को भारत आर्थिक विकास की दौड़ में पहले ही पीछे छोड़ चुका है। सिंधिया ने कहा कि भारत की अडिगता देश को परिभाषित करती है। उन्होंने कहा कि इस अडिगता ने भारत को 2.3 हजार अरब डॉलर की जीडीपी वाले देश से 4.5 हजार अरब डॉलर की जीडीपी वाले देश में बदल दिया है।

उन्होंने कहा कि मोदी की अगुवाई वाली सरकार की टिकाऊ नीतियों और बड़े संस्थागत सुधारों की बदौलत देश विनिर्माण का बड़ा वैश्विक केंद्र की दिशा में अग्रसर है। सिंधिया ने कहा कि हर कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री निर्देश देते हैं कि औपनिवेशिक कानूनों को कचरे के डिब्बे में डाल दिया जाए। वह हमें कहते हैं कि कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए सभी हितधारकों से चर्चा की जाए और उनकी कठिनाइयों का निवारण किया जाए।

### नवाचार और सामाजिक दायित्व के साथ आगे बढ़ें

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश, देश का सबसे तेज गति से बढ़ने वाला राज्य बनकर उभरा है। यादव ने सम्मेलन में बड़ी तादाद में मौजूद नव उद्यमियों से आह्वान किया कि वे नवाचार, स्पष्ट सोच और सामाजिक दायित्व के साथ आगे बढ़ें तथा सूबे में अधिकाधिक निवेश करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण, संसाधन और सुविधाएं हैं। राज्य सरकार निवेशकों को हरसंभव सहयोग देगी। राज्य सरकार ने उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए पहली बार उद्योग विभाग को सीधे मुख्यमंत्री स्तर पर प्राथमिकता दी है ताकि निर्णय तेजी से हों और निवेशकों का विश्वास मजबूत हो। यादव ने कहा कि उद्योगों से जीवन संवारने की स्पष्ट नीति के साथ राज्य में नया संकल्प लिया गया है। यह नीति न केवल आर्थिक विकास को गति देगी, बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित करेगी। भोपाल में फरवरी के दौरान आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन में 32 लाख करोड़ रुपये के करार हुए थे जिनमें से छह लाख करोड़ रुपये के निवेश की परियोजनाओं की नींव रखी जा चुकी है।

# शेयर बाजारों के लिए नई तकनीकी दिशा तय करेगा कार्य समूह : सेबी

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीपीएआई के 11वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय किया संबोधित

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को कहा कि बाजार नियामक अगले पांच-10 वर्ष में शेयर बाजारों के लिए नई तकनीकी दिशा तय करने को एक कार्य समूह बनाने की योजना बना रहा है। यह समूह अगले 5-10 साल में शेयर बाजार की तकनीक कैसे विकसित हो सकती है, इसे देखेगा। साथ ही, यह दुनिया भर की सफल प्रथाओं की तुलना करेगा और बाजार की संरचना को मजबूत करने के नए तरीके खोजेगा।

कमोडिटी एंड कैपिटल पार्टिसिपेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीपीएआई) के 11वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पांडेय ने कहा कि हम एक कार्य समूह बनाएंगे जो तय करेगा कि हमारे शेयर बाजारों में अगली तकनीकी दिशा क्या होगी। तकनीकी मजबूती बेहद जरूरी है और सेबी शेयर बाजार से जुड़ी हर तकनीकी गड़बड़ी को गंभीरता से लेता है। उन्होंने माना कि तेजी से बदलती तकनीक से कभी-कभी व्यवधान आ सकते हैं, लेकिन इसके लिए मजबूत सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है।

### गैर-कृषि जिंस की होगी समीक्षा

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को कहा कि बाजार नियामक गैर-कृषि जिंस वायदा-विकल्प खंड की समीक्षा के लिए कार्य समूह गठित करेगा। इसकी घोषणा जल्द होगी। पांडेय ने कहा कि सेबी जिंस वायदा-विकल्प बाजार में बैंकों और बीमा कंपनियों की भागीदारी को सक्षम बनाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के साथ भी बातचीत कर रहा है।

# कपड़ा निर्यात में अन्य देशों से प्रतिस्पर्धा के लिए अधिक एफटीए की जरूरत : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली, एजेंसी



- राधाकृष्णन बोले- बांग्लादेश, लाओस, कंबोडिया, वियतनाम और अफ्रीकी देशे हमारे प्रतिस्पर्धी

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा कि भारत को वैश्विक कपड़ा और परिधान निर्यात बाजार में बांग्लादेश जैसे प्रतिस्पर्धियों के साथ बराबरी के लिए अधिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) करने की आवश्यकता है। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के पुरस्कार समारोह में उपराष्ट्रपति ने कहा कि पहले वैश्विक स्तर पर वस्त्र निर्यात के लिए बहुत कम देश हमसे प्रतिस्पर्धा कर रहे थे, लेकिन अब बांग्लादेश, लाओस, कंबोडिया, वियतनाम और अफ्रीकी देशों जैसे कई राष्ट्र मौजूद हैं।

राधाकृष्णन ने कहा कि इसलिए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) अनिवार्य हैं... यही उनकी (प्रतिस्पर्धी देशों की) सबसे बड़ी ताकत है। भारत का लक्ष्य 2030 तक 350 अरब डॉलर का कपड़ा बाजार तैयार करना है, जिसमें 100 अरब डॉलर का कपड़ा निर्यात शामिल है। उन्होंने परिधान उद्योग से नए बाजारों की सक्रिय रूप से खोज करने और पर्यावरण के अनुकूल विनिर्माण प्रथाओं, जिम्मेदार सोर्सिंग और अपशिष्ट को कम करने की रणनीतियों को अपनाने का भी आग्रह किया। भारत का लक्ष्य है कि 2030 तक कपड़ा बाजार का आकार 350 अरब डॉलर तक पहुंचे, जिसमें से 100 अरब डॉलर केवल कपड़ा निर्यात से आए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज एकमात्र बाधा यह है कि अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौता थोड़ा अनिश्चित है। मुझे लगता है कि यह भी देर-सबेर हो जाएगा। उन्होंने स्वीकार किया कि भू-राजनीतिक स्थिति के कारण भारतीय वस्त्र और परिधान उद्योग में कई तरह की बाधाएं हैं, लेकिन भारत विश्व स्तर पर वस्त्र और परिधान का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है, जो यह दर्शाता है कि वस्त्र उद्योग देश की वृद्धि में कितना बड़ा योगदान दे रहा है। उपराष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि अगले तीन वर्षों में भारत का वस्त्र निर्यात दोगुना हो जाएगा।

# ऊर्जा संक्रमण की चर्चाओं के बीच तेल की वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी



- बीपी, मैकिंजी और आईईए सहित प्रमुख ऊर्जा एजेंसियों ने जारी की रिपोर्ट
- नीतिगत देरी, बुनियादी ढांचे की बाधाएं और भू-राजनीतिक तनाव से तेल की मांग बढ़ी

नवीकरणीय ऊर्जा की ओर तेज बदलाव के बीच कच्चे तेल की मांग जल्द ही अपने उच्चतम स्तर पर पहुंचने की पुरानी भविष्यवाणियों के बीच तेल और गैस ने चुपचाप लेकिन स्पष्ट वापसी की है। इसमें भारत वैश्विक खपत का एक मुख्य चालक बनकर उभरा है। बीपी, मैकिंजी और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) सहित प्रमुख ऊर्जा एजेंसियों की रिपोर्ट में तेल की चरम को 2030 के दशक तक आगे बढ़ाया गया है और 2050 की मांग के अनुमानों को ऊपर की ओर संशोधित किया है।

सभी का कहना है कि भारत वैश्विक तेल मांग वृद्धि का केंद्र बनेगा, जहां ऊर्जा की मांग चीन और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों को मिलाकर भी पीछे छोड़ देगी। नीतिगत देरी, बुनियादी ढांचे की बाधाएं और भू-राजनीतिक तनाव के कारण 2025 में तेल की मांग बढ़ी। यूरोपीय देश, जो लंबे समय से स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण के समर्थक रहे हैं, रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच आपूर्ति की कमी और ऊंची कीमतों के चलते जीवाश्म ईंधनों पर अधिक निर्भर होते चले गए। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जीवाश्म ईंधन समर्थक नीतियों ने इस रुझान को और मजबूत किया। इस तरह तेल फिर से केंद्र में आ गया।

### भारत ने कच्चे तेल का किया भारी मात्रा में आयात

वर्ष 2025 में भारत के तेल और गैस क्षेत्र की चर्चा आयात रुझानों में बदलाव, नीतिगत सुधारों, बढ़ती मांग और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयासों से रही। इससे वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में देश की बदलती भूमिका का पता चलता है। भारत ने 2025 में भी कच्चे तेल के आयात पर भारी निर्भरता बनाए रखी, जहां अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद रूसी तेल एक प्रमुख स्रोत बना रहा। अमेरिका ने नयी दिल्ली से रूसी खरीद घटाने की मांग की और भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक शुल्क भी लगाया। इसके बावजूद साल के अधिकांश समय में रूसी कच्चा तेल भारत के कुल आयात का एक-तिहाई से अधिक बना रहा।

### रूसी कंपनियों पर प्रतिबंध से आई आयात में कमी

नवंबर के अंत में प्रमुख रूसी निर्यातकों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लागू होने के बाद ही आयात में कमी आई। घरेलू नीति में बदलावों के तहत पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 2025 को अधिसूचित किया गया, जिससे निवेश आकर्षित करने और खोज तथा उत्पादन के लिए लाइसेंसिंग को सरल बनाने वाला आधुनिक नियामक ढांचा तैयार हुआ। भारत की शोधन क्षमता में लगातार विस्तार हुआ, जिससे वह एक वैश्विक रिफाइनिंग केंद्र के रूप में और मजबूत हुआ। बुनियादी ढांचे में प्रगति के बावजूद, पुराने क्षेत्रों के कारण कच्चे तेल और गैस का घरेलू उत्पादन दबाव में रहा।

## राष्ट्रीय

# उत्तर भारत में कोहरे का कहर

## उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट जारी, दिल्ली शीत लहर की चपेट में आया

- कश्मीर और हिमाचल में बर्फबारी का अनुमान
- सूर्य बादलों से ढका, वातावरण में प्रदूषक तत्व से दृश्यता रही कम

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली में छाए घने कोहरे के बीच से गुजरता व्यक्ति।

देश के कई हिस्सों में शनिवार को न्यूनतम तापमान सर्दियों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया और उत्तर भारत में घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित हुआ। घने कोहरे से शनिवार को उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट जारी किया गया। दिल्ली भी शीत लहर की चपेट में रहा और सूर्य बादलों से ढका था तथा वातावरण में प्रदूषक तत्वों के होने से दृश्यता कम रही।

अधिकारी के अनुसार, शनिवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर घने कोहरे से 129 उड़ानें रद्द हुईं। मौसम विभाग के अनुसार, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बारिश तथा कई स्थानों पर बारिश और बर्फबारी का अनुमान है। कश्मीर के मौसम विभाग ने शनिवार को ऊंचाई वाले इलाकों में मध्यम से भारी बर्फबारी का पूर्वानुमान है। कश्मीर में कुछ दिन बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होगी, जबकि 'चिल्ला-ए-कलां' यानी 40 दिन की सर्दी शुरू होने से एक दिन पहले रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। चिल्ला-ए-कलां के दौरान बर्फबारी की संभावना अधिक रहती है और ऐसी ही स्थिति बनी रहती है, जिससे घाटी में तापमान में भारी गिरावट आती है। शुष्क मौसम से खांसी और जुकाम जैसी बीमारियों के मामले बढ़ गए है।

हिमाचल प्रदेश के मौसम विभाग ने बिलासपुर जिले में भाखड़ा बांध के जलाशय क्षेत्र और मंडी जिले की बल्ह घाटी के कुछ हिस्सों में तड़के और देर रात के दौरान घना कोहरा छाए रहने की आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया। रविवार को ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है तथा 25 दिसंबर से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने वाला नया और कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। 24 घंटों से प्रदेश में मौसम शुष्क है। इस दौरान बिलासपुर में घना कोहरा और मंडी में हल्का कोहरा छाया रहा।

पंजाब और हरियाणा के कई इलाकों को कोहरे ने घेर लिया है। शनिवार को पंजाब के फरीदकोट में न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री रहा, जो राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। अमृतसर, लुधियाना और पटियाला, पठानकोट, बठिंडा, गुरदासपुर में तापमान में गिरावट आई। हरियाणा के जींद, अंबाला, हिसार में भी पारे में गिरावट रही। राजस्थान में भारी गिरावट दर्ज की गई है।

### उप्र में घने कोहरे से दृश्यता में आई भारी गिरावट

उत्तर प्रदेश में शनिवार को घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया और आईएमडी ने चेतावनी दी गई कि दो दिनों तक प्रतिकूल मौसम बना रहेगा। लखनऊ स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 24 घंटों में राज्य के बड़े हिस्से में घना कोहरा से दृश्यता में भारी गिरावट आई। आगरा (हवाई अड्डे), प्रयागराज, कानपुर (हवाई अड्डा), बरेली, झांसी और कई अन्य स्थानों पर बहुत घना कोहरा रहा तथा दृश्यता 50 मीटर से कम रही। पश्चिमी, मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश में ठंड का प्रकोप बना हुआ है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 22 दिसंबर तक कई जिलों में देर रात और सुबह घना से बहुत घना कोहरा रहेगा, जबकि कुछ इलाकों में 24 दिसंबर तक कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। लखनऊ, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, वाराणसी, बरेली, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, गोरखपुर, अयोध्या, सुल्तानपुर, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, इटावा, मैनपुरी, अलीगढ़ और मथुरा सहित कई जिलों में घने कोहरे का अनुमान है। मौसम विभाग ने लोगों को, सुबह के समय सावधानी बरतने की सलाह दी है और अधिकारियों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। वहीं, कम दृश्यता सड़क, रेल और हवाई यातायात को बाधित कर सकती है।

### दिल्ली में एक्यूआई 398, 129 उड़ानें हुईं रद्द

राष्ट्रीय राजधानी शीत लहर के बीच बिगड़ती वायु गुणवत्ता से जूझ रही है। दिल्ली में शनिवार को पहली शीत लहर का अनुभव हुआ, जिससे इस साल दिसंबर का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में अधिकतम तापमान गिरकर 16.9 डिग्री हो गया। दिल्ली में घना कोहरा छाया रहा, जिससे हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी के करीब रही। शाम चार बजे दिल्ली का एक्यूआई 398 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली के 40 केंद्रों में से 22 में एक्यूआई गंभीर, जबकि 17 में यह बेहद खराब रहा। वहीं, दिल्ली हवाई अड्डे पर घने कोहरे से 129 उड़ानें रद्द हुईं।

# सीएसआर में पर्यावरणीय जिम्मेदारी का समावेश अनिवार्य : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- जीवों की अनदेखी कर खुद को सामाजिक जिम्मेदार नहीं कह सकतीं कंपनियां

उच्चतम न्यायालय ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) को कॉरपोरेट पर्यावरणीय जिम्मेदारी से अलग नहीं किया जा सकता और कंपनियां पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र के अन्य जीवों की अनदेखी कर खुद को सामाजिक रूप से जिम्मेदार नहीं कह सकतीं।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और एएस चांदुरकर की पीठ ने विलुप्तप्राय प्रजाति गोडावण (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड) के संरक्षण के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए। यह प्रजाति राजस्थान और गुजरात में गैर-नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों के संचालन के कारण खतरे में है। पीठ ने कहा कि इसलिए सामाजिक उत्तरदायित्व' की कॉरपोरेट परिभाषा में पर्यावरणीय जिम्मेदारी शामिल होनी चाहिए। कंपनियां पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के अन्य जीवों के समान दावों की अनदेखी करते हुए स्वयं को सामाजिक रूप से जिम्मेदार नहीं कह सकतीं।

अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 51ए(जी) के तहत वन, झीलों, नदियों और वन्यजीवों समेत प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा एवं संवर्धन करना तथा सभी जीवों के प्रति करुणा रखना प्रत्येक नागरिक का मूल कर्तव्य है। सीएसआर निधि इस कर्तव्य की मूर्त अभिव्यक्ति है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण के लिए धन का आवंटन स्वैच्छिक दान नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्व की पूर्ति है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के तहत संसद ने इस कर्तव्य को संस्थागत रूप दिया है, जिससे कंपनियों के लिए उनकी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत विशिष्ट वित्तीय मानक अनिवार्य किए गए हैं। यह प्रावधान इस सिद्धांत को संहिताबद्ध करता है कि कॉरपोरेट लाभ केवल शेयरधारकों की निजी संपत्ति नहीं है, बल्कि उसका एक हिस्सा उस समाज का भी है, जो इस लाभ को संभव बनाता है।

### अदालतें पीड़ित जानवरों के पक्ष में हमेशा रहेंगी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालतें हमेशा जानवरों के पक्ष में रहेंगी, क्योंकि जब मनुष्य और व्यावसायिक गतिविधियां उनके प्रवास मार्गों को अवरुद्ध करती हैं, तो वे चुपचाप पीड़ा झेलते हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और विपुल मनुभाई पंचोली की पीठ ने नीलगिरी के होटल और रिजॉर्ट मालिकों की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित कर दी और कहा कि इस मुद्दे पर विस्तृत विचार-विमर्श की आवश्यकता है।

# मोदी सरकार ने मनरेगा पर चलाया बुलडोजर : सोनिया

नई दिल्ली, एजेंसी



- नए काले कानून के खिलाफ लड़ने के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने विकसित भारत-जी राम जी विधेयक संसद से पारित होने के बाद शनिवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया है और करोड़ों किसानों, श्रमिकों एवं भूमिहीन ग्रामीण वर्ग के गरीबों के हितों पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी नए काले कानून के खिलाफ लड़ाई को प्रतिबद्ध हैं।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने वीडियो संदेश में कहा कि मुझे आज भी याद है, 20 साल पहले डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब संसद में मनरेगा कानून आम राय से पास हुआ था। यह ऐसा क्रांतिकारी कदम था, जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिला था। खासतौर पर वंचित, शोषित, गरीब और अतिगरीब लोगों के लिए रोजी-रोटी का जरिया बना। उन्होंने कहा कि रोजगार के लिए अपनी माटी, अपना गांव, अपना घर-परिवार छोड़कर पलायन करने पर रोक लगी। रोजगार का कानूनी हक दिया गया, साथ ही ग्राम पंचायतों को ताकत मिली। मनरेगा के जरिए महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों के भारत की ओर एक ठोस कदम उठाया गया। उन्होंने दावा किया कि 11 साल में मोदी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार, गरीबों और वंचितों के हितों को नजरअंदाज कर मनरेगा को कमजोर करने की हर कोशिश की, जबकि कोविड के वक़्त ये गरीब वर्ग के लिए संजीवनी साबित हुआ। सोनिया गांधी ने कहा कि बहुत अफसोस की बात है कि अभी हाल में सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया।

### धनशोधन में अनिल अंबानी के बेटे से दूसरे दिन भी पूछताछ

नई दिल्ली। ईडी ने कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी से शनिवार को लगातार दूसरे दिन पूछताछ की। अधिकारियों के अनुसार, 34 वर्षीय अनमोल अंबानी के बयान धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुक्रवार को पहली बार दर्ज किए थे और शनिवार को भी पूछताछ जारी रही।

अधिकारियों के मुताबिक, ईडी की जांच येस बैंक से जुड़ी है। बैंक का 31 मार्च 2017 तक रिलायंस अनिल अंबानी समूह में करीब 6,000 करोड़ का निवेश था, जो एक वर्ष में बढ़कर 13,000 करोड़ हो गया। इन कंपनियों में रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) शामिल थीं। एजेंसी का आरोप है कि इन निवेशों का एक बड़ा हिस्सा गैर-निष्पादित निवेश (एनपीआई) में बदल गया, जिसके चलते बैंक को बाद में करीब 3,300 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। ईडी ने इस मामले में अनिल अंबानी से भी पूछताछ की है।

### नाइटक्लब अग्निकांड
### खोसला के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस की तैयारी

पणजी। गोवा पुलिस ने नाइट क्लब अग्निकांड में आरोपी ब्रिटिन के नागरिक सुरिंदर खोसला के खिलाफ कई केंद्रीय एजेंसी के माध्यम से 'ब्लू कॉर्नर' नोटिस जारी कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को दी।

अरपोरा में स्थित 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब में 6 दिसंबर को लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें अधिकतर क्लब के कर्मचारी थे। अधिकारी ने बताया कि खोसला घटना के समय गोवा में ही था और संभवतः अगले दिन ब्रिटेन चला गया था। हमने उसे ब्रिटेन से यहां लाने के लिए 'ब्लू कॉर्नर' नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# राहुल गांधी ने जर्मनी यात्रा के दौरान देश के दुश्मनों से की मुलाकात : भाटिया

नई दिल्ली, एजेंसी

- बर्लिन में प्रो. कॉर्नेलिया वोल के साथ की तस्वीर दिखाकर इसे बताया सबूत
- भाजपा ने कांग्रेस के सोरोस-वित्तपोषित संगठनों से संबंध का उठाया था मामला

भाजपा ने शनिवार को आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने जर्मनी यात्रा के दौरान देश के दुश्मनों से मुलाकात की। पार्टी ने गांधी से सवाल किया कि ऐसे तत्वों के साथ हाथ मिलाकर वह देश के खिलाफ किस तरह की साजिश रच रहे हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने भाजपा मुख्यालय में बर्लिन स्थित हर्टी स्कूल की प्रेसीडेंट एवं प्रोफेसर कॉर्नेलिया वोल के साथ गांधी की तस्वीर दिखाई और इसे कांग्रेस नेता द्वारा जर्मनी में भारत-विरोधी ताकतों से मुलाकात का सबूत बताया। भाटिया ने दावा किया कि वोल सेंट्रल यूरोपियन यूनिवर्सिटी की ट्रस्टी में से एक हैं, जो अमेरिका के अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस के ओपन सोसाइटी फाउंडेशन से वित्तपोषित है। राहुल गांधी या कांग्रेस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। पिछले साल भी, भाजपा ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के सोरोस-वित्तपोषित संगठनों से संबंध हैं, जो भारत-विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं। भाटिया ने आरोप लगाया कि अगर कोई भारत विरोधी ताकतों से मिलता है और विदेशी धरती से भारत का अपमान करता है, तो वह राहुल गांधी के अलावा और कोई नहीं। जॉर्ज सोरोस और राहुल गांधी दो शरीर हैं, लेकिन एक आत्मा हैं। भाजपा प्रवक्ता ने सवाल किया कि गांधी संसद के हर सत्र के दौरान या उससे पहले विदेश क्यों जाते हैं और भारत के दुश्मनों से मिलते हैं जो भारत की अखंडता पर हमला करते हैं।

# इमरान खान और उनकी बीवी बुशरा को 17-17 साल की कैद





- तोशखाना मामले में विशेष अदालत ने सुनाई सजा

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की जवाबदेही अदालत ने जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना-2 भ्रष्टाचार मामले में शनिवार को 17-17 साल के कारावास की सजा सुनाई।

अगस्त 2023 से जेल में बंद खान (73) अप्रैल 2022 में प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद से विभिन्न मुकदमों का सामना कर रहे हैं। तोशाखाना-2 मामला 2021 में खान और बीबी को सऊदी सरकार से मिले सरकारी उपहारों में हुई कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है। विशेष अदालत के न्यायाधीश शाहरुख अर्जुमंद ने रावलपिंडी में स्थित उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में इस मामले में फैसला सुनाया, जहां पीटीआई के प्रमुख खान फिलहाल बंद हैं। खान और बुशरा को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत 10-10 साल और भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत सात-सात साल कैद की सजा सुनाई गई। अदालत ने दोनों पर 1.64-1.64 करोड़ रुपये जुर्माना भी लगाया। अदालत ने सजा सुनाते समय इमरान अहमद खान नियाजी की उम्र के साथ साथ यह तथ्य भी ध्यान में रखा कि बुशरा खान एक महिला हैं।

## तटरक्षक बल को मिला अतुल्य पोत

भारतीय तटरक्षक बल के बेड़े में अदम्या श्रेणी का तीसरा फास्ट पेट्रोल वेसल पोत अमूल्य को शामिल किया गया है। यह आधुनिक पोत निगरानी, खोज, बचाव, तस्करी रोकने के साथ समुद्र में प्रदूषण नियंत्रण का महत्वपूर्ण कार्य भी करेगा। इस जहाज का निमार्ण गोवा शिपयार्ड में किया गया है। काफी हद तक यह स्वदेशी पोत कई मायनों में खास है। इंजन काफी अत्याधुनिक होने के साथ मारक हथियार लगाए गए हैं जिससे यह दुश्मन का समुद्र में तेजी से पीछा करने के साथ उन्हें मार गिराने में सक्षम है। भारतीय तटरक्षक बल की समुद्री ताकत में इजाफा करने के साथ ही यह जहाज देश के पूर्वी तट की सुरक्षा को और मजबूत बनाने का काम करेगा। लगभग 51 मीटर लंबे और करीब 60 फीसदी स्वदेशी उपकरणों से लैस इस जहाज को शुक्रवार को औपचारिक रूप से तटरक्षक बल के बेड़े में शामिल किया गया।

## समुद्र में बढ़ी देश की ताकत




- गति और परिचालन क्षमता : यह पोत 27 समुद्री मील की अधिकतम गति से चल सकता है और इसकी परिचालन क्षमता 1,500 समुद्री मील है।
- हथियार और प्रणालियां : यह पोत स्वदेश निर्मित अत्याधुनिक हथियारों और प्रणालियों से सुसज्जित है, जिसमें 30 मिमी सीआरएन-91 गन और फायर कंट्रोल सिस्टम शामिल हैं।
- कार्य : यह पोत निगरानी, अवरोधन, खोज एवं बचाव, तस्करी विरोधी अभियान और प्रदूषण नियंत्रण सहित कई अभियानों को अंजाम देगा।
- तैनाती : यह पोत ओडिशा के पारादीप में तैनात रहेगा और तटरक्षक क्षेत्र (उत्तर पूर्व) कमान के प्रशासनिक और परिचालन नियंत्रण में काम करेगा।

### फास्ट पैट्रोल वेसल क्यों महत्वपूर्ण

- फास्ट पेट्रोल वेसल छोटे-मध्यम आकार के अत्यंत तेज और लचीले जहाज़ होते हैं जो तट और समुद्री सीमाओं की निरंतर निगरानी, खासकर रात में या कठिन मौसम में भी करने में सक्षम होते हैं। इनका उपयोग गश्ती और तस्करी/अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, तटीय इलाक़ों में खोज-बचाव मिशन संचालित करने में भी किया जाता है। इन जहाज़ों की गति और छोटा आकार उन्हें कड़े समुद्री हालात में भी सक्रिय रहने में मदद करता है। 27 नॉट्स से ऊपर गति रखने में सक्षम यह जहाज लगभग 1500 समुद्री मील की दूरी तक अभियान चला सकता है।

### सुरक्षा क्षमता में इजाफा

- यह जहाज समुद्री क्षेत्र की बेहतर निगरानी व कवरेज में काफी सक्षम है। 7,500 किमी से अधिक लंबी भारत की समुद्री सीमा और विशाल विशेष आर्थिक क्षेत्र की नियमित-निगरानी ऐसे जहाज़ों से और बेहतर ढंग से कवर किया जा सकता है। आपातकाली स्थिति जैसे समुद्री चोरी, तस्करी या कियाी नाव या जहाज पर संकट जैसी स्थिति में ये तेजी से प्रतिक्रिया करने में सक्षम हैं। साथ ही ये विविध कार्य में समर्थ होते हैं। ये जहाज़ निगरानी, तट सुरक्षा, खोज-बचाव, प्रदूषण नियंत्रण जैसे मिशनों को एक ही प्लेटफ़ॉर्म से हैंडल कर सकते हैं।

### बल की क्षमता

- भारतीय तटरक्षक बल के पास 158 जहाज और 70 विमान हैं। जिनमें अदम्य श्रेणी के तीव्र गश्ती पोतों में अमूल्य, अदम्य, अटल, अजित, अपराजित हैं। विक्रम श्रेणी में विजया, विक्रम, विग्रह हैं। समर्थ श्रेणी के चार गश्ती पोत समर्थ, शूर, सारथी, शौनक हैं। समर श्रेणी पोतों में समर, संग्राम, सारंग, सागर हैं। वहीं संकल्प श्रेणी में संकल्प, सम्राट हैं और विश्वस्त श्रेणी के गश्ती पोत में विश्वस्त, विजित, वैभव हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के उप कमांडर खांडकर का निधन

**ढाका।** बांग्लादेश की स्थापना के लिए 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान मुक्ति वाहिनी के प्रमुख नेता, एयर वाइस मार्शल (सेवानिवृत्त) ए. के. खांडकर का शनिवार को निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। पांच दशक पहले 16 दिसंबर को जब पाकिस्तानी सैनिकों ने भारत-बांग्लादेश संयुक्त बलों के सामने आत्मसमर्पण किया था तब खांडकर उपस्थित थे। रक्षा मंत्रालय के अंतर-सेवा जनसंपर्क द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, 20 दिसंबर पूर्वाह्न लगभग 10 :35 बजे उम्र संबंधी जटिलताओं के कारण खांडकर ने अंतिम सांस ली। उन्होंने 16 दिसंबर, 1971 को ढाका में आयोजित समारोह में बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व किया था।

### विश्व बैंक से पाकिस्तान को 70 करोड़ डॉलर मंजूर

**इस्लामाबाद।** विश्व बैंक ने शनिवार को पाकिस्तान के लिए 70 करोड़ डॉलर के वित्तपोषण को मंजूरी दे दी है। एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि पाकिस्तान की व्यापक आर्थिक स्थिरता और सेवा वितरण को समर्थन देने के लिए शुरू की गई एक बहुवर्षीय पहल के तहत यह राशि दी जाएगी। डॉन अखबार की खबर के अनुसार यह राशि विश्व बैंक के समावेशी विकास के लिए सार्वजनिक संसाधन बहु-चरणीय योजनाबद्ध कार्यपद्धति (पीआरआईडी-एमपीए) के तहत जारी की जाएगी। इस राशि में 60 करोड़ डॉलर संघीय कार्यक्रमों के लिए और 10 करोड़ डॉलर सिंध प्रांत में एक प्रांतीय कार्यक्रम के समर्थन के लिए खर्च किए जाएंगे।

### रुबियो बोले-ट्रंप ने शांति स्थापना को दी प्राथमिकता

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शांतिदूत के तौर पर अपनी भूमिका को प्राथमिकता दी है। ट्रंप भारत एवं पाकिस्तान के बीच संघर्ष सुलझाने में अपनी भूमिका को लेकर कई बार दावा कर चुके हैं। वह अब तक लगभग 70 बार यह दावा कर चुके हैं। रुबियो ने कहा कि अमेरिका दुनिया भर में सक्रिय भूमिका निभा रहा है और उसने ऐसे संघर्ष सुलझाने में भी भूमिका निभाई है जो अमेरिका के रोजमर्रा के जीवन के लिए संभवत: उतने महत्वपूर्ण नहीं हैं।

# वैश्विक व्यवस्था में आया बदलाव अब कोई भी मर्जी नहीं थोप सकता

## पुणे स्थित एक डीम्ड विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोले विदेशमंत्री जयशंकर

- कहा-भारत को अब अधिक सकारात्मक देखती है दुनिया

पुणे, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि आज दुनिया भारत को पहले की तुलना में कहीं अधिक सकारात्मक रूप में देखती है और देश की छवि में आया यह बदलाव एक निर्विवाद सच्चाई है। जयशंकर ने पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड विश्वविद्यालय) के 22वें दीक्षांत समारोह में कहा कि वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि शक्ति और प्रभाव के कई केंद्र उभर चुके हैं और अब कोई भी देश, चाहे वह कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, सभी मुद्दों पर अपनी मर्जी नहीं थोप सकता।

जयशंकर ने कहा कि आज दुनिया हमें किस तरह से देखती है? इसका संक्षिप्त उत्तर यह है- पहले की तुलना में कहीं अधिक सकारात्मक और कहीं अधिक गंभीरता से। इसका कारण हमारा राष्ट्रीय ब्रांड और हमारी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा दोनों हैं, जिनमें उल्लेखनीय सुधार हुआ है। विदेश मंत्री ने कहा कि आज दुनिया भारतीयों को मजबूत कार्य-नैतिकता वाले, प्रौद्योगिकी में दक्ष और परिवार-केंद्रित संस्कृति को अपनाने वाले लोगों के रूप में देखती है। उन्होंने कहा कि विदेश में संवाद के दौरान मैं हमारे प्रवासी भारतीयों के बारे में अक्सर प्रशंसा के शब्द सुनता हूं। भारत में कारोबार करना आसान हो रहा है और जीवन-यापन में सहूलियत बढ़ रही है। इसी के साथ एक व्यक्ति, राष्ट्र और समाज के रूप में भारत के बारे में पुरानी रूढ़िवादी धारणाएं धीरे-धीरे पीछे छूट रही हैं। जयशंकर ने कहा कि प्रगति और आधुनिकीकरण की अपनी यात्रा में बेशक हमें अभी बहुत कुछ करना है, लेकिन हमारी छवि में यह बदलाव ऐसी वास्तविकता है, जिससे इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि हमारे आंकड़े इस परिवर्तन की पुष्टि करते हैं। कहा कि शायद अन्य किसी चीज से अधिक, आज भारत को उसकी प्रतिभा और कौशल से परिभाषित किया जाता है।




पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (मानित विश्वविद्यालय) के 22वें दीक्षांत समारोह में शामिल विदेश मंत्री एस जयशंकर।

### विकसित करनी होगी आधुनिक विनिर्माण क्षमता

विदेशमंत्री जयशंकर ने कहा कि जो बात हमें अलग बनाती है, वह मानव संसाधनों की प्रासंगिकता है। उन्होंने कहा कि अगर हम जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को प्रौद्योगिकी के साथ कदम मिलाकर चलना है और औद्योगिक कार्य-संस्कृति को आत्मसात एवं विकसित करना है, तो हमें पर्याप्त और आधुनिक विनिर्माण क्षमता विकसित करनी ही होगी। केवल तभी हम सेवा क्षेत्र में भी अपनी क्षमताओं को निखार सकते हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि जैसे-जैसे आय बढ़ती है और मांग में इजाफा होता है, सामाजिक-आर्थिक आवश्यकताओं की एक व्यापक शृंखला को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा करना होगा।

### भारत को लचीले रुख पर बने रहना चाहिए

**पुणे।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य गठबंधन की राजनीति की तरह है, जहां निष्ठाएं लगातार बदलती रहती हैं। उन्होंने कहा कि भारत को ऐसे परिदृश्य में लचीला रुख अपनाते हुए अपने हितों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जयशंकर पुणे साहित्य महोत्सव में राष्ट्रीय पुस्तक ट्रस्ट के निदेशक युवराज मलिक के साथ कूटनीति से संवाद विषय पर बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमारे देश में एक दौर गठबंधन की राजनीति का था। आज की दुनिया भी गठबंधन की राजनीति जैसी ही है। किसी के पास बहुमत नहीं है। किसी गठबंधन को बहुमत हासिल नहीं है। इसलिए लगातार गठबंधन बनते रहते हैं, सौदे होते रहते हैं, कोई ऊपर जाता है तो कोई नीचे। यह पूरी तरह से बहुध्रुवीय दुनिया है, जहां कई साझेदार हैं। कहा कि इस अस्थिर स्थिति से निपटने के लिए उनका मंत्र भारत के हितों को ध्यान में रखते हुए फैसले लेना था।

# ढाका में कड़ी सुरक्षा के बीच युवा नेता को किया गया सुपुर्दे खाक

- जनाजे की नमाज में मोहम्मद यूनुस भी हुए शामिल

ढाका/नई दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रमुख युवा नेता शरीफ उस्मान हादी के जनाजे की नमाज अदा की गई, जिसके लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। हादी की मौत होने के बाद देश में अशांति फैल गई है। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस अपनी सलाहकार परिषद के सदस्यों और सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमां के साथ माणिक मिया एवेन्यू में स्थित संसद भवन परिसर के साउथ प्लाजा में इंकलाब मंच के 32 वर्षीय प्रवक्ता हादी के जनाजे की नमाज में शामिल हुए। यूनुस ने जनाजे की नमाज से पहले संक्षिप्त बयान दिया।

पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), जमात-ए-इस्लामी और छात्रों के नेतृत्व वाली नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) के नेताओं ने भी जनाजे की नमाज अदा की। हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में राजकीय शोक घोषित किया गया। हादी पिछले साल छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान प्रमुख नेताओं में से एक थे। इन विरोध प्रदर्शनों की वजह से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार गिर गई थी। हादी 12 फरवरी को होने वाले आम चुनाव में उम्मीदवार थे। नकाबपोश बंदूकधारियों ने 12 दिसंबर को मध्य ढाका के विजयनगर क्षेत्र में इंकलाब मंच के प्रवक्ता हादी के सिर में उस समय गोली मार दी थी जब वह अपना चुनाव प्रचार शुरू कर रहे थे। बाद में सिंगापुर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। टेलीविजन फुटेज में दिखता है कि हादी के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद सरकारी सुह्रावर्दी अस्पताल से लाए जाने के बाद नमाज अदा की गई। हादी के बड़े भाई अबू बकर ने जनाजे की नमाज अदा करवाई और फिर शव कड़ी सुरक्षा में डाका विश्वविद्यालय परिसर लाया गया, जहां से उसे दफनाने के लिए ले जाया गया। बांग्लादेश के राष्ट्रीय कवि काजी नजरुल इस्लाम की कब्र के पास ही हादी की कब्र खोदी गई। चुनिंदा लोगों को ही दफनाने की प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी गई। इससे पहले लोगों ने भारत के खिलाफ नारे लगाए।



बांग्लादेश की राजधानी ढाका में युवा नेता उस्मान हादी के नमाजे जनाजा और दफनाने के दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### हिंदू युवक की हत्या के मामले में सात गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में अधिकारियों ने 25 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की पीट-पीटकर निर्मम हत्या के मामले में सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अंतरिम सरकार ने शनिवार को मैमनसिंह शहर में गुरुवार को हुई इस घटना की त्वरित और गहन जांच के बाद इन गिरफ्तारियों की घोषणा की। इस घटना ने बांग्लादेश में व्यापक आक्रोश पैदा कर दिया है। दास पर ईशनिंदा के आरोपों को लेकर भीड़ ने बेरहमी से हमला किया। दास की पीट-पीटकर हत्या कर दी फिर उसके शरीर को जला दिया।

# आईएस के ठिकानों पर अमेरिकी हमला

- हवाई हमले में आतंकी संगठन के 70 ठिकाने किए तबाह

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने लगभग एक सप्ताह पहले हुए एक हमले के प्रतिशोध में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के आतंकवादियों और उनके ठिकानों को नष्ट करने के लिए शुक्रवार को सीरिया में सैन्य हमले शुरू किए। करीब एक सप्ताह पहले घात लगाकर किए गए हमले में दो अमेरिकी सैनिक और एक अमेरिकी दुभाषिया मारे गए थे।

अमेरिका के एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी सेना ने बड़े पैमाने पर हमला किया जिसमें मध्य सीरिया के उन इलाकों में 70 ठिकानों को निशाना बनाया गया जहां आईएस का ढांचा और हथियार मौजूद थे। अमेरिका के एक अन्य अधिकारी ने अपना नाम गोपनीय रखे जाने की शर्त पर कहा कि और भी हमले किए जा सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में एफ-15 ईगल विमानों, ए-10 थंडरबोल्ट विमानों और एएच-64 अपाचे हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि जॉर्डन के एफ-16 लड़ाकू विमान और हिमर्स रॉकेट तोपखाने का भी इस्तेमाल किया गया। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि यह युद्ध की शुरुआत नहीं है बल्कि यह बदले की घोषणा है। राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका अपने लोगों की रक्षा के लिए कभी हिचकिचाएगा नहीं और कभी पीछे नहीं हटेगा। सीरियाई रेगिस्तान में पिछले सप्ताह हुई गोलीबारी के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कड़ी जवाबी कार्रवाई करने का संकल्प लिया था और इन हमलों के लिए उन्होंने आईएस को जिम्मेदार ठहराया था।

# एपस्टीन फाइलों में भारत के आयुर्वेद का भी जिक्र

- अमेरिकी न्याय विभाग ने जारी कीं हजारों फाइलें

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका में जारी की गईं एपस्टीन से जुड़ी फाइलों में मालिश तकनीकों और भारत के आयुर्वेद के संदर्भ मिले हैं। अमेरिकी न्याय विभाग ने शुक्रवार को दोषी ठहराए गए यौन अपराधी, दिवंगत जेफरी एपस्टीन से संबंधित हजारों फाइलें जारी कर दीं।

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए थे जिसमें 30 दिन के भीतर संबंधित फाइल जारी करने का आदेश दिया गया था। यह मुद्दा राजनीतिक रूप से संवेदनशील है, और डेमोक्रेट पार्टी के नेताओं द्वारा एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है जिसमें दुनिया के कुछ सबसे प्रभावशाली लोगों से अपने संबंधों के लिए जाने जाने वाले धनी फाइनेंसर से संबंधित फाइलों को जारी करने की मांग की जा रही है। ट्रंप और एपस्टीन के बीच अनबन होने से पहले उनके बीच कई वर्षों तक मित्रता रही थी, और यह संबंध एक बड़े राजनीतिक विवाद का विषय रहा है। न्याय विभाग द्वारा जारी की गईं एपस्टीन फाइलों में से एक में विषहरण के लिए मालिश और आयुर्वेद के उपयोग का उल्लेख है। कहा गया है, पश्चिम में कई चिकित्सक भारत की इस 5,000 साल पुरानी प्राकृतिक उपचार प्रणाली पर आधारित मालिश और अन्य उपचार प्रदान कर रहे हैं।



जेफरी एपस्टीन की फाइल फोटो

### मालिश तकनीकों का भी किया है उल्लेख


इसमें द आर्ट ऑफ गिविंग मसाज शीर्षक वाले लेख भी हैं, जिसमें विषहरण के लिए तिल के तेल के उपयोग का उल्लेख किया गया है। इन फाइलों में ट्रंप की केवल कुछ ही तस्वीरें शामिल हैं, न्याय विभाग ने स्वीकार किया कि दस्तावेजों का खुलासा अधूरा है। इनमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की कई तस्वीरें और दिवंगत पॉप स्टार माइकल जैक्सन के साथ एपस्टीन की एक तस्वीर भी है। एपस्टीन से जुड़े किसी भी मामले में न तो ट्रंप और न ही क्लिंटन पर कभी कोई गलत काम करने का आरोप लगा है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 दिसंबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा 09 .10 तक तत्पश्चात द्वितीया।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वाफाल्गुनी, उत्तराफाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- पूर्वाषाढ़ा 22 दिसंबर 03 .36 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** — आज किसी पर अंधविश्वास करने से बचें। प्रेम संबंधों को लेकर अत्यंत भावुक रहेंगे। आप राजनीतिक चर्चाओं में सम्मिलित हो सकते हैं। भोग-विलास पर धन खर्च होगा। व्यवसाय में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**वृष** — आज कारोबार में मन मुताबिक परिणाम न मिलने से परेशानी होगी। सहयोगियों के साथ संबंध मजबूत होंगे। घर में किसी बात को लेकर कलह हो सकती है। माता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। पुराने रोग उभर सकते हैं।

**मिथुन** — आज ब्रांडिंग और मार्केटिंग के लिए दिन बहुत अच्छा है। करियर को लेकर कोई बड़ा व सार्थक निर्णय ले सकते हैं। आप पूरा दिन महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त रहेंगे। भविष्य को लेकर आप अत्यंत आशान्वित रहने वाले हैं।

**कर्क** — आज नए काम की शुरुआत करना ठीक नहीं है। किसी की आलोचना करने से बचें। कीमती वस्तुओं को संभालकर रखें। प्रेमी जन से कोई वादा न करें। धन-संपत्ति को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। दुष्ट प्रवृत्ति के लोगों से दूरी बनाकर रखें।

**सिंह** — आज बड़ी परियोजनाओं की प्लानिंग कर सकते हैं। विदेश में जॉब और कारोबार के अवसर मिलेंगे। दांपत्य संबंध रोमांटिक रहेंगे। कुछ लोग आपके विषय में भ्रम फैलाने का प्रयास करेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े भावुक हो सकते हैं।

**कन्या** — आज धन के लेन-देन में चूक हो सकती है। अनावश्यक खर्चों के कारण आप बजट गड़बड़ा सकता है। अपनी कार्यशैली में परिवर्तन करना फिलहाल उचित नहीं है। शाम को जीवनसाथी से कहासुनी करने से बचें। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बिल्कुल न करें।

**तुला** — आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिए बहुत अच्छा है। दैनिक खर्चों में बढ़ोतरी होगी। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। आईटी और तकनीक के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते रहें।

**वृश्चिक** — आज कारोबार में अधिक उदारता दिखाना उचित नहीं है। इसके कारण आपका मान-सम्मान उसी अनुपात में बढ़ेगा। आप सभी के प्रति बहुत अच्छा व्यवहार रखेंगे। धर्म के प्रति आप अत्यधिक समर्पण भाव रखेंगे।

**धनु** — आज गूढ़ रहस्य के विषयों पर अनुसंधान करने वालों को सफलता मिल सकती है। अध्यात्मिक गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त हो सकता है। आपकी लीडरशिप क्षमता में सुधार होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। लंबी दूरी की यात्रा कर सकते हैं।

**मकर** — आज गलत कार्यशैली के कारण कारोबार में नुकसान होने की आशंका है। बीमार लोग दवाइयों को लेकर लापरवाही न करें। महिलाओं को प्रेम संबंधों में धोखा मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका काम बिगड़ सकता है।

**कुंभ** — आज सामाजिक कार्यक्रमों के लिए दिन बहुत अच्छा है। रुके हुए काम को पूरा करने के लिए दिन उत्तम है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। अपनी बातों को मनवाने के लिए किसी पर दबाव न डालें। आपके व्यवहार से परिजन अत्यंत प्रसन्न रहेंगे।

**मीन** — आज हल्का भोजन करना हितकर होगा। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिलेगा। पेट में इंफेक्शन की आशंका है। जल्दबाजी में कोई काम पूरा न करें। धर्म व पुण्य के प्रति आपके मन में श्रद्धा उत्पन्न होगी।

## सुडोकू -8

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 4 | 3 | 9 | | 7 |
| | 7 | | 5 | 2 | | | | |
| 3 | | | 7 | | | 1 | | 6 |
| | | | | 6 | | | | 5 |
| | 2 | | 9 | | 5 | | 8 | |
| 4 | | | | 1 | | | | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | | 4 |
| | | | | 5 | 2 | | 3 | |
| 8 | | 9 | 6 | 3 | | | 7 | |

### सुडोकू - 7 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 |
| 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 8 | 7 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 6 | 7 |
| 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 8 |



> एकदिवसीय विश्व कप में सफल अभियान के बाद टीम अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारियों के लिए लंबे समय से मैदान पर उतरने का इंतजार कर रही है। श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज फायदेमंद रहेगी।
>
> –कप्तान हरमनप्रीत कौर

स्टेडियम

लखनऊ, रविवार, 21 दिसंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## हाईलाइट



जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय दंगल और रुस्तम-ए-जम्मू एंड कश्मीर चैंपियनशिप में हिस्सा लेते खिलाड़ी। एजेंसी

### हार्दिक पंड्या किसी फिल्म के सुपरहीरो की तरह हैं : डेल स्टेन

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पांचवें टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में हार्दिक पंड्या की शानदार पारी के बाद उन्हें सुपरहीरो करार दिया और कहा कि वह मानसिक रूप से एक अलग स्तर पर काम करते हैं और उनकी चमक अद्वितीय है। पंड्या (63) ने इस मैच में भारत की तरफ से टी20 अंतरराष्ट्रीय दूसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाया, जबकि तिलक वर्मा ने शानदार 73 रन बनाकर भारतीय टीम को 30 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। स्टेन ने कहा हार्दिक ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने एक खिलाड़ी की छवि से आगे निकल कर एक सेलिब्रिटी का दर्जा हासिल कर लिया है। वह किसी एक फिल्म के सुपरहीरो की तरह मैदान में उतरे, जहां कोई भी उनकी रणनीति नहीं बदल सकता। उन्होंने कहा यह कोई खराब रवैया नहीं है। यह तो पूरी तरह से दबदबा बनाए रखने से जुड़ा है।

### ब्राजील विश्व कप से पहले खेलेगा मैत्री मैच

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजीलियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन (सीबीएफ) ने कहा है कि उनकी राष्ट्रीय टीम अगले साल फीफा विश्व कप की तैयारी के लिए अमेरिका में फ्रांस और क्रोएशिया के साथ अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। सीबीएफ के बयान के अनुसार, पांच बार की विश्व चैंपियन टीम 26 मार्च को बोस्टन में फ्रांस का सामना करेगी, जिसके बाद 31 मार्च को ऑरलैंडो में क्रोएशिया के खिलाफ मैच होगा। ये मैच ब्राजील के मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी को विश्व कप टीम की घोषणा करने से पहले खिलाड़ियों का आकलन करने का आखिरी मौका देंगे। यह टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जाएगा।

### सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में हारी

**हांगझू।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी शनिवार को यहां सेमीफाइनल में चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हारने के बाद बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी ने पहला गेम जीत लिया लेकिन इसका फायदा नहीं उठा पाए और एक घंटे तीन मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में 21-10, 17-21 13-21 से हार गए। सात्विक और चिराग ने ग्रुप चरण में चीन की इस जोड़ी को हराया था। लेकिन प्रतिद्वंद्वी जोड़ी ने अहम मौके पर बाजी पलट दी। इस भारतीय जोड़ी को सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में हार का सामना नहीं करना पड़ा था। पर शनिवार की हार से वे इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली पहली पुरुष जोड़ी नहीं बन सके।

# पाकिस्तान के खिलाफ दबदबा कायम रखने उतरेगा भारत

**अंडर-19 एशिया कप फाइनल**

**दुबई, एजेंसी**

भारतीय टीम रविवार को आईसीसी अकादमी में होने वाले अंडर-19 एशिया कप फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए रिकॉर्ड 12वां खिताब अपनी झोली में डालना चाहेगी। आयुष म्हात्रे की अगुवाई वाली भारतीय टीम ग्रुप ए के सभी मैच जीतकर पाकिस्तान से आगे शीर्ष पर रही।

पाकिस्तान को ग्रुप चरण में एकमात्र हार भारत के खिलाफ मिली थी जिसमें उसे पिछले रविवार को 90 रन से हार मिली। भारत ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में भी यही लय बरकरार रखी और श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। दूसरी ओर पाकिस्तान ने गत चैंपियन बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल तक भारत का सफर हरफनमौला प्रदर्शन पर आधारित रहा है जिसमें बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने मिलकर एक मजबूत इकाई बनाई। बल्लेबाजी में भारत का प्रदर्शन शानदार रहा है और टीम ने दो बार 400 से ज्यादा का स्कोर बनाया है। इस 50 ओवर के टूर्नामेंट में युवा प्रतिभाओं का उदय हुआ है जिसमें 17 साल के विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू शामिल हैं। युवा प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी ने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ



वैभव सूर्यवंशी।

पहले मैच में 95 गेंद में 171 रन बनाकर भारत को छह विकेट पर 433 रन के स्कोर तक पहुंचाया तो कुंडू ने मलेशिया के खिलाफ रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 125 गेंद में नाबाद 209 रन बनाए और युवा वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय बन गए।

**समय : पूर्वाह्न 10 .30 बजे से**

यह जोड़ी पाकिस्तान के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ एक और अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगी। जब भी भारत का शीर्ष क्रम लड़खड़ाया है, मध्यक्रम में ऐसे मौके पर अच्छा प्रदर्शन किया है। हैदराबाद के आरोन जॉर्ज ने लगातार तीन अर्धशतक लगाकर टीम को संभाला है, उन्होंने महत्वपूर्ण मध्य ओवरों में बल्लेबाजी करते हुए 100 से ज्यादा का स्ट्राइक रेट बनाए रखा है। उन्हें बाएं हाथ के बल्लेबाज विहान मल्होत्रा का भी अच्छा साथ मिला है जो श्रीलंका के खिलाफ 61 रन बनाकर नाबाद रहे थे। टीम में गहराई लाने वाले ऑलराउंडर कनिष्क चौहान हैं जिन्होंने 127 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट के साथ फिनिशर की भूमिका को फिर से परिभाषित किया है और साथ ही गेंद से सही समय पर विकेट भी लिए हैं। चौहान ने चार मैचों में छह विकेट लिए हैं जिसमें ग्रुप चरण में पाकिस्तान के खिलाफ 33 रन देकर तीन विकेट लेने का शानदार प्रदर्शन शामिल है। गेंदबाजी में भारत की अगुवाई तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन ने की जो पाकिस्तान के अब्दुल सुभान के साथ टूर्नामेंट में 11 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

पाकिस्तान की सबसे बड़ी ताकत उनकी तेज गेंदबाजी है जिसमें सुभान सबसे आगे हैं और उन्हें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सैयाम और अली रजा से अच्छा समर्थन मिल रहा है। स्पिन विभाग में बाएं हाथ के गेंदबाज निकब शफीक ने भारत के खिलाफ दो विकेट लेकर प्रभावित किया जबकि लेग-स्पिनर अहमद हुसैन विविधता लाते हैं।

**टीम**

**भारत :** आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलान ए पटेल, नमन पुष्पक, डी. दीपेश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह, उधव मोहन, आरोन जॉर्ज।

**पाकिस्तान :** फरहान यूसुफ (कप्तान), उस्मान खान (उपकप्तान), अब्दुल सुभान, अहमद हुसैन, अली हसन बलूच, अली रजा, दानियाल अली खान, हमजा जहूर (विकेटकीपर), हुजैफा अहसन, मोमिन कमर, मोहम्मद सय्याम, मोहम्मद शायान (विकेटकीपर), नकाब शफीक, समीर मिन्हास और मोहम्मद हुजैफा।



# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी दिलाकर चयन समिति को प्रभावित किया ईशान किशन ने

## फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण साल के अधिकांश समय टीम से रहे हैं बाहर

**मुंबई, एजेंसी**

ईशान किशन फिटनेस और उपलब्धता संबंधी समस्याओं के कारण साल के अधिकांश समय टीम से बाहर रहे। उन्होंने हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया है। शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज ने फाइनल में शतक लगाकर झारखंड को खिताब दिलाया। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले ईशान किशन को प्राथमिकता दी गई जबकि जितेश शर्मा का इस्तेमाल आमतौर पर निचले क्रम के तेजी से रन बनाने वाले बल्लेबाज के रूप में किया गया था। भारत के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा हम संयोजन को देख रहे हैं और हमें ऐसे विकेटकीपर की जरूरत महसूस हुई जो ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी कर सके। जितेश ने कुछ गलत नहीं किया लेकिन हमें संयोजन और शीर्ष क्रम में विकेटकीपर की जरूरत को ध्यान में रखना पड़ा।

गिल को टीम से बाहर किए जाने पर कप्तान सूर्यकुमार ने कहा यह गिल की फॉर्म की बात नहीं है। हम चाहते थे कि शीर्ष क्रम में एक अच्छा विकेटकीपर हो। किशन को टीम में शामिल किए जाने का मतलब है कि प्रतिभाशाली यशस्वी जायसवाल टीम में जगह बनाने का मौका चूक गए, वहीं जितेश ने भी टीम में अपनी जगह गंवा दी। भारत ने शीर्ष और मध्य क्रम को मजबूत करते हुए अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार, तिलक वर्मा और किशन को टीम में शामिल किया है। रिंकू की



**भारतीय टीम :** ऊपर की लाइन में बाएं से दाएं, कप्तान सूर्यकुमार यादव, उप-कप्तान अक्षर पटेल, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, हार्दिक पंड्या। बीच की लाइन में तिलक वर्मा, ईशान किशन, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे। नीचे की लाइन में जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह। एजेंसी

मौजूदगी दबाव झेलने और अंतिम ओवरों में विस्फोटक बल्लेबाजी करने वाले विशेषज्ञ फिनिशर के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हार्दिक पंड्या एक बार फिर अंतिम एकादश को संतुलन प्रदान करेंगे जिसमें शिवम दुबे उनका साथ देंगे, जिनकी स्पिनरों को निशाना बनाने की क्षमता टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण बन गई है। इसके अलावा अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर की जोड़ी विविधता, नियंत्रण और बल्लेबाजी की गहराई प्रदान करेगी। जसप्रीत बुमराह तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे। उनका साथ अर्शदीप सिंह देंगे। हर्षित राणा को टीम में शामिल करना एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को दिखाता है जिसमें चयनकर्ता तेज गति और उछाल को एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में देखते हैं। स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती संभालेंगे जो कलाई की चतुराई और रहस्य से भरपूर स्पिन गेंदबाजी का मेल पेश करते हैं।



### गिल अभी रन नहीं बना पा रहे, पर बेहतरीन खिलाड़ी हैं : अगरकर

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने शनिवार को कहा कि हालिया मैचों में शुभमन गिल के रन न बना पाने और संयोजन की मजबूरियों के कारण उन्हें टी20 विश्व कप की टीम में शामिल नहीं किया गया। भारतीय टी-20 टीम के हाल ही में उपकप्तान नियुक्त किए गए गिल श्रीलंका के खिलाफ घरेलू शृंखला में प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर सके। उन्होंने इस शृंखला में चार, शून्य और 28 रन बनाए, जबकि चोट के कारण पांचवां मैच नहीं खेल पाए। अगरकर ने टीम की घोषणा के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा हमें पता है कि वह कितने शानदार खिलाड़ी हैं, लेकिन इस समय शायद उनके बल्ले से उतने रन नहीं निकल पा रहे हैं। उन्होंने कहा वह बदकिस्मती से पिछले विश्व कप से भी बाहर रह गए थे क्योंकि हमने अलग संयोजन के साथ खेलने का फैसला किया था। टीम चयन में संयोजन का ध्यान रखना होता है। जब आप 15 खिलाड़ियों की टीम चुनते हैं तो किसी न किसी को बाहर रहना पड़ता है और इस बार दुर्भाग्य से गिल को बाहर होना पड़ा। अगरकर ने कहा कि टीम प्रबंधन शीर्ष क्रम में एक अतिरिक्त विकेटकीपर रखना चाहता था, जिसके चलते एक बल्लेबाज की कुर्बानी देनी पड़ी।

# भारत-श्रीलंका की महिला टीमें आज आमने-सामने

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

एकदिवसीय विश्वकप चैंपियन बनने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को पहली बार विशाखापत्तनम में शुरु होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज में श्रीलंका की मेजबानी करेगी। टूर्नामेंट के पहले दो मैच विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे। जिसके बाद सीरीज के आखिरी तीन मैचों तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे। यह सीरीज 30 दिसंबर तक चलेगी। अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए ऐसे युवा खिलाड़ियों की तलाश करना चाहेगी जो टीम को लंबे समय तक स्थिरता प्रदान कर सके। टीम में कप्तान हरमनप्रीत कौर, उपकप्तान स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह जैसे परिचित चेहरे मौजूद हैं, लेकिन यह सभी खिलाड़ी 30 की उम्र पार कर चुके हैं।

**टीम**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन देओल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंका :** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका रानावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेवंदी, मल्की मदारा।

- **अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए युवा खिलाड़ियों की रहेगी तलाश**



बीसीसीआई के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया (बीच में), चयन समिति के चेयरमैन अजीत अगरकर और कप्तान सूर्यकुमार यादव।

# नेथन लियोन ने ऑस्ट्रेलिया को जीत के करीब पहुंचाया

**एडिलेड, एजेंसी**

इंग्लैंड की एशेज में बने रहने की बेताब कोशिश को शनिवार को उस समय करारा झटका लगा जब नाथन लियोन ने एक के बाद एक तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जीत और शृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने के करीब पहुंचा दिया। इंग्लैंड की टीम जब 435 रन के रिकार्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए एशेज में अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने की कोशिश कर रही थी तब लियोन ने उप कप्तान हैरी ब्रूक (30) को बोल्ड, कप्तान बेन स्टोक्स (05) को बोल्ड और सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली (85) को स्टंप आउट करके इंग्लैंड के खेमे में खलबली मचा दी।



हैरी ब्रूक को आउट करने के बाद जश्न मनाते ऑस्ट्रेलिया के नेथन लियोन (बीच में)।

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

| | |
|---|---|
| (ऑस्ट्रेलिया) (प्रथम पारी) | 371/10 |
| (इंग्लैंड) (प्रथम पारी) | 286/10 |
| (ऑस्ट्रेलिया) (दूसरी पारी) | 349/10 |
| (इंग्लैंड) (दूसरी पारी जारी) | 207/6 |

इंग्लैंड ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 207 रन बनाए हैं और वह अभी लक्ष्य से 228 रन पीछे है। पहली पारी में 371 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 349 रन बनाए। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 286 रन बनाए थे। क्रॉली और ब्रूक ने 68 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड का स्कोर 177 रन तक पहुंचाया।

### सूर्यकुमार को एक अच्छी पारी की जरूरतः तिलक

**अहमदाबाद :** सूर्यकुमार यादव पिछले लंबे समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं, लेकिन उनके साथी खिलाड़ी तिलक वर्मा ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि भारत के टी-20 कप्तान को अपनी उस खोई हुई लय को फिर से हासिल करने के लिए केवल एक पारी की जरूरत है, जिससे वह कभी गेंदबाजों पर हमलावर की तरह हावी होते थे।

तिलक ने जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती को टीम का भरोसेमंद गेंदबाज बताया, जिन्होंने शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में भारत की 30 रन की और शृंखला में 3-1 से जीत में अहम भूमिका निभाई। तिलक ने मैच के बाद सूर्यकुमार को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब में कहा मैं उनसे बस यही कह रहा था कि कुछ गेंदों को सहजता से खेलें।

**प्रशंसा** | **पूर्व महान बल्लेबाज ने ईशान किशन को टीम में शामिल करने के फैसले का किया समर्थन**

# चयन का आधार घरेलू प्रदर्शन होना चाहिए : गावस्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने शनिवार को आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शानदार फॉर्म में चल रहे ईशान किशन के चयन का समर्थन किया जबकि पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने शुभमन गिल को बाहर करने जैसे कड़े फैसले के लिए अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति को पूरे अंक दिए।

राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने विकेटकीपर-बल्लेबाज किशन और रिंकू सिंह की वापसी कराई जबकि टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को टी20 प्रारूप में खराब फॉर्म के चलते बाहर कर दिया गया। फिटनेस और उपलब्धता से जुड़ी समस्याओं के कारण साल भर टीम से बाहर रहे किशन ने हालिया सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी



में शानदार प्रदर्शन किया और बेहतरीन शतक के साथ झारखंड को खिताब दिलाया। गावस्कर ने कहा जब कोई खिलाड़ी प्रदर्शन करता है तो उसे चुनना चाहिए। ईशान किशन पहले भी टीम में रहे हैं और उन्होंने साबित किया है कि वह यह कर सकते हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उनकी मौजूदा फॉर्म दिखाती है कि चयन का आधार घरेलू क्रिकेट होना चाहिए, सिर्फ आईपीएल नहीं। उन्होंने कहा मैं उनके लिए बहुत खुश हूं। वह कुछ वर्षों तक टीम से बाहर थे, लेकिन अपनी राज्य की टीम झारखंड को खिताब दिलाकर उन्होंने शानदार वापसी की। गावस्कर को जितेश शर्मा के लिए भी दुख हुआ। उन्होंने कहा जितेश ने कुछ भी गलत नहीं किया। उन्हें जितने भी मौके मिले, वह एक अच्छे विकेटकीपर साबित हुए। एमएस धोनी के बाद शायद वह विकेट के पीछे से डीआरएस कॉल में कप्तान की मदद करने वाले सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से थे। उनके लिए यह कठिन है, लेकिन वह युवा हैं। उन्हें घरेलू क्रिकेट में लौटकर प्रदर्शन जारी रखना होगा।

हरभजन सिंह ने चयन समिति के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा मैं मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और प्रबंधन को 10 में से 10 अंक देता हूं।

### गिल की खराब फार्म उनके खिलाफ गई

गावस्कर ने गिल को बाहर किए जाने को हैरान करने वाला बताया, लेकिन कहा कि शायद फॉर्म और लय की कमी उनके खिलाफ गई। उन्होंने कहा यह हैरानी भरा फैसला है। वह एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं जिनका 2024 टी20 विश्व कप के बाद सत्र शानदार रहा। हां, उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुछ मैचों में संघर्ष करना पड़ा। लेकिन 'क्लास (कौशल)' स्थायी होती है और फॉर्म अस्थायी। उन्होंने कहा वह लंबे ब्रेक के बाद वापसी कर रहे थे और लय में नहीं थे। टी20 क्रिकेट में शुरुआत से ही आक्रमण करना होता है, अगर लय नहीं हो तो मुश्किल हो जाती है। उनका स्वाभाविक खेल टेस्ट क्रिकेट के ज्यादा अनुकूल है।